सूर्योदय प्रातः 5:47 सूर्यास्त संध्या 5:21 पखवाड़ा आश्विन शु. पूर्णिमा, संवत 2081 तापमान अधिकतम 28° न्यूनतम 22°



# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, गुरुवार, 17 अक्टूबर 2024, वर्ष : 15, अंक : 244, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter

### शेयर बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,501.36 | -318.76 (-0.39%) |
| निफ्टी | 24,971.30 | -86.05 (-0.34%) |

### सर्राफा बाजार (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| 24 carat सोना | 77,890.00 |
| चांदी | 970.00 |

# केन्द्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत की वृद्धि

■ केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने महंगाई की भरपाई के लिए मूल वेतन या पेंशन की 50 प्रतिशत की मौजूदा दर से तीन प्रतिशत की अतिरिक्त वृद्धि को दी मंजूरी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केन्द्र सरकार ने 01 जुलाई से अपने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) और पेंशनभोगियों की महंगाई राहत (डीआर) में तीन प्रतिशत का इजाफा किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में महंगाई की भरपाई के लिए मूल वेतन या पेंशन की 50 प्रतिशत की मौजूदा दर से तीन प्रतिशत की अतिरिक्त वृद्धि को मंजूरी दी गयी। केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी।

सरकार के अनुसार यह वृद्धि 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित स्वीकृत फॉमूर्ले के अनुसार है। डीए और डीआर के चलते सरकारी खजाने पर प्रति वर्ष 9,448.35 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। इससे करीब 49.18 लाख कर्मचारियों और 64.89 लाख पेंशनभोगियों को फायदा होगा।

केंद्रीय कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता बढ़ाने का एलान जुलाई से दिसंबर महीने तक के लिए किया गया है। ऐसे में कर्मचारियों को अक्तूबर महीने के वेतन के साथ जुलाई, अगस्त और सितंबर महीने के एरियर का भी भुगतान किया जायेगा।




## रबी सीजन के लिए फसलों की एमएसपी में बढ़ोतरी

**केन्द्र** सरकार ने रबी विपणन सीजन 2025-26 के लिए सभी अनिवार्य फसलों पर भी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी दी है। मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने एमएसपी में बढ़ोतरी को मंजूरी प्रदान की। इस बाबत एवं प्रसारण मंत्री अश्विन वैष्णव ने बताया कि सरकार ने उत्पादकों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए एमएसपी में वृद्धि की है। सबसे ज्यादा बढ़ोतरी रेपसीड और सरसों में 300 रुपये प्रति क्विंटल की गयी है। फैसलों के अनुसार गेहूं पर ● शेष पृष्ठ 11 पर

## उत्तर प्रदेश में 2,642 करोड़ की रेल परियोजना को मंजूरी

**केन्द्रीय** मंत्रिमंडल की बैठक में 2,642 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश के साथ वाराणसी-पंडित दीनदयाल उपाध्याय मल्टी-ट्रैकिंग रेल परियोजना के निर्माण को मंजूरी दे दी गयी। इस परियोजना में गंगा नदी पर एक नया रेल-सह-सड़क पुल भी शामिल है। केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मालवीय पुल 137 साल पुराना है। अब एक नया पुल बनाने का निर्णय लिया गया है, जिसमें निचले डेक पर 4 रेलवे लाइनें और ऊपरी डेक पर 6-लेन राजमार्ग होगा। ● शेष पृष्ठ 11 पर

केन्द्र सरकार का बड़ा फैसला, एनएसजी की जगह लेंगे सीआरपीएफ जवान

# राजनाथ, योगी और आडवाणी समेत 09 नेताओं की सुरक्षा से हटेंगे एनएसजी कमांडो

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केन्द्र सरकार ने नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) को वीआईपी सिक्योरिटी से हटाने का अहम फैसला बुधवार को लिया है। इन कमांडोज की जगह केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीअरपीएम) के जवान लेंगे। यह आदेश अगले माह से लागू हो जायेगा। देश में मौजूदा समय में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व लाल कृष्ण आडवाणी समेत 09 ऐसे नेता हैं, जिन्हें सिक्योरिटी के तौर पर एनएसजी के ब्लैक कैट कमांडो मिले हुए हैं। केन्द्र सरकार ने बुधवार को ● शेष पृष्ठ 11 पर



### इन्हें मिले हैं एनएसजी कमांडो

**फिलहाल,** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, पूर्व उप-प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बसपा सुप्रीमो मायावती, केन्द्रीय जहाजरानी मंत्री सबार्नंद सोनोवाल, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह, जम्मू और कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद, एनसी नेता फारूक अब्दुल्ला और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की सुरक्षा में एनएसजी कमांडो तैनात हैं। केन्द्र के नये आदेश के बाद इनके पास से ये कमांडो हटा लिये जायेंगे।

## आईएएस अलका तिवारी बन सकती हैं झारखंड की मुख्य सचिव

**रांची :** आईएएस अलका तिवारी को झारखंड का अगला मुख्य सचिव बनाया जा सकता है। केन्द्र सरकार ने आईएएस अलका तिवारी को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से उनके मूल कैडर झारखंड में वापस करने का आदेश जारी किया है। सूत्रों का कहना है कि उन्हें मुख्य सचिव के पद पर पदस्थापित किया जा सकता है। अलका तिवारी 1988 बैच की आईएएस हैं। वह झारखंड के कई जिलों में डीसी के पद पर भी काम कर चुकी हैं। वर्तमान में झारखंड में मुख्य सचिव के पद पर आईएएस एल ख्यांगते पदस्थापित हैं। एल ख्यांगते इसी माह 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त होंगे।

## देवघर का सिविल सर्जन 70 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**देवघर :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने बुधवार को देवघर के सिविल सर्जन डॉ. रंजन सिन्हा को 70 हजार घूस लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। नर्सिंग होम का लाइसेंस रेन्युअल कराने के नाम पर सिविल सर्जन अपने बेलाबगान स्थित आवास नवजीवन हॉस्पीटल एण्ड रिसर्च सेंटर पर घूस ले रहे थे। गिरफ्तारी के बाद टीम उन्हें दुमका ले गयी। एसीबी के अनुसार बंगाल के नार्थ आसनसोल निवासी मो. महफूज आलम ने लिखित आवेदन दिया था कि कॉलेज रोड मधुपुर में आवेदक ने वर्ष 2020 में बंगाल



नर्सिंग होम के नाम से एक दस बेड के हॉस्पीटल की शुरूआत की थी। इनके नर्सिंग होम का 09 जून तक का प्रोविजनल प्रमाण पत्र का रेनुवल कराना था। इस बीच इनके गॉल ब्लाडर का ऑपरेशन होने के कारण आवेदक ने 24 दिन की देरी से 03 जुलाई को प्रमाण पत्र ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### अकासा एयर की दिल्ली-बेंगलुरु फ्लाइट में बम की धमकी

**नयी दिल्ली :** अकासा एयर की दिल्ली से बेंगलुरु जा रही फ्लाइट को बम की धमकी मिली है। इस फ्लाइट पर इमरजेंसी रिस्पांस टीम की नजर है। इसे नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर डायवर्ट किया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पिछले दो दिनों में कई एयरलाइनों को ऐसी धमकियां मिली हैं। सात क्रू मेंबर सहित 174 यात्रियों को ले जा रही इस एयरलाइन की फ्लाइट पर इमरजेंसी रिस्पांस टीम की नजर है, जिसको दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर डायवर्ट किया गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले तीन दिनों में विमानों में बम की धमकी की ये 12वीं घटना है। अकासा एयर को सोशल मीडिया के जरिए बम की धमकी मिली थी।

### मुख्य चुनाव आयुक्त के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

**देहरादून/पिथौरागढ़ :** केंद्रीय मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के हेलीकाप्टर की पिथौरागढ़ जिले में आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी है। बताया गया है कि खराब मौसम के चलते मुनस्यारी के रालम में यह इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है। इसमें सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी विनोद गिरि गोस्वामी ने फोन पर हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि केंद्रीय मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के हेलीकॉप्टर की आपातकालीन लैंडिंग कराई गई है और वे सुरक्षित हैं।

केंद्रीय मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार उत्तराखंड प्रवास पर थे। वे हेलीकाप्टर से मिलम की ओर जा रहा था लेकिन रास्ते में खराब मौसम के चलते उनके हेलीकाप्टर को आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। केंद्रीय मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ उत्तराखंड के अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे भी उपस्थित थे।

### ईडी ने एन. चंद्रबाबू नायडू को दी क्लीन चिट


**हैदराबाद/नयी दिल्ली :** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित 371 करोड़ रुपये के कौशल विकास निगम घोटाला मामले में क्लीन चिट दे दी है। इसी मामले में नायडू को 53 दिन जेल में बिताना पड़ा था। जमानत पर रिहा होने के बाद आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव में बहुमत मिलने के बाद वे मुख?यमंत्री बने और अब ईडी से क्लीन चिट मिलने के बाद उन्हें बड़ी राहत मिली है। हालांकि, ईडी ने आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की है लेकिन सूत्रों ने बुधवार को बताया कि एक दिन पहले मंगलवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को कथित तौर पर 371 करोड़ रुपये के कौशल विकास निगम घोटाला मामले में क्लीन चिट दी गई है।

## अंदर के पन्नों पर

3 'सुविधा' एप्प से प्रत्याशियों को नामांकन प्रक्रिया...
5 डीसी ने चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों से...
7 आपराधिक संगठन बना कर दहशत फैला रहे 06...
9 107.87 करोड़ की परियोजना का उद्घाटन...
10 पाकिस्तान पहली पारी में 366 पर ऑलआउट...

आदर्श आचार संहिता के बाद पहली कार्रवाई

# 06 लाख 22 हजार नकदी के साथ एक गिरफ्तार



■ महारानी बस में बैग में भर कर ले जा रहा था पैसे, चुनाव के मद्देनजर प्रशासन सतर्क

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**चौपारण :** आदर्श आचार संहिता लगने के बाद प्रशासन की पहली कार्रवाई की है। आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता के दौरान 16 अक्तूबर को करीब 08:30 बजे चौपारण थाना गेट के सामने संयुक्त वाहन चेकिंग के दौरान अंचलाधिकारी संजय कुमार यादव चौपारण एवं पुअनि बिंदेश्वर महतो एवं अन्य बलों द्वारा महारानी बस संख्या इफ 02 PC-0351 में सवार एक व्यक्ति के पास से एक थैले में रखे ● शेष पृष्ठ 11 पर

## कांडला में दम घुटने से 5 लोगों की मौत

**भुज :** गुजरात के कच्छ जिले के कांडला की औद्योगिक इकाई में बीती रात दम घुटने से 5 लोगों की मौत हो गई। बताया गया कि कांडला की इमामी एग्रोटेक कंपनी में सुपरवाइजर वाटर टैंक का ड्रेनेज सिस्टम देखने गया था। सुपरवाइजर के अंदर जाने के बाद उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर 4 अन्य लोग भी अंदर गए.इन सभी की ड्रेनेज सिस्टम के अंदर दम घुटने से मौत हो गई। कंपनी की ओर से सभी मृतकों के परिजनों को 10-10 रुपये देने की घोषणा की गई है।

# प्रधानमंत्री मोदी बने भाजपा के पहले सक्रिय सदस्य

पीएम ने किया पार्टी के सदस्यता अभियान का शुभारम्भ

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा के देशभर में चलाये जानेवाले सक्रिय सदस्यता अभियान का बुधवार को शुभारम्भ किया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के सदस्यता अभियान के संयोजक विनोद तावड़े की मौजूदगी में प्रधानमंत्री मोदी पार्टी के पहले सक्रिय सदस्य बने। इसी के साथ उन्होंने पार्टी के सक्रिय सदस्यता अभियान का शुभारम्भ भी कर दिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पोस्ट में कहा कि विकसित भारत बनाने के हमारे प्रयास को गति देते हुए



भाजपा का प्रथम सक्रिय सदस्य बनने पर वह गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की उपस्थिति में सक्रिय सदस्यता अभियान का शुभारम्भ कर रहे हैं। यह एक ऐसा आन्दोलन है, जो जमीनी स्तर पर हमारी पार्टी ● शेष पृष्ठ 11 पर

## सीबीआई में बढ़ रही है महिला अधिकारियों की भागीदारी : सूद

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के निदेशक प्रवीण सूद ने कहा कि सीबीआई में महिला अधिकारियों की भागीदारी बढ़ रही है। यह शुभ संकेत है। सूद बुधवार को गाजियाबाद जिले में स्थिति सीबीआई अकादमी में दीक्षांत समारोह को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे।

सूद ने अधिकारियों से कहा कि वे सीबीआई के संगठनात्मक लक्ष्य को ध्यान में रखें। यह उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने सलाह दी कि वे अनुभवों से सीखते रहें तथा चुनौतियों या असफलताओं से कभी निराश न हों, क्योंकि इससे उन्हें अपने ज्ञान एवं विशेषज्ञता को बढ़ाने का अवसर मिलेगा। समारोह में सीबीआई के वरिष्ठ अधिकारियों में सम्पत मीना, अपर निदेशक; मनोज शशिधर, अपर निदेशक; एन वेणुगोपाल, अपर निदेशक; एवाईवी कृष्णा, अपर निदेशक, डॉ. पद्मिनी सिंह, अभियोजन निदेशक सहित अन्य विभागों एवं स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

## हरियाणा में भाजपा की जीत का संदेश देशभर में : शाह

एजेंसी

**चंडीगढ़ :** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली जीत का संदेश देशभर में गया है। हरियाणा से शुरू हुआ भाजपा का विजय रथ अब कहीं नहीं रुकेगा।

केन्द्रीय मंत्री शाह बुधवार को पंचकूला में भाजपा विधायक दल की बैठक के बाद प्रदेशभर के विधायकों को सम्बोधित कर रहे थे। इस बैठक में केन्द्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, कृष्णपाल गुर्जर, राव इंद्रजीत समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक में अमित शाह ने कहा



■ अमित शाह ने जीत का श्रेय नायब सैनी को देकर थपथपाई पीठ

■ विधायकों की बैठक को केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने किया संबोधित

कि इस जीत का हरियाणा के लिए विशेष महत्त्व है। वर्ष 1966 से लेकर आजतक किसी भी दल की तीसरी बार हरियाणा में सरकार नहीं बनी है। गृहमंत्री ने नायब सैनी की पीठ थपथपाते हुए कहा कि हरियाणा में आजतक ऐसा कोई मुख्यमंत्री नहीं ● शेष पृष्ठ 11 पर

## बिहार के सीवान में जहरीली शराब पीने से 04 लोगों की मौत, 11 बीमार

एजेंसी

**पटना/सीवान :** बिहार में सीवान जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्रान्तर्गत कौड़ियां पंचायत और आसपास के गांवों में संदिग्ध परिस्थितियों में चार लोगों की मौत हो गयी है। ग्यारह बीमार व्यक्तियों को समुचित इलाज के लिए सदर अस्पताल सीवान और पीएमसीएच पटना भेजा गया है। इनमें से सदर अस्पताल में आठ व्यक्तियों का इलाज जारी है। इस घटना के बाद से जिला प्रशासन में हड़कम्प मचा हुआ है। मृतकों के परिजनों के अनुसार 12 से ज्यादा लोगों की जहरीली शराब पीने से मौत हुई है। महाराजगंज के एसडीएम अनिल कुमार ने इस घटना पर दुख जताते हुए कहा कि प्रथम द्दष्टया शराब पीने से मौत लग रही है। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

मृतकों में कौड़िया वैश्य टोला के अरविंद सिंह (40), रामेंद्र सिंह (30), माघर पोखरा के संतोष महतो (35) और मुन्ना कुमार (32) हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कौड़िया वैश्य टोला के अरविंद सिंह की रात में ही परिजनों ने अन्त्येष्टि कर दी।

एससीओ शिखरवार्ता सम्पन्न, स्वदेश लौटे विदेश मंत्री

# निष्पक्ष, समावेशी व पारदर्शी बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली पर रहा जोर

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर पाकिस्तान में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की शिखरवार्ता में प्रतिभाग करने के बाद बुधवार को स्वदेश लौट आये। उन्होंने 'एक्स' पोस्ट में यह जानकारी दी।

जयशंकर ने बताया कि एससीओ शासनाध्यक्षों (सीएचजी) की परिषद की एक सार्थक बैठक बुधवार को इस्लामाबाद में सम्पन्न हुई। भारतीय परिप्रेक्ष्य से बैठक में 08 प्रमुख निष्कर्ष निकले हैं। इसमें डब्ल्यूटीओ को मूल में रखते हुए नियम आधारित, गैर-भेदभावपूर्ण, खुले, निष्पक्ष,



समावेशी और पारदर्शी बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली पर फिर से जोर दिया गया। बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली को कमजोर करनेवाले और वैश्विक सतत विकास में बाधा डालने वाली संरक्षणवादी कार्रवाइयों, एकतरफा प्रतिबंधों और व्यापार प्रतिबंधों का विरोध किया गया। इसके साथ ही भारत ने एससीओ सीएचजी की अध्यक्षता संभालने पर रूस को अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने के लिए एससीओ मिशन लाइफ से प्रेरणा ले रहा है। मोटा अनाज जैसे जलवायु-लचीले और पौष्टिक अनाज के उपयोग को बढ़ावा देकर वैश्विक खाद्य सुरक्षा और पोषण को बढ़ावा दिया जायेगा। इस बात पर जोर दिया गया कि अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और एससीओ चार्टर के लक्ष्यों और सिद्धांतों के अनुसार निष्पक्ष और संतुलित कनेक्टिविटी परियोजनाओं को कायम रखा जाये।

### पाकिस्तान में एससीओ की बैठक में एस. जयशंकर ने कहा...

## आतंक और व्यापार साथ-साथ नहीं चल सकते

**विदेश** मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने बुधवार को इस्लामाबाद में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की शिखरवार्ता में याद दिलाया कि संगठन के चार्टर में आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद को स्पष्ट रूप से चुनौती माना गया है। ऐसे में सीमा पार से इस तरह की गतिविधियां होती रहेंगी, तो सहयोग विशेषकर क्षेत्रीय सहयोग सम्भव नहीं है। साथ ही, उन्होंने कहा कि सहयोग आपसी सम्मान और सम्प्रभुता पर आधारित होना चाहिए। उन्होंने कहा, 'यदि सीमा पार की गतिविधियां- आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद होंगी, तो समानांतर रूप से व्यापार, ऊर्जा प्रवाह, कनेक्टिविटी और लोगों से लोगों के बीच आदान-प्रदान के प्रोत्साहन की सम्भावना नहीं होंगी।'

## एक झलक

### आगामी विधानसभा चुनाव को सफल बनाने को लेकर हुई बैठक

**बुढ़मू** : आगामी विधानसभा चुनाव के सफल आयोजन को लेकर बुधवार को बुढ़मू अंचल कार्यालय में अंचलाधिकरी सच्चिदानंद कुमार वर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड के सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। सीओ ने सभी नेताओं को आदर्श आचार संहिता पालन करने का निर्देश देते हुए अनेक जानकारियां दिया। साथ ही जगह जगह लगे विभिन्न पार्टियों के झंडा व बैनर को भी हटाया गया। मौके पर बीडीओ धीरज कुमार, थाना प्रभारी रितेश कुमार महतो, जीप सदस्य रामजीत गंझु, आजसू प्रखंड अध्यक्ष सह प्रखंड प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, उपप्रमुख सह भाजपा के वरिष्ठ नेता हरदेव साहू, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष भुवनेश्वर साहू समेत दर्जनों प्रतिनिधि शामिल हुए।

### विधानसभा चुनाव के मद्देनजर झारखंड/बंगाल सीमा पर बरलंगा पुलिस ने लगाया चेकनाका



**गोला (रामगढ़)** : भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी करने के साथ हीं चुनावी आचार संहिता लागू हो गई है। इसी के मद्देनजर बरलंगा पुलिस द्वारा बुधवार दोपहर से झारखंड/प.बंगाल की सीमा पर डाकागढ़ा के पास चेकनाका लगाया गया है। प्रशासन के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार ये कदम उच्चाधिकारियों के दिशानिर्देश पर किया गया है। ज्ञात हो कि पिछले पखवाड़े झारखंड पुलिस एवं प.बंगाल पुलिस के द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए संयुक्त बैठक की गई थी तथा सहमति बनी थी कि चुनाव को प्रभावित करने वाली किसी भी गतिविधि को सख्ती से रोका जा सके तथा साफ सुथरी चुनाव को सम्पन्न किया जा सके।

### मतदान केन्द्रों पर सुविधाओं को दुरुस्त करने के निर्देश

**खूंटी** : विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर मतदान केंद्रों पर एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी-एएमएफ सुविधाओं को दुरुस्त करने को लेकर बुधवार को सभी छह प्रखंडों में स्थित स्कूलों के प्रधानाध्यापकों के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से मतदान केंद्रों एवं क्लस्टर पर एएमएफ सुविधा को दुरुस्त करने पर चर्चा की गई। एएमएफ सुविधा के तहत पेयजल, शौचालय, विद्युत, रैंप आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, ताकि विधानसभा चुनाव में मतदान करने कें लिए आनेवाले मतदाताओं एवं क्लस्टर पर मतदान कर्मियों और सुरक्षा बलों को कोई समस्या न हो और उन्हें मूलभूत सुविधा मुहैया कराई जा सके।

### अधिकारियों-कर्मचारियों को दिया मतदान प्रक्रिया का प्रशिक्षण

**खूंटी** : विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रशिक्षण कोषांग ने बुधवार को लोयोला इंटर कॉलेज खूंटी और बिरसा कॉलेज खूंटी में मतदान प्रक्रिया से जुड़े प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से अड़की एवं कर्रा प्रखंड-अंचल कार्यालय के पदाधिकारियों, कर्मियों और शिक्षकों को निर्वाचन कार्य से संबंधित गहन प्रशिक्षण दिया गया। तीन पालियों में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान निर्वाचन प्रक्रिया, इवीएम वीवीपैट की तकनीकी जानकारी, निर्वाचन मार्गदर्शिका से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई, ताकि विधानसभा चुनाव में सभी गाइड लाइंस का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए सफलता पूर्वक चुनाव संपन्न कराया जा सके।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों संग की बैठक

# आदर्श आचार संहिता का करें पालन : चंदन कुमार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन 2024 की अधिसूचना जारी किए जाने के उपरांत बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने समाहरणालय सभा कक्ष में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया। इस दौरान सभी को जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन 2024 की




अधिसूचना जारी किए जाने के उपरांत से आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। मौके पर उनके द्वारा विधानसभा क्षेत्र रामगढ़ जिले में 22 बड़कागांव, 23 रामगढ़ एवं 24 मांडू विधानसभा अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों की जानकारी दी गयी। मौके पर उपायुक्त ने सभी प्रतिनिधियों को पेड न्यूज मॉनिटरिंग, एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग आदि के तहत किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी वहीं उन्होंने आदर्श आचार्य संहिता का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता ने उपस्थित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को पीपीटी के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के दौरान क्या करें क्या ना करें इस संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

## खूंटी में आदर्श आचार संहिता का पूरा अनुपालन सुनिश्चित करायें अधिकारी : दीपेश कुमारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी** : अनुमंडल पदाधिकारी खूंटी सह वरीय प्रभारी पदाधिकारी, आदर्श आचार संहिता कोषांग दीपेश कुमारी ने बुधवार को कार्यालय कक्ष में सभी संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक कर अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि फ्लाइंग स्क्वायड टीम, स्टेटिक सर्विलांस टीम समेत अन्य संबंधित लोग पूरी सक्रियता से अपने दायित्व का निर्वहन करें। जारी निषेधाज्ञा का अनुपालन कराने के अतिरिक्त चेकिंग अभियान समेत अन्य कार्रवाई प्राथमिकता के आधार पर करें और की जाने वाली सभी कार्रवाई की रिपोर्ट ससमय साझा करें। अनुमंडल पदाधिकारी ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की भी बात कही। बैठक में डीसीएलआर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी समेत आदर्श आचार संहिता के अन्य सभी प्रभारी पदाधिकारी और सहायक पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## निगरानी दल एवं उड़न दस्ता दल के पदाधिकारियों का हुआ प्रशिक्षण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन 2024 की अधिसूचना जारी किए जाने के उपरांत बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के उद्देश्य से स्थैतिक निगरानी दल एवं उड़न दस्ता दल में प्रतिनियुक्ति पदाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियो का जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी को जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन 2024 की अधिसूचना जारी किए जाने के उपरांत से आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। चुनाव को




सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने हेतु जिले के 7 चेक नाका स्थलों पर स्थैतिक निगरानी दल एवं 6 उड़न दस्ता दल का गठन किया गया है। जो जिले में आने जाने वाले वाहनों पर निगरानी रखेगी।इस दौरान किए जाने वाले सभी कार्यों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई साथ ही उपस्थित सभी स्थैतिक निगरानी दल एवं उड़न दस्ता दल के प्रतिनियुक्ति प्रभारी पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारियों की कठिनाइयों को भी दूर किया गया। बैठक के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता ने ईएसएमएस ऐप एवं सी विजिल ऐप की कार्यों को भी विस्तार पूर्वक सभी प्रतिनियुक्ति पदाधिकारियों को जानकारी दी गई। बैठक में मुख्य रूप से निवार्ची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी, निवार्ची पदाधिकारी 22 बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र सह भूमि सुधार उप समाहर्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित

## खूंटी में पेट्रोल पंपों पर चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**खूंटी** : विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही खूंटी जिले में राजनीतिक गतिविधि तेज हो गई है। जिला प्रशासन भी स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चला रहा हैं। इसी कड़ी में बुधवार को जिले के कई पेट्रोल पंपों पर मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान पेट्रोल पंप पर आने वाले ग्राहकों और पंप पर कार्यरत कर्मियों को खूंटी और तोरपा विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को होने वाले मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर जागरूक मतदाता के रूप में पहचान पत्र दिखाने वाले ग्राहकों को पुरस्कृत भी किया गया। साथ ही सभी कर्मियों एवं ग्राहकों को मतदाता प्रतिज्ञा दिलाते हुए लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया।

## जम्हूरियत को बेचने में लगे हैं भाजपा व चुनाव आयोग : झामुमो




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने हेमंत सरकार के पिछले पांच साल के कार्यकाल की उपलब्धियां और चुनौतियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जब 2019 के चुनाव में बहुमत लाकर सरकार में आए तो कोरोना से उनका स्वागत हुआ। दो साल कोरोना की लड़ाई में बीत गए। जब इससे बाहर आए तो फिर सरकार को गिराने की साजिश शुरू हो गई लेकिन एक-एक कर हर चीज से निपटने में सरकार सफल साबित हुई। अब चुनाव की घोषणा हो गई है फिर से चुनावी मैदान में जाना है। भट्टाचार्य बुधवार को पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड में सरकार ने युवाओं और छात्रों के लेकर काम किया है। अब चुनाव में इन उपलब्धियों को लेकर जनता के पास जायेंगे। उन्होंने कहा कि पहले हरियाणा का चुनाव महाराष्ट्र के साथ होता था लेकिन इस बार हरियाणा में अकेले चुनाव कराया गया और झारखंड महाराष्ट्र एक साथ हो रहा है। यह बताने को काफी है कि किसके इशारे पर चुनाव आयोग कम कर रहा है। उन्होंने कहा कि एक फिल्म आई थी बंटी और बबली। इसमें ताजमहल को बेचा था। ऐसे ही बंटी और बबली भाजपा और चुनाव आयोग हो गये हैं, जो जम्हूरियत को बेचने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि पहले चरण में 43 सीटों पर ही चुनाव की घोषणा क्यों हुई, 47 भी हो सकती थी। इसमें मांडू और रामगढ़ और खिजरी का नाम नहीं है। सुप्रियो ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि कुछ तो लोग कहेंगे लोगों का काम है कहना छोड़ो बेकार की बातें।

## फरार है लव जिहाद का मास्टरमाइंड शरीफुल, पुलिस पीट रही लकीर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : शहर में लव जिहाद का मास्टरमाइंड शरीफुल अंसारी अभी भी पुलिस के गिरफ्त से फरार है। घटना के एक महीने के बाद भी पुलिस सिर्फ लकीर ही पीट रही है। उसने पहले तो एक युवती को शादी का झांसा दिया और 8 महीने तक उसका शारीरिक शोषण किया। जब मामला थाने तक पहुंचा, तो उसने माइक्रो फाइनेंस कंपनी के लाखों रुपए भी गटक लिए। दोनों मामलों में रामगढ़ थाना पुलिस को कुछ खास हाथ नहीं लगा है। रामगढ़ पुलिस एक महीने से सिर्फ सबूत को जुटा रही है। वह घटनास्थल का मुआयना कर रही है। लेकिन पुलिस की सारी गतिविधियों से दूर शातिर अपराधी शरीफुल मस्ती की जिंदगी जी रहा है। वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव है, लेकिन पुलिस अभी तक उसे ट्रेस नहीं कर पा रही है। रामगढ़ शहर में किसान नगर और कॉलेज गेट के पास शरीफुल अंसारी ने अपना ठिकाना बना रखा था। उसने अलग-अलग समय में उन दोनों स्थानों पर किराए पर रूम लिया था। जहां वह भोली भाली लड़कियों को बहला फुसला कर उसका शारीरिक शोषण करता था। पिछले 24 घंटे में पुलिस ने उसके कई ठिकानों का जायजा लिया है। जिस स्थान पर वह लड़की का शारीरिक शोषण करता था वहां के आसपास के लोगों से पूछताछ की है। लोगों ने पुलिस को यह बताया कि शरीफुल अपने साथ लड़कियों को रखता था। एक लड़की तो काफी लंबे वक्त तक उसके साथ रही थी। जानकारी के अनुसार शरीफुल के खिलाफ रामगढ़ थाना में मामला दर्ज करने वाली युवती को धमकियां मिल रही है। शरीफुल ने यहां तक कहा है कि पुलिस उसका कुछ बिगाड़ नहीं सकती। वह पुलिस की पहुंच से काफी दूर है।

## ईवीएम पर हार का ठीकरा फोड़ना झामुमो की निराशा : अजय साह

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य की पत्रकार वार्ता पर बुधवार को तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि भट्टाचार्य ने संवैधानिक संस्थाओं, विशेष रूप से चुनाव आयोग को अनुचित रूप से निशाना बनाया और चुनाव आयोग की गरिमा को गिराने का प्रयास किया है। अजय साह ने कहा कि हरियाणा चुनाव में मिली हार की समीक्षा करने की बजाय, उन्होंने इसका पूरा ठीकरा ईवीएम पर फोड़ दिया। साथ ही चुनाव आयोग और केंद्रीय जांच एजेंसियों के खिलाफ इस्तेमाल किए गए अपमानजनक शब्दों से झामुमो की हताशा और निराशा स्पष्ट हो रही है। यह वही



लोग हैं, जिन्होंने ईवीएम के माध्यम से विधायक बनी कल्पना सोरेन को लोकतंत्र की जीत बताया था। लोकसभा में भारी हार के बावजूद अपनी जीती हुई कुछ सीटों को लोकतंत्र की जीत बता रहे थे। उन्होंने कहा कि झामुमो आज जिस राजद की गोदी में बैठी है वो राजद वही पार्टी है, जिसके शासन में बिहार में बूथ कैप्चरिंग एक सामान्य घटना थी। ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे कि झामुमो के अंदर कांग्रेस का डीएनए प्रवेश कर रहा है और तभी कांग्रेस की राह पर चल कर ये सर्वैधानिक संस्थाओं को बदनाम कर रहे है। हेमंत सरकार झारखंड के इतिहास में सबसे भयभीत और सहमी हुई सरकार है और यह भय जनता के भारी आक्रोश की वजह से है ।

साह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर झामुमो द्वारा लगाए गए आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि यह दावा कि विधानसभाओं को जानबूझकर इस प्रकार चुनाव में बांटा गया ताकि प्रधानमंत्री का भाषण एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र को प्रभावित कर सके, झूठा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता हैं और यदि वे अमेरिका में भी भाषण देंगे, तो झारखंड के लोग उन्हें सम्मानपूर्वक सुनेंगे।

## दुर्गा पूजा में शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर पुलिस प्रशासन का आभार जताया

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मुरी** : श्री श्री वैष्णवी दुर्गा मंदिर पूजा समिति पुराना बाजार छोटा मुरी एवं सिल्ली मुरी के सभी पुजा पंडालों की ओर से पूजा में शांति व्यवस्था बनाए रखने, उनकी परस्पर सहभागिता एवं पूजा शांतिपूर्ण बीतने को लेकर पूजा समिति के अध्यक्ष तुलसी महतो ने तीनो थाना प्रभारी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद एवं शुभकामनाएं भी दी है और कहा कि उनके निरंतर सहयोग एवं प्रयास के बदौलत पूजा सुचारू रूप से संपन्न हो गया। किसी प्रकार की अड़चने नहीं आयी, बिना उनके सहयोग के संभव नहीं था। श्री महतो ने यह भी कहा कि पूजा में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर समिति के उड़न दस्ता के सभी सदस्यों एवं नारी शक्ति की सभी महिलाओं को भी पूजा के सफल संचालन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। बताया कि समिति की पहल पर इस वर्ष से नारी महिला समिति को पूजा में सहभागिता निभाने को लेकर तथा उन्हें एकजुट होकर पूजा में भागीदारी बनाने का मौका मिला,अच्छा कदम साबित हुआ। जो पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## राज्य में बदला मौसम का मिजाज 17-18 को गरज के साथ होगी बारिश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : राजधानी रांची में मौसम का मिजाज बुधवार को बदला। आकाश में काले बादल छा गए और देखते ही देखते झमाझम बारिश होने लगी। बादल भी गरजने लगे। मौसम विभाग ने पूवार्नुमान में बताया कि राज्य के नौ जिलों में मौसम का मिजाज बदल सकता है। गरज के साथ बारिश हो सकती है। जिन जिलों के लिए पूवार्नुमान जारी किया है, उनमें रांची, खूंटी, लोहरदगा, रामगढ़, धनबाद, गुमला, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां जिले शामिल हैं। मौसम केंद्र ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में डिप्रेशन की वजह से मौसम ने कर-वट ली है। इस कारण बादल छाए हुए हैं और बारिश भी हो रही है। इसका येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, 17 और 18 अक्टूबर को राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश और वज्रपात की संभावना है। रांची सहित देवघर, धनबाद, गोड्डा, दुमका, गिरिडीह, जामताड़ा, पाकुड़ साहेबगंज, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सिमडेगा में 17 अक्टूबर को हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है जबकि 18 अक्टूबर को भी बारिश की संभावना है। इसके बाद 19 अक्टूबर से मौसम साफ हो जाएगा। इसके साथ न्यूनतम तापमान में गिरावट आयेगी। इस गिरावट की वजह से सुबह और शाम ठंड महसूस होने लगेगी। बुधवार को देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ व साहिबगंज में अधिकतम 33 और न्यनूतम 24 डिग्री, कोडरमा, चतरा, गढ़वा, लातेहार, लोहरदगा, पलामू में अधिकतम 33 डिग्री व न्यूनतम 23 डिग्री रहा। वहीं रांची, हजारीबाग, खूंटी, गुमला में अधिकतम 31 और न्यूनतम 21 डिग्री दर्ज किया गया। आईएमडी ने लोगों से आग्रह किया है कि मौसम खराब रहने पर यदि आप घर से बाहर हैं, तो सतर्क रहने की जरूरत है। ऐसी स्थिति में आप सुरक्षित स्थान पर ही ठहरें।

## चुनाव कार्य की तैयारी को लेकर बीडीओ ने की बैठक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो** : आदर्श आचार संहिता लगने के बाद प्रखंड कार्यालय के साभागार में बुधवार को आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बीडीओ राहुल उरांव की अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक में चुनाव संबंधी जानकारी देते हुए बीडीओ ने कहा कि चुनाव कराना प्रशासन का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। इसमें किसी भी प्रकार के लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शत प्रतिशत मतदान और सफल चुनाव कराना हमारा कर्तव्य है। आगामी एक महीना का समय हम सबके लिए चुनौती पूर्ण है। इस चुनौती का सामना हमें टीम भावना के साथ करना है। उन्होंने एफएसटी व एसएसटी सहित अन्य



कार्यों की जिम्मेदारी को विस्तार पूर्वक समझाया।जिसमें एसटी के लिए दो चेक पोस्ट बनाया जाएगा एक केशा मोड़ में और दूसरा पूरना पानी में जहां शिफ्ट वाइज अधिकारी व कर्मी की नियुक्ति की गई है यह सबसे महत्वपूर्ण कार्य है इसे पूरी सतर्कता से निभाने की जरूरत है। वहीं सीओ प्रताप मिंज ने बताया कि इस बार वोट प्रतिशत को बढ़ाने के लिए कई उपाय किए गए हैं। जिसमें प्रति घंटा 120 मतदाता को वोट करना सुनिश्चित करना है। यानी प्रति मिनट दो व्यक्तियों का मतदान संपन्न करना हम सब का दायित्व है। इसके लिए आवश्यक तैयारियां समय से पहले सुनिश्चित कर लिया जाना है। उन्होंने फार्म बी के संबंध में बताया कि फार्म बी 85 वर्ष या उससे अधिक के बुजुर्गो के लिए भरा जाना है जो मतदान केंद्र तक आने में सक्षम नहीं है। यह फॉर्म 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग जनों के लिए भी भरा जाना है। जिसमें दिव्यांगता का प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है। सफल चुनाव करना हम सब की जिम्मेदारी है। मौके पर बीपीओ संजय तिर्की प्रधान लिपिक फारूक नदीम इलेक्शन प्रभारी राजेश कुमार नायक, सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, कनिय अभियंता सद्दाम हुसैन, दुर्गा ताना भगत, सुरेश लिंडा, अभय आशीष कोया,परमानंद के अलावे विभाग के पदाधिकारी व कर्मी पंचायत सेवक, जन सेवक, रोजगार सेवक सहित अन्य उपस्थित थे।

## विधायक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कर्नाटक में फंसे झारखंड के 47 बंधक मजदूरों को छुड़ा कर सकुशल गंतव्य पहुंचाया

# ग्रामीणों की दर्दनाक दास्तां ने मेरे रोंगटे खड़े कर दिये : शिल्पी नेहा तिर्की

- सभी मजदूर रांची सकुशल वापस पहुंचे, कुल 24 परिवारों को जबरन बनाया गया था बंधक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो** : कर्नाटक के बेंगलूरु और हासन शहर में झारखंड के विभिन्न प्रांतों से ले जाए गए ग्रामीणों, मजदूरों के साथ शोषण एवं बंधक बनाने वाली एक सनसनीखेज घटना सामने आयी है। इसकी सूचना मिलते ही मांडर के विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने इसे संज्ञान में लिया



और त्वरित कार्रवाई करते हुए लोहरदगा एस पी से बात किया। साथ ही दो दिनों के भीतर उन्हें वापस रांची लाया गया। जहाँ से वे अपने-अपने गंतव्य की ओर जायेंगे। ज्ञात हो की दो दिन पहले एक अज्ञात नंबर से विधायक शिल्पी नेहा तिर्की को फोन आया। जिसमें फोन करने वाले ने अपनी आप बीती सुनाई। बहुत ही दयनीय स्थिति में लोग वहाँ रह रहे थे। उनके साथ मारपीट और सौतेला व्यवहार किया जाता था। उनपर झूठे चोरी के आरोप लगा कर जानबुझ कर प्रताड़ित किया जाता था। उन्हें पैसे भी नहीं दिए जाते थे। विधायक ने बताया कि इन बंधक बनाए गए मजदूरों में रांची जिले के बेड़ो प्रखंड के घाघरा व लापुंग प्रखंड के झिकी गांव के मजदूर शामिल थे। विधायक ने राँची रेलवे स्टेशन पर सकुशल पहुंचे झारखंड के विभिन्न जगहों के 47 बंधक मजदूरों का स्वागत किया। साथ ही उनकी आपबीती सुनीं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की बेंगलुरु की दास्तां सुन कर रोंगटे खड़े हो गए। उन्होंने कहा कि आज भी यहां के मजदूरों को जंगली वनवासियों की तरह देखा जाता है। इनके साथ की गई अमानवीय व्यवहार की दास्तां ह्रदय को विदीर्ण कर देती है। विधायक ने कहा कि आज के इक्कीसवीं सदी में इस अमानवीय हरकत को देख कर बहुत पीड़ा होती है। इससे निपटना मेरे लिए एक बड़ी चुनौती है। विधायक ने आचार संहिता का हवाला देते हुए सरकारी मदद नहीं कर पाने पर अफसोस जाहिर किया। वहीं अपने स्तर व अन्य लोगों के सहयोग से उन्हें अपने आवास व गंतव्य तक जाने में मदद किया। विधायक ने कहा कि सभी मजदूर बुधवार की सुबह अपने गंतव्य को चले गए। उन्होंने प्रवासियों के लिए रिलीफ पॉलिसी बनाए जाने तथा प्रदेश में ही मजदूरों के भविष्य को संवारने और सुरक्षित करने पर जोर दिया।

## माय लाइफस्टाइल मार्केटिंग शोपी का हुआ उद्घाटन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुढ़मू** : पिठोरिया बाजारटांड़ के समीप प्रोपराइटर सीता देवी के आवास पर माय लाइफ स्टाइल मार्केटिंग ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड शोपी का ओपनिंग कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची जिला प्रभारी हरिनाथ साहू द्वारा फिता काटकर शोपिंग सेंटर का उद्घाटन किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित ऑर्गनाइजेशन के टीम लीडर बलदेव साहू ने बताया माय लाइफस्टाइल मार्केटिंग ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से बेरोजगारी और बीमारी का समाधान रोजगार सृजन के साथ-साथ हर प्रकार के बीमारियों सहित खेती बाड़ी के लिए आयुर्वेदिक हर्बल प्रोडक्ट्स के द्वारा लाखों लोगों को रोग मुक्त रोजगार उपलब्ध करा रहा है। मौके पर मुख्य रूप से टीम कोऑर्डिनेटर प्रदीप ठाकुर, अशोक ठाकुर, शीला देवी, सुदर्शन ठाकुर चंदा देवी, कोमल केरकेट्टा, संध्या सिंह, पार्वती देवी कुमारी रोमा, सामाजिक न्याय के योद्धा प्रमोद प्रसाद गुप्ता,गणेश साहू, महेश कुमार, सुमित केसरी, मधु साहू सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित हुए।

## एक झलक

### समाजसेवी ने अपने निजी खर्च से एनएच 522 स्थित बड़े गड्ढे को भराने का किया कार्य

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत अल्पिटो पंचायत के ग्राम उपरैली बोदरा में विष्णुगढ़-बगोदर मुख्य मार्ग एनएच 522 के किनारे लंबे समय से एक बड़ा गड्ढा लगातार बड़ी दुर्घटना को निमंत्रण दे रहा था। मुख्य मार्ग होने की वजह से स्थानीय लोगों के अलावा लंबी दूरी के छोटे बड़े सभी प्रकार के वाहनों का भारी संख्या में आवागमन लगा रहता है। दिन में आवागमन करने वाले वाहन इस गड्ढे से सचेत भी हो जाते थे, लेकिन रात्रि में कभी भी किसी भी वाहन की इस गड्ढे से दुर्घटना होने की प्रबल संभावना बनी हुई थी। लेकिन परिस्थिति की गंभीरता को समझते हुए अल्पिटो पंचायत के निवासी सह समाज सेवी रमेश यादव के द्वारा आखिरकार इस मामले को संज्ञान में लिया गया, जिसके उपरांत उन्होंने त्वरित पहल करते हुए अपने निजी खर्च से एनएच 522 स्थित इस बड़े गड्ढे को भरवाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि यह गड्ढा समय दर समय जानलेवा बनता जा रहा था, जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। स्थानीय लोगों ने इस कार्य के लिए रमेश यादव का आभार व्यक्त किया।

### जेबीकेएसएस प्रखंड उपाध्यक्ष सुजीत कुमार आजसू पार्टी हुए शामिल

**विष्णुगढ़ :** जेबीकेएसएस/जेएलकेएम प्रखंड उपाध्यक्ष सुजीत कुमार ने आजसू पार्टी के तिवारी महतो उर्फ निर्मल कुमार के कार्यशैली से प्रभावित होकर पुनः आजसू पार्टी मे बुधवार को शामिल हो गए, जिससे तिवारी महतो उर्फ निर्मल कुमार ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इसके पहले आजसू पार्टी के कार्यकर्ता थे। बीते एक वर्ष से जेबीकेएसएस/जेएलकेएम में चले गए थे, जिसमे जेबीकेएसएस के प्रखंड उपाध्यक्ष पद पर आसीन थे। एक वर्ष के बाद फिर से आजसू पार्टी में वापसी पर आजसू प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल, उपाध्यक्ष दामोदर महतो ने बधाई दी है साथ ही आजसू पार्टी के अन्य कार्यकर्ता लोग भी सुजीत कुमार को सोशल मीडिया के माध्यम एवं उनके घर जाकर बधाई दे रहे हैं।

### ग्राहकों को जागरूक करने के लिए ग्राम सभा का आयोजन

**हजारीबाग :** बैंक ऑफ इंडिया सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत ग्राहकों को जागरूक करने के लिए लगातार ग्राम सभा का आयोजन कर रही है। इसी क्रम में बैंक ऑफ इंडिया प्रधान कार्यालय सतर्कता विभाग के दिशानिर्देश पर सोमवार को हजारीबाग अंचल में आंचलिक प्रबंधक नरेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में विभिन्न शाखाओं में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। उन्होंने ग्राहकों को संबोधित करते हुए कहा कि, बैंक ऑफ इंडिया ग्राहकों को बेहतर सेवा देने के लिए कटिबद्ध है। साथ ही अंचल के विभिन्न शाखाओं के द्वारा ग्राहकों के लिए सतर्कता एवं जागरूकता से जुड़ा अभियान समय-समय पर चलाया जाता रहेगा।

इसी क्रम में हजारीबाग अंचल के सतर्कता अधिकारी मुकुन्द झा ने मंगुरा शाखा का दौरा किया। शाखा प्रबंधक विवेक दीक्षित एंव मुकुन्द झा ने ग्राम पंचायत मंगुरा में ग्राहकों को संबोधित किया और ग्राहकों को धोखाधड़ी से बचने के उपायों के उपर विस्तृत जानकारी दी साथ ही लुन्दरू मध्य विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए भ्रष्टाचारः समस्या एवं निदान के उपर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं विजेताओं को बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया। अंचल के विभिन्न शाखाओं के द्वारा ग्राहकों को वर्तमान में बैंकिंग क्षेत्र के धोखाधड़ी से बचने के लिए अपनाई जाने वाली सावधानियों एंव बैंक के योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। बैंक ऑफ इंडिया द्वारा चलाए जा रहे सतर्कता कार्यक्रमों के कारण आम ग्राहकों के बीच विश्वास एंव जागरूकता बढ़ेगी एंव बैंकिंग धोखाधड़ी में कमी आयेगी।

# विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है : जिला निर्वाचन पदाधिकारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** समाहरणालय सभागर में जिला निर्वाचन पदाधिकारी नैन्सी सहाय ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ 16 अक्तुबर को बैठक की। मौके पर उन्होंने कहा कि आसन्न विधानसभा चुनाव को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं सुगम बनाने के निमित निर्वाचन आयोग के द्वारा चुनाव की घोषणा के उपरांत जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गयी है। अधिसूचना के 72 घंटे के अंदर राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर उन्हें आदर्श आचार संहिता के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दिया जाना आवश्यक है।

मौके पर आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के पश्चात राजनीतिक दलों/अभ्यर्थियों के मार्गदर्शन के लिए विभिन्न अवयवों की जानकारी दी गयी जिनमें सामान्य आचरण के तहत कोई भी व्यक्ति अथवा राजनैतिक दल या संगठन, उम्मीदवार/अभ्यर्थी किसी व्यक्ति विशेष के विरूद्व ऐसे किसी आपत्तिजनक टिप्पणी, विधि-विरूद्व संदेश, का प्रयोग व्हाटसएप/ फेसबुक/ एक्स/ इंस्टाग्राम/ अथवा सोशल मीडिया पर या किसी भी तंत्र पर नहीं करेंगे, जिससे किसी की व्यक्तिगत/मानसिक/धार्मिक/जातीय भावनाएं आहत होती हो तथा जिससे चुनाव संबंधी आदर्श आचार संहिता का उल्लंधन होता हो। उक्त का उल्लंधन करने की स्थिति में संबंधितों पर सुसंगत प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जायेगी। साथ ही किसी भी व्यक्ति/राजनैतिक दल/संगठन/उम्मीदवार/अभ्यर्थी के द्वारा राजनैतिक प्रयोजन से संबंधित किसी भी प्रकार की सभा, जुलूस, धरना, या किसी भी प्रकार का प्रदर्शन बिना सक्षम पदाधिकारी के पूवार्नुमति के आयोजित नहीं किया जाएगा। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभाओं के संदर्भ में बताया कि किसी भी प्रस्तावित चुनावी सभा, जुलूस मार्ग, कार्यक्रम आदि के संचालन हेतु केवल और केवल ऑनलाइन सुविधा ऐप के माध्यम से सक्षम प्राधिकार के द्वारा अनुमति प्राप्त कर ही दी जायेगी। साथ ही चुनावी रैली में केवल दस वाहनों के प्रयोग किये जाने की अनुमति दी जायेगी। बताया गया कि कोई भी व्यक्ति/ राजनैतिक दल/ संगठन/ उम्मीदवार/ अभ्यर्थी किसी धार्मिक स्थल का प्रयोग राजनैतिक प्रचार के लिए नहीं करेंगें एवं साम्प्रदायिक भावना को भड़काने का कार्य नहीं करेंगें। उक्त प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्तियों पर रिलीजियस इंस्टिटयूशन एक्ट-1988 के सुसंगत प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जायगी। साथ ही कोई भी व्यक्ति/राजनैतिक दल/संगठन/उम्मीदवार/अभ्यर्थी मतदाताओं को डराने, धमकाने का कार्य नहीं करेंगें और न ही किसी भी मतदाता को प्रलोभन में लाने का प्रयास करेंगें। वहीं सरकारी स्वामित्व वाले गेस्ट हाउस, किसी भी सरकारी भवन का कोई भी हिस्सा किसी भी राजनीतिक गतिविधियों/सभा/बैठक के लिए उपयोग नहीं किया जाऐगा। इस क्रम में झारखण्ड कंट्रोल ऑफ द यूज एण्ड प्ले ऑफ लाउडस्पीकर एक्ट-1955 अन्तर्गत ध्वनि विस्तारक यंत्र या किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग रात्रि 10.00 बजे से प्रातः 6.00 बजे तक वर्जित रहेगा। प्रदुषण फैलाने वाले प्रचार सामाग्रियों यथा-प्लास्टिक/पॉलीथीन से बने पोस्टर, बैनर का इस्तेमाल राजनीतिक प्रचार-प्रसार के लिए नहीं किया जायेगा।

**चुनाव के मद्देनजर महत्वपूर्ण तिथियां**

**मौके** पर उपायुक्त ने मौजूद दलों को निर्वाचन के मद्देनजर महत्वपूर्ण तिथियों की जानकारी देते हुए कहा कि झारखंड में दो चरणों में चुनाव होंगे वहीं हजारीबाग के 20 बरकट्ठा, 21 बरही एवं 25 हजारीबाग विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान 13 नवंबर को एवं 24 मांडू विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान 20 नवंबर को होंगे। प्रथम चरण के लिए अधिसूचना जारी होने की तिथि 18 अक्टूबर 2024 निर्धारित है। वहीं नामांकन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2024, स्क्रूटनी की तिथि 28 अक्टूबर,नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर, मतदान की तिथि 13 नवंबर 2024 तथा मतगणना की तिथि 23 नवंबर एवं चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न होने की तिथि 25 नवंबर निर्धारित की गई है। द्वितीय चरण के लिए अधिसूचना जारी होने की तिथि 22 अक्टूबर 2024 निर्धारित है। वहीं नामांकन की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर 2024, स्क्रूटनी की तिथि 30 अक्टूबर,नाम वापसी की अंतिम तिथि 01 नवंबर, मतदान की तिथि 20 नवंबर 2024 तथा मतगणना की तिथि 23 नवंबर एवं चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न होने की तिथि 25 नवंबर निर्धारित की गई है।

**राजनीतिक दलों को प्रचार सामग्री का एमसीएमसी कमेटी से प्रमाणन लेना अनिवार्य**

**मौके** पर निर्देशित किया गया है कि किसी भी राजनीतिक दल या प्रत्याशी की ओर से भड़काऊ, गुमराह करने वाला अथवा नफरत फैलाने वाले विज्ञापनों को कतई जारी नहीं किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रिंट/इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, पम्पलेट, बैनर, पोस्टर, लिफलेट व अन्य प्रकाशित कराये जाने वाले सामग्री/विज्ञापन को मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मानीटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) से प्रमाणित कराकर अनुमति प्राप्त करनी होगी। विज्ञापन पब्लिकेशन के 48 घंटे पहले संबंधित प्रत्याशी या दल को एमसीएमसी कमेटी के समक्ष प्रकाशित कराए जाने वाले विज्ञापन की सामग्री के साथ आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

# चुनाव की घोषणा होते ही प्रखंड प्रशासन आया एक्शन में

बैठक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** झारखंड विधानसभा के चुनाव की घोषणा होते ही प्रखंड प्रशासन एक्शन में आ गई। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड एवं अंचल के पर्यवेक्षको, कर्मियों, राजनीतिक दलों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। जिसका संचालन अंचलाधिकारी नित्यानंद दास ने किया। बैठक में निर्वाचन कार्य से संबंधित विषयों पर समीक्षा करते हुए आदर्श आचार संहिंता का सख्ती से अनुपालन करने एवं मतदान केंद्रों पर बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था कराने, मतदाताओं के बीच मतदान हेतू प्रचार प्रसार करने, मतदाता सूची में छूटे हुए योग्य मतदाताओं का मतदाता सूची में नाम जोड़ने, स्वीप गतिविधियों का संचालन सहित अन्य विषयों पर जानकारी दी गई। साथ ही सभी पार्टियों के लगे बैनर पोस्टर को उखाड़ने की प्रक्रिया शुरू किया गया। सभी पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं नेताओं को लगे बैनर पोस्टर को 72 घंटा के भीतर हटाने का आग्रह किया। इसके अलावा चूनाव अवधि में चूनाव संबंधी सभी कार्य ससमय पर निष्पादित करने के दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार, अंचलाधिकारी नित्यानंद दास, विष्णुगढ़ थाना प्रभारी सागेन मुर्मू, गुरु प्रसाद साव, सुशील कुमार महतो, मुखिया निर्मल कुमार, कपिलदेव चौधरी, रामजन्म राय, किशोर कुमार मंडल, अजय कुमार मंडल, घनश्याम पाठक, राहुल कुमार गुप्ता, अब्बास अंसारी, सुरेश कुमार महतो सहित सभी बीएलओ पर्यवेक्षक एवं प्रखंड अंचल कार्यालय के पर्यवेक्षक, कर्मी मौजूद थे।

# जापानीज इन्सेफलाइटिस से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** बुधवार को जिला भी.बी. डी. पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार सुबोध की अध्यक्षता में जापानीज इन्सेफलाइटिस से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन ए.एन.एम.टी. स्कूल, हजारीबाग में किया गया। प्रशिक्षण में जिला भी.बी.डी. पदाधिकारी द्वारा बताया गया जे.ई. एक वायरल बीमारी है जो मादा क्युलेक्स मच्छर के काटने से होता है। यह बीमारी अधिकांशतः बच्चों में पायी जाती है। जे.ई. बीमारी फैलाने का मुख्य कारण जलीय पक्षी, सुअर होते हैं। मच्छरो के द्वारा संक्रमण का विस्तार होता है। बैठक में डब्ल्यू.एच.ओ. के निगरानी विशेषज्ञ डॉ. कुमार दीपक द्वारा इस बीमारी के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। उनके द्वारा बताया गया कि वैसे ग्रामीण क्षेत्र जहाँ जलीय पक्षी पाये जाते हैं तथा सुअर पालन होता है उन्हें अपने आवास से दूर रखना चाहिए। उक्त प्रशिक्षण में हजारीबाग जिले के सभी सा.स्वा. केन्द्रों से आयुष चिकित्सक, सी. एच.ओ., एम.पी. डब्ल्यू, एवं शहरी प्रा.स्वा.केन्द्रों से चिकित्सक, ए.एन.एम. लोक स्वास्थ्य प्रबंधक ने भाग लिया। जिला मलेरिया कार्यालय से भी.बी.डी. सलाहकार, मलेरिया निरीक्षक एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केन्द्रीय संगठन मंत्री माही पटेल ने किया रक्तदान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय संगठन मंत्री माही पटेल ने प्रखंड की एक महिला को रक्तदान कर महिला की जान बचाई। महिला सोनिया देवी को प्रसव के दौरान रक्त की कमी हो गई थी और सदर अस्पताल हजारीबाग में ड पॉजिटिव मिल नहीं रहा था जिसकी सूचना भारतीय मजदूर संघ के भवन निर्माण जिलाध्यक्ष सह दीनमठ सारथी ट्रस्ट के सुरेश राम को हुई। जिसके बाद दीनमठ सारथी ट्रस्ट के अध्यक्ष सह झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय संगठन मंत्री महेंद्र प्रसाद महतो उर्फ माही पटेल ने सदर अस्पताल हजारीबाग में जाकर रक्तदान किया और इस डोनेट करने के साथ माही पटेल 8वीं बार रक्तदान किया। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के बिहारी महतो ने कहा कि जिस हिसाब से सदर अस्पताल के ब्लड बैंक में बल्ड की कमी को देखा हूं रक्तदान के लिए अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। रक्तदान के दौरान मुख्य रुप से समाजसेविका मंजू देवी, गौतम कुमार, सुरेश राम और बिहारी महतो मौजुद रहे। मौजूद लोगों के साथ साथ जिलाध्यक्ष सरयु साव, विष्णुगढ़ आवाज ग्रुप एड्निम धर्मेंद्र कुमार, राजेश प्रसाद, चंद्रदेव सक्सेना, डीलेश्वर, समेत अन्य लोगों ने माही पटेल को धन्यवाद दिया।

# भाकपा का हुआ जिला सम्मेलन मीरा बनी अध्यक्ष, सुनीता सचिव




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला इकाई का जिला सम्मेलन मंजूर भवन सीपीआई कार्यालय में हुआ। जहां 21 सदस्यीय महिला मोर्चा का गठन किया गया। जिसमें मीरा देवी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष रीता देवी और बिंदु देवी को उपाध्यक्ष, सुनीता कछ्यप को सचिव, मुन्नी देवी को सहसचिव बनाया गया। सम्मेलन का मुख्य अतिथि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता सह हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता थे। भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने संबोधन में कहा कि आज देश में महिलाओं के ऊपर कई प्रकार की प्रताड़ना, बलात्कार हत्या किया जा रहा है। इससे लड़ने के लिए महिलाओं को खुद अपने आप में सशक्त होकर एकजुट होकर मुकाबला करना होगा। साथ ही देश की आधी आबादी भी महिलाओं का है, और पुरुषों की तरह महिला भी सरकारी एवं गैर सरकारी सभी विभागों में काम कर रही है। सभी महिलाओं को शिक्षा और समाज की ओर एवं राजनीति की ओर अग्रसर होकर एकजुट होकर संघर्ष करना चाहिए। आज भी महिलाएं रेल में वायु सेवा में थल सेना में एवं सभी सरकारी नौकरियों में भी भागीदारी देकर नौकरी कर रही है। वहीं अंधविश्वास में भी महिलाओं को प्रताड़ित किया जा रहा है। इससे अलग हट कर सभी को एकजुट होना होगा। साथ ही साथ विधायक एवं सांसद के चुनाव में भी महिलाओं की भागीदारी होनी चाहिए, और जनसंख्या के आधार पर आधे आबादी महिलाओं का भी आरक्षण मिलना चाहिए। मौके पर इंद्रमणि देवी, सोनिया देवी, सुनीता कच्छप, रीता देवी, बिंदु देवी, आशा देवी, उर्मिला देवी, पोखनी देवी, मुन्नी देवी, शाहिना खातून, अनवरी खातून, सीता देवी, गुड़िया देवी, मंजू गौतम सहित सैकड़ो महिलाएं शामिल थी।

# टोयोटा ने अर्बन क्रूजर टेसर के एक्सक्लूसिव लिमिटेड एडिशन के साथ त्योहारी मौसम की मनायीं खुशियां




**जमशेदपुर :** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने त्योहारों के उत्साह को और बढ़ाते हुए अपने बेहद लोकप्रिय मॉडल झ अर्बन क्रूजर टेसर के एक्सक्लूसिव लिमिटेड एडिशन की घोषणा की। स्टाइल और प्रीमियम खासियतों को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए डिजाइन किया गया यह स्पेशल एडिशन, ग्राहकों की खुशी और उत्साह बढ़ाने के लिए टोयोटा जेनुइन एक्सेसरीज (टीजीए) पैकेज के साथ आता है। यह लिमिटेड एडिशन 20,160 रुपये के व्यापक टीजीए पैकेज के साथ आता है जो बहुमुखी यूसी टेसर के बाहरी और आंतरिक दोनों को बेहतर बनाता है। टीकेएम के सेल्स-सर्विस-यूज्ड कार बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट सबरी मनोहर ने कहा, 'टोयोटा में, हमारा प्रयास हमेशा अपने ग्राहकों के खास अवसरों और उत्सवों का हिस्सा बनने पर केंद्रित रहा है, जो आनंद दायक, ग्राहक-केंद्रित अनुभव तैयार करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। अर्बन क्रूजर हाइराइडर फेस्टिव एडिशन की हाल ही में शुरूआत के बाद, हम अर्बन क्रूजर टेसर के फेस्टिव एडिशन की पेशकश करते हुए उत्साहित हैं, जिसे इस फेस्टिव सीजन में कुछ नया और रोमांचक लाने के लिए डिजाइन किया गया है। हमें विश्वास है कि हमारे ग्राहक इस नए एडिशन में बेहतरीन मूल्य पायेंगे।'

# जेबीकेएसएस केन्द्रीय समिति ने संजय मेहता से की चुनाव लड़ने की अपील



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही :** स्थानीयता और झारखंडी मुद्दो की लड़ाई लड़ रहे क्रांतिकारी योद्धा सह जेबीकेएसएस के केन्द्रीय अध्यक्ष संजय मेहता से उनके समर्थकों और आमजनों ने चुनाव लड़ने हेतु अपील किया है। चुनाव की घोषणा होते ही समर्थकों का हुजूम उनके कार्यालय में उमड़ पड़ा। सभी ने जल्द से जल्द उम्मीदवारों की सूची जारी करने की मांग की। जिसमें केन्द्रीय अध्यक्ष संजय मेहता का नाम होना जरूरी बताया। रांची के कांके में आयोजित केंद्रीय समिति की बैठक में भी केंद्रीय समिति के सदस्यों ने संजय मेहता से चुनाव लड़ने की अपील की। केंद्रीय समिति ने साफ तौर पर कहा कि संजय मेहता संगठन के चेहरा हैं और उन्हें चुनाव लडना ही होगा। स्थानीय निवासी सौरभ कुमार ने कहा कि झारखंड आदूरदर्शी नेताओं के दंश को झेल रहा है। ऐसे में एक पढे-लिखे नेता की जरूरत है जो झारखंड को सही दिशा दिखा कर यहां की दशा को बदलने की काबिलियत रखता है। उन्होंने कहा कि झारखंड में एक भी ऐसा नेता नहीं है जो झारखंड कि नीतियों को बनाने कि सलाहियत रखता हो। एकमात्र संजय मेहता जी हैं जो नीतियों पर अपने विजन को लोगों तक पहुँचा रहे हैं। पुनर्वास, विस्थापन, स्थानीयता, नियोजन जैसे मुद्दों पर अच्छी जानकारी रखते हैं और उसके संदर्भ में कानून बनाने में सक्षम हैं। उनकी कानूनी जानकारी विषय पर अच्छी पकड़ एवं झारखंडी मान-सम्मान के खातिर उनका समर्पण उन्हें सबसे अलग बनाता है। झारखंड को ऐसे योद्धाओं की जरूरत है। वहीं स्थानीय निवासी सानिया ने कहा कि यदि वो चुनावी मैदान में नहीं उतरेंगे तो झारखंड का नेतृत्व एक बार फिर गलत हाथों में चला जायेगा। झारखंड को बचाने के लिए संजय जी को चुनाव लड़ना ही होगा, हम सब मिलकर उन्हें जितायेंगे।

### आदर्श आचार संहिता घोषणा पूर्ण रूप से प्रभावित

**गुमला :** भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा दिनांकः 15.10.2024 के द्वारा विधान सभा चुनाव-2024 की घोषणा के पश्चात आदर्श आचार संहिता पूर्ण रूप से प्रभावी हो गई है। एवं सम्पूर्ण गुमला जिला में भारतीय न्याय संहिता की धारा 163 (IPC 144) के तहत निषेधाज्ञा भी जारी कर दिया गया है। निषेधाज्ञा के अनुसार कोई भी व्यक्ति या राजनैतिक दल या संगठन के द्वारा चुनाव प्रचार-प्रसार के लिए आपत्तिजनक, भ्रामक या विधि-विरुद्ध संदेश का वाट्सअप, एस०एम०एस०, फेसबुक, ट्विटर या अन्य सोशल मिडिया अथवा अन्य इलेक्ट्रोनिक माध्यम से आदान-प्रदान किया जाना वर्जित

# समिति ने उप मुख्य अभियंता निर्माण को सौंपा ज्ञापन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग से 70 किलोमीटर दूर गोमिया से चलकर आए विस्थापित संघर्ष समिति, गोमिया के लोगों ने उप मुख्य अभियंता निर्माण पूर्व मध्य रेलवे, हजारीबाग को ज्ञापन सौपा। गोमिया रेलवे स्टेशन के पास ओवर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर गोमिया के लोग विस्थापित संघर्ष समिति बनाकर वर्षों से लगातार संघर्ष कर रहे हैं। उनके आंदोलन ने रंग लाया और एक दिसंबर 23 से ओवर ब्रिज निर्माण कार्य आरंभ हो गया। इसे देखकर गोमिया वासियों में खुशी का लहर दौड़ गया और वह कहने लगे कि हमारा पुराना सपना साकार हुआ। इससे न सिर्फ गोमिया बल्कि आसपास के लोगों को बहुत लाभ मिलेगा लेकिन अचानक एक सप्ताह काम चलने के बाद ओवर ब्रिज निर्माण का कार्य अचानक रोक दिया गया और निर्माण कार्य में लगे सभी मशीनों को वहां से हटा लिया गया। इसको देखते हुए विस्थापित संघर्ष समिति गोमिया के लोगों ने लोकल स्तर पर रेलवे के सभी अधिकारियों से मिलकर काम आरम्भ करवाने का आग्रह की है लेकिन उन अधिकारियों ने कहा कि अगर काम आरंभ करवाना है तो उप मुख्य अभियंता निर्माण, पूर्व मध्य रेलवे, हजारीबाग से जाकर मिले जो हजारीबाग में बैठते हैं. उनके सुझाव पर आज विस्थापित संघर्ष समिति के सचिव राकेश कुमार और हजारीबाग में सी आई टी यू के उपाध्यक्ष गणेश कुमार सीटू के नेतृत्व में लोगों ने उप मुख्य अभियंता, पूर्व मध्य रेलवे से उनके कार्यालय, हजारीबाग में आकर ज्ञापन सौंपा और उनसे वार्ता की. वार्ता में उप मुख्य अभियंता ने कहा कि गोमिया वासियों को चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

### आगामी विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

# चुनाव में कार्य कर रहे अधिकारियों व कर्मियों को विभिन्न चरणों में दिया जाये प्रशिक्षण

बैठक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** आगामी विधानसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में बुधवार को गठित सभी कोषांगो के नोडल पदाधिकारीयों के साथ सभाकक्ष में बैठक की गईं। बैठक में कार्मिक कोषांग, प्रशिक्षण कार्यक्रम, ईवीएम प्रबंधन, मीडिया मॉनीटरिंग, कम्युनिकेशन प्लान, स्वीप प्लानिंग, आदर्श आचार संहिता, विधि व्यवस्था, एसएमएस मॉनिटरिंग एंड कम्युनिकेशन प्लान, परिवहन कोषांग, पोस्टल बैलेट कोषांग,मीडिया सेल समेत अन्य कोषांगों के दायित्व के निर्वहन और कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। उपायुक्त ने आगामी विधानसभा चुनाव 2024 के तहत सभी चुनावी प्रक्रियाओं को साफ-स्वच्छ, निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर संपन्न कराने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी से अपेक्षा की जाती है कि उन्हें मतदान केन्द्र तक पहुंच मार्ग, मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन, चुनावी प्रबंधन, मतदान प्रक्रिया, ईवीएम, वीवीपैट की कार्य प्रणाली, आदर्श आचार संहिता, मीडिया कोषांग की भूमिका, कानून व्यवस्था आदि का ज्ञान रहे। इसलिए सभी बातों को अच्छी तरह से समझ ले। बैठक में उपायुक्त ने चुनाव के मद्देनजर गठित विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों से विचार विमर्श किया तथा चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कार्मिक कोषांग को चुनाव के दौरान कार्य करने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों से संबंधित डाटा बेस तैयार करने का निर्देश दिया। चुनाव के दौरान इस्तेमाल की जाने वाली सामग्रियों से संबंधित सूची जल्द से जल्द सामग्री कोषांग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इसके अलावे बैठक में उपायुक्त ने मतदान के समय मतदान कर्मियों को सेक्टर व बूथ तक पहुंचाने के लिए छोटी-बड़ी वाहनों का आकलन करते हुए वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित कोषांग पदाधिकारी को दिया। उपायुक्त ने कहा कि आगामी चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु यह बहुत जरूरी है कि चुनाव में कार्य कर रहे अधिकारियों व कर्मियों को विभिन्न चरणों में प्रशिक्षण दिया जाये। इसके लिए उपायुक्त ने वरीय पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग को कार्य योजना तैयार करते हुए प्रशिक्षण संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में कोषांगों के गठन व पदाधिकारियों-कर्मियों की प्रतिनियुक्ति, मतदान दल-सेक्टर मजिस्ट्रेट को सामग्री वितरण, मतपेटी की उपलब्धता, पंजी संधारण, मतदान कर्मियों के आवागमन के लिए वाहन की सुविधाएं, मतदाता जागरूकता संबंधी कार्य समेत कई अन्य मुद्दों पर विचार-विमर्श कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद,उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया, प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बारंगे, एसडीएम सदर एवं बरही, डीसीएलआर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, समेत कार्यपालक दंडाधिकारी एवं सहायक नोडल पदाधिकारी पदाधिकारी मौजूद रहें।

## एक झलक

### धनबाद जिला के सभी छह विधानसभा क्षेत्र के लिए समाहरणालय में होगा नामांकन

**धनबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बुधवार को बताया कि झारखंड विधानसभा निर्वाचन-2024 के निमित्त धनबाद जिला के सभी छः विधानसभा क्षेत्र 38-सिंदरी विधानसभा, 39-निरसा विधानसभा, 40-धनबाद विधानसभा, 41-झरिया विधानसभा, 42-टुंडी विधानसभा एवं 43-बाघमारा विधानसभा क्षेत्र हेतु नामांकन समाहरणालय परिसर के विभिन्न तल एवं संबंधित निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में किया जायेगा।

### हिन्दी विभाग ने शिक्षक-अभिभावक मिलन कार्यक्रम का किया आयोजन

**धनबाद :** बुधवार को गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के हिंदी-विभाग द्वारा कॉलेज के भूदा कैंपस के रुसा सेमिनार कक्ष में शिक्षक-अभिभावक मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में हिंदी विभाग में अध्ययनरत साठ की संख्या में छात्रों एवं उनके अभिभावकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. सोनू प्रसाद यादव ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कक्षाओं में छात्रों की उपस्थिति के साथ ही कॉलेज लाइब्रेरी, एनएसएस, एनसीसी, स्पोर्ट्स एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उनकी सक्रिय सहभागिता को आवश्यक एवं महत्वपूर्ण बताया। प्रो. इन चार्ज भूदा परिसर प्रो. डॉ. अमरजीत सिंह ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों के कौशल विकास प्रबंधन पर विशेष बल दिया। प्रो. इन चार्ज महिला शाखा, प्रो. डॉ. रंजना दास ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, उनके शैक्षणिक प्रगति और बहुमुखी प्रतिभा के विकास की दिशा में पहल करने पर विशेष बल दिया। इस कार्यक्रम में सम्मिलित अभिभावकों एवं छात्रों ने विभाग द्वारा उपलब्ध फीडबैक प्रपत्र पर शैक्षणिक एवं छात्र हित संबंधित सुझाव दर्ज किए। प्रो. सिमरन श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत किया एवं अपने संबोधन में विभाग के द्वारा शैक्षणिक एवं अन्य क्रियाकलापों से संबंधित विषयों पर नीतिगत जानकारी दी। समारोह में उपस्थित अभिभावक की ओर से विभाग के द्वारा किए गए, इस कार्यक्रम को सराहा गया। कार्यक्रम का संपूर्ण क्रियान्वयन प्राचार्य महोदय प्रो. डॉ. संजय प्रसाद के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का समापन हिंदी-विभाग के अध्यक्ष महोदय ने धन्यवाद ज्ञापन से किया। इस अवसर पर कॉलेज के बैंक मोड़ शाखा की प्रोफेसर इंचार्ज डॉ. प्रो. रंजना दास तथा प्रोफेसर इंचार्ज प्रो. अमरजीत सिंह (भूदा कैंपस), प्रो. मनीषा, प्रो. मुकेश सहित अन्य शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थे।

### प्रदेश में डबल इंजन की सरकार रहने से तेजी से बढ़ता है विकास: अर्जुन राम

**धनबाद :** भारत के कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक एवं प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन में शामिल होने बुधवार को धनबाद पहुंचे। जहाँ उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गुड गवर्नेन्स और विकास यह दो एजेंडे के साथ भाजपा चुनाव में जाती है। उन्होंने कहा कि जहाँ भी डबल इंजन की सरकार है वहाँ विकास की गति बढ़ती है और गुड गवर्नेन्स भी तेजी से आता है।अभी महाराष्ट्र के साथ-साथ झारखण्ड में भी चुनाव है और जनता से यही कहा है कि अगर सही मायने में विकास चाहिए तो डबल इंजन की सरकार को चुने।उन्होंने बताया यह महसूस किया गया है कि जहाँ भी डबल इंजन की सरकार नहीं है वहां विकास रुक जाता है और केंद्र से मिलने वाले फंड का डायवर्सन शुरू हो जाता है।अभी झारखण्ड सरकार पेंशन की सारी योजनाओं को बंद कर मंइयां सम्मान योजना लेकर आ गई है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हो सकता है कि मंइयां सम्मान योजना में फंड का डायवर्सन हुआ हो। उन्होंने कहा भाजपा के गोगो दीदी योजना में फंड का डायवर्सन नहीं होगा।

# डीसी ने चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों से राजनीतिक दलों को कराया अवगत

**बैठक**

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बुधवार समाहरणालय में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान आदर्श आचार संहिता, चुनावी खर्च सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2024 की घोषणा होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता के साथ-साथ जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा भी लागू है। उन्होंने कहा अब हर कार्यक्रम के आयोजन के लिए राजनीतिक दल को सुविधा पोर्टल पर अनुमति लेना अनिवार्य है। इसके लिए सुविधा पोर्टल पर आसानी से ऑनलाइन आवेदन देकर अनुमति प्राप्त कर सकते हैं। हर कार्यक्रम में वीडियो सर्विलेंस टीम मौजूद रहेगी। उपायुक्त ने कहा कि चुनाव के दौरान किए गए खर्च की सही जानकारी सभी प्रत्याशी व्यय कोषांग को उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने सभी से आदर्श आचार संहिता को लेकर सतर्क रहने और भारतीय चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। उपायुक्त ने भारतीय चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों से भी राजनीतिक दलों को अवगत कराया। एडीएम लॉ एंड आर्डर



पियूष सिन्हा ने कहा कि कोई भी व्यक्ति या राजनीतिक दल अपने वाहन या मोटरसाइकिल, आवास या कार्यालय के बाहर पार्टी का झंडा या चिन्ह अनुमति लेकर लगाए। वाहनों में लगे विभिन्न पद के बोर्ड हटा लें। किसी आयोजन के लिए समय पर सुविधा पोर्टल पर आवेदन दें। आवेदन मिलने पर पहले आओ पहले पाओ की नीति पर अनुमति प्रदान की जायेगी। बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, एडीएम लॉ एंड आर्डर पियूष सिन्हा, वरीय पदाधिकारी व्यय अनुश्रवण कोषांग गालिब अंसारी, नोडल पदाधिकारी व्यय अनुश्रवण कोषांग ध्रुव नारायण राय, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालीदास मुंडा, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, आईटी मैनेजर रूपेश मिश्रा, डीपीओ यूआईडी अमित कुमार, आनंद कुमार, भाजपा के नरेंद्र त्रिवेदी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संतोष कुमार राय, महेंद्र कुमार दुबे, झारखंड मुक्ति मोर्चा के मंटू कुमार चौहान, राष्ट्रीय जनता दल के राजू यादव, आजसू पार्टी के रतिलाल महतो के अलावा बहुजन समाज पार्टी, आम आदमी पार्टी व अन्य दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कोषांग को तेजी से कार्य पूरा करने का दिये निर्देश

**जिला** निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में आगामी विधानसभा चुनाव- 2024 की तैयारियों को लेकर सभी कोषांग के वरीय पदाधिकारी एवं नोडल पदाधिकारी के साथ बैठक की गई। बैठक के दौरान उन्होंने सभी कोषांग के वरीय एवं नोडल पदाधिकारी से आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों से संबंधित जानकारी ली। साथ ही सभी कार्य को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी कोषांग के पदाधिकारी अपने अपने कोषांग के कर्मियों के साथ बैठक कर कोषांग से संबंधित कार्यों एवं दायित्वों पर विशेष फोकस करें। कार्मिक कोषांग को मैनपावर की आवश्यकता विधानसभा वार तैयार करने, जिस मतदान केंद्र में 1200 से अधिक वोटर है वहां अतिरिक्त पोलिंग ऑफिसर की प्रतिनियुक्ति करने, प्रशिक्षण शेड्यूल तैयार करने, मेडिकल बोर्ड का गठन करने, ईवीएम रेंडमाइजेशन, डिस्पैच, काउंटिंग, पोस्टल बैलट, वाहनों की आवश्यकता, मटेरियल, एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग, ऑब्जर्वर सेल सहित अन्य विषय पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मेडिकल कोषांग को सेक्टर ऑफिसर, जोनल मजिस्ट्रेट, बीएलओ तथा मतदान केंद्रों के लिए मेडिकल किट तैयार कर मटेरियल कोषांग को समय पर सुपुर्द करने का निर्देश दिया।

# एनएसयूआई ने लांच किया 'जुड़ेगा विद्यार्थी जीतेगा झारखंड' अभियान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** बुधवार को हाउसिंग कॉलोनी स्थित कम्युनिटी हॉल में झारखंड प्रदेश एनएसयूआई के अध्यक्ष विनय उरांव के द्वारा जुड़ेगा विद्यार्थी जीतेगा झारखंड मुहिम को धनबाद जिला में लॉन्च किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव जी ने किया तथा संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी ने किया। इस मुहिम के तहत धनबाद जिला के अंतर्गत सभी कॉलेज तथा विश्वविद्यालय में छात्रों को पार्टी से जोड़ा जाएगा और उन्हें पार्टी के विचारधारा तथा पूर्व में किए गए कार्यों के विषय में बताया जाएगा। जिला स्तर पर 10 हजार मेंबरशिप करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसे विधानसभा चुनाव से पूर्व पूरा करने का समय सीमा दिया गया है। इसी




कड़ी में आज लगभग 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने पार्टी के विचारधारा से प्रेरित होकर एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विनय के नेतृत्व में एनएसयूआई का दामन थामा। एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एनएसयूआई का अलग झारखंड के हर उस छात्र तक पहुंचना है जो किसी भी अभाव में या व्यवस्था की कमियों के कारण गुणवत्ता वाली शिक्षा से वंचित रह रहे हैं इसके लिए पूरे झारखंड के हर एक जिले के अंतर्गत हर एक कॉलेज में जाकर छात्रों को जोड़ना है, इसी कार्य में बुधवार को धनबाद जिला में इस अभियान का शुरूआत किया जा रहा और धनबाद जिला में 10000 छात्रों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव, एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आमिर हाशमी, उपाध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी, महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष सीता राणा, विश्वविद्यालय प्रोफेसर संघ के अध्यक्ष प्रो डीके सिंह, प्रदेश महासचिव अभय कुमार, प्रदेश सचिव रवि पासवान, अनुष्का लाल, आकाश प्रमाणिक, राजीव पांडे, प्रिया गुप्ता व दीपशिखा सिंह उपस्थित थे। धनबाद जिला से देवेंद्र पासवान, रोहित पाठक, राज रंजन सिंह साहिल खान, सनी सिंह, अरुण दास, निक्की सिंह, उत्तम कुमार, आयुष सिंह, ऋतिक चटर्जी, मोइन अंसारी, संजय तिवारी, अनिकेत कुमार समेत सैकड़ो एनएसयूआई के नेता मौजूद थे।

## झारखंड राज्य ऊर्जा मित्र संघ की महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता से सकारात्मक वार्ता



**धनबाद :** महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता, बिजली आपूर्ति क्षेत्र धनबाद के कार्यालय में झारखंड राज्य ऊर्जा मित्र संघ कि वार्ता हुई। इस वार्ता का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा मित्रों के बकाया भुगतान, पहचान पत्र, रेट कॉन्ट्रैक्ट समेत अन्य संबंधित मुद्दों पर चर्चा करना था। वार्ता में ऊर्जा मित्र संघ के संरक्षक बैभव सिन्हा और संतोष कुशवाहा ने कहा कि दो दिनो के अन्दर बकाया मानदेय का भुगतान, बिलिंग एजेंसी द्वारा पहचान पत्र निर्गत करने, सभी ऊर्जा मित्रों को रेट कॉन्ट्रैक्ट उपलब्ध कराने मुख्यतः मांग हुए। इसके साथ ही उन्होंने कार्य की स्थिरता और बेहतर कार्य स्थितियों पर भी चर्चा की। वार्ता में महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता, बिजली आपूर्ति क्षेत्र धनबाद के समक्ष यह सहमति बनी की दिनांक 16 अक्टूबर 2024 तक सभी ऊर्जा मित्रों के मानदेय का भुगतान कर दिया जायेगा और अगले 15 दिनों में सभी ऊर्जा मित्रों को पहचान पत्र तथा रेट कॉन्ट्रैक्ट उपलब्ध करा दिया जायेगा। साथ ही वर्क कॉन्ट्रैक्ट में लिखित सभी सुविधा को भी बिलिंग एजेंसी द्वारा अगले महीने तक प्रदान कर दिया जायेगा। मौके पर वैभव सिन्हा ने कहा की उर्जा मित्रों का हक हम हर कीमत दिला कर रहेंगे। बिलिंग एजेंसी द्वारा ऊर्जा मित्रों का शोषण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। संतोष कुशवाहा ने कहा की अगर कल तक बिलिंग कंपनी द्वारा ऊर्जा मित्रों के मानदेय का भुगतान नहीं किया गया तो हड़ताल जारी रहेगा।

## रक्तदान शिविर में 100 लोगों ने किया रक्तदान

**सिन्दरी (धनबाद) :** हर्ल सिंदरी ने बुधवार को हेल्थ सेंटर रोहडाबांध में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। हर्ल के प्लांट प्रमुख सुरेश प्रमाणिक ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हर्ल प्रबंधन 3 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक स्वच्छता सेवा पखवारा मना रही है। रक्तदान शिविर का आयोजन सेवा पखवारे का हिस्सा है। एच आर हेड श्रीसंत सिंह ने बताया कि शिविर में रक्तदान महा दान की भावना से 100 व्यक्ति ने रक्तदान किया। मौके पर डॉ. जयेश प्रसाद डॉ एएन सिंह, एच आर मंजुर अली, रजत रंजन, मंशुल जैन मौजूद थे। एशियन जालान हास्पीटल के रक्त कोष के विशेषज्ञों ने रक्त संग्रह किया। इस अवसर पर बीआईटी सिंदरी रोटरेक्ट क्लब के सदस्यगण प्रोफेसर इंचार्ज डा. एस सी दत्ता के नेतृत्व मे शिविर की व्यवस्था को संभाला।

# बड्र्स गार्डन स्कूल में फुटबॉल ट्रायल कैम्प का समापन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद/बाघमारा :** 29वें सीनियर वुमेन्स नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए झारखंड वूमेंस फुटबॉल टीम के चयनित खिलाड़ियों के नामों की घोषणा झारखंड फुटबॉल महासंघ के महासचिव गुलाब रब्बानी के निदेर्शानुसार कैंप निदेशक प्रमोद चौरसिया के द्वारा बुधवार 16 अक्टूबर को की गई, जो इस प्रकार है। गोलकीपर के लिए मालती कुमारी, अनीशा उरांव, अंजलि मुंडा व डिफेंस के लिए शिवानी टोप्पो, नीसीमा कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, चम्मी कुमारी, पूजा टोप्पो, दिव्यानी लिंडा, दीक्षित बारा व मिडफील्ड के लिए नीतू लिंडा, अनिता कुमारी, संगीता हांसदा, तारावती कुमारी, अनुष्का कुमारी,




ललिता बोपाई एवं फारवर्ड के लिए दुलर मरांडी, अमिशा बच्छला, बबीता कुमारी, पूजा कुमारी, रोशनी वेरमा, सुनीता मुंडा का चयन किया गया। इस अवसर पर राजगंज जिला परिषद की सदस्य एवं हलधर महतो की धर्मपत्नी वाणी देवी भी मौजूद थी, जिन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। इस दौरान मंच पर धनबाद फुटबॉल एसोसिएशन के वरीय उपाध्यक्ष डॉ. विकास रमन एवं महासचिव मृदुल बोस भी मौजूद थे। टीम के मुख्य चयनकर्ता मोहम्मद स्पोर्टिंग क्लब कोलकाता के खिलाड़ी एवं वर्तमान में कोच मो. एस. नियाजउद्दीन ने किया, जबकि सहयोगी के रूप में मुख्य कोच पारस करमाली भी कार्यक्रम में मौजूद थे।

## बाबा गणिनाथ मंदिर के निर्माण के लिए एलबी सिंह व कुंभनाथ सिंह ने दान में दी पांच कट्ठा जमीन

**धनबाद :** अखिल भारतीय मध्यदेशिय वैश्य सभा को लाल बाबु सिंह एंव कुम्भनाथ सिंह के सौजन्य से धर्मशाला एवं मंदिर निर्माण के लिये आठ लाईन रोड, लेमन चिल्ली बगल से सुगीयाडिह जाने वाला रास्ता स्थित पांच कट्ठा जमीन दानस्वरूप दिया। बुधवार को समाज के अध्यक्ष विशाल कुमार को जमीन के गेट का चाभी दिये। समाज के लोगों ने बुधवार को जमीन की साफ सफाई कर विधिपूर्वक बाबा गणिनाथ महाराज कि पुजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया और शीघ्र ही मंदिर निर्माण करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। मौके पर उपस्थित जिलाध्यक्ष विशाल गुप्ता, रविराज, कैलाश गुप्ता, राजेश गुप्ता, दिलीप गुप्ता, मुकेश गुप्ता, शशी प्रकाश, सुनिल सिंह, रंजित गुप्ता, विवेक गुप्ता, प्रकाश गुप्ता, मनोज गुप्ता समेत समाज के अन्य लोगों इसके गवाह बने।

# बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण के लिए सेमिनार सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**महुदा (धनबाद) :** बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण अभियान के तहत बुधवार को किरण मोंटेसरी स्कूल तेलमोचो, महुदा में झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन के सहयोग छात्र, छात्रों एवं शिक्षको के साथ सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के जिला समन्वयक नईमुद्दीन अंसारी से बाल विवाह, बाल यौन हिंसा, बाल मजदूरी रोक पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संस्थापक शंकर रवानी ने कहा की झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट धनबाद जिला को बाल



विवाह मुक्त जिला एवं बाल मित्र जिला बनाने के लिए सघन जागरूकता कार्यक्रम कर रही है, संस्था द्वारा विभिन्न हितधारकों को जागरूक किया जा रहा है। मौके पर ट्रस्ट के फील्ड कॉर्डिनेटर मुमताज अंसारी, विद्यालय के प्रबंधक भागीरथ महतो, एस एन मोदक, ए के सिंह, विनोद कुमार मोदक, विकाश कुमार रवानी, मौसमी सिन्हा, रिंकी सिन्हा, पूजा कुमारी, सपना कुमारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। अन्त में बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण एवं बच्चों का संरक्षण और सुरक्षा के लिए उपस्थित सभी लोगो ने शपथ लिया।

## बीआईटी सिन्दरी के रोटरैक्ट क्लब ने धनबाद जंक्शन पर किया खाद्य वितरण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पाथरडीह/धनबाद :** जरूरतमंदों की सहायता और उन्हें राहत प्रदान करने के उद्देश्य से बीआईटी सिंदरी के रोटरैक्ट क्लब ने प्रोफेसर एस.सी. दत्ता के मार्गदर्शन में 'उम्मीद' नामक खाद्य वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और लगभग 80 से 90 भोजन के पैकेट्स का वितरण धनबाद जंक्शन पर किया। इस पहल का उद्देश्य भूखमरी का सामना कर रहे लोगों को आवश्यक पोषण प्रदान करना था, जिससे क्लब की सामाजिक जिम्मेदारी और समुदाय कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। 'उम्मीद' सिर्फ एक खाद्य वितरण कार्यक्रम नहीं था, बल्कि स्थानीय समुदाय में दयालुता और खुशी फैलाने का एक सशक्त प्रयास था। क्लब के सदस्यों ने बताया कि यह कार्यक्रम न केवल भूख मिटाई, बल्कि कई चेहरों पर मुस्कान भी लाई। यह उदारता और सहानुभूति का एक प्रभावशाली उदाहरण है, जो यह याद दिलाता है कि समाज सेवा के छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव ला सकते हैं।

## पीके रॉय कॉलेज के संस्थापक भोला नाथ रॉय के बेटे के निधन पर शोक

**धनबाद :** धनबाद के जनप्रिय पीके. रॉय कॉलेज के संस्थापक भोला नाथ रॉय के इकलौते बेटे प्रोफेसर बिद्युत कुमार रॉय का बुधवार को निधन हो गया। उनके निधन पर जिले में लोगों ने शोक जताया है। उन्होंने अपना अंतिम सांस अपने धनबाद के 99 साल पुराने पैतृक निवास रॉय विला में ली। आज उनकी अंतिम यात्रा हिरापुर के पीके रॉय रोड से शुरू हुई। प्रो. बीके. रॉय, पी.के. रॉय कॉलेज में जूलॉजी के प्रोफेसर थे। अपने जीवनकाल में उन्होंने कभी किसी छात्र से ट्यूशन फीस नहीं लिया और हमेशा से छात्रों के सबसे चहेते प्रोफेसर रहे। आज उनके छात्र पूरे भारत के उच्च संस्थानों में देश के लिए सेवा कर रहे हैं। उनका इलाज भी उनके छात्रों ने ही किया।

# आईआईटी आईएसएम में कर्मचारियों के लिए प्रोक्यूरमेंट रूल्स पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के सीवीओ कार्यालय ने संस्थान के कर्मचारियों के लिए प्रोक्यूर्मेंट रूल्स पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसके दौरान सुबोध कांत, जीईएम ट्रेनर, झारखंड और बिहार क्षेत्र, मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी ने प्रशिक्षुओं को पब्लिक प्रोक्यूर्मेंट के लीगल, प्रोसीजरल एवं रेगुलेटरी फ्रेमवर्क (कानूनी, प्रक्रियात्मक और नियामक ढांचे) और सार्वजनिक खरीद पर सामान्य वित्तीय नियमों के बारे में अवगत कराया। आईआईटी आईएसएम धनबाद के कार्यकारी विकास केंद्र (ईडीसी) लाउंज में कल शाम



आयोजित प्रशिक्षण, जिसके दौरान आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के रजिस्ट्रार प्रबोध पांडे और अन्य, जिनमें गरीब नाथ सिंह, मुख्य सतर्कता अधिकारी, आईआईटी (आईएसएम) और सत्येंद्र कुमार, सहायक रजिस्ट्रार (सीवीओ कार्यालय) उपस्थित थे। सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के तीन महीने के अभियान के तहत संस्थान के सीवीओ कार्यालय द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा थे। एक घंटे तक चलने वाले प्रशिक्षण के दौरान श्री सुबोध कांत ने गवर्नमेंट फण्ड (सरकारी धन) के माध्यम से वस्तुओं की खरीद, गवर्नमेंट फण्ड (सरकारी धन) के माध्यम से कार्यों की खरीद और कंसल्टेंसी सर्विसेज (परामर्श सेवाओं) की खरीद के संबंध में सामान्य वित्तीय नियमों और भारत सरकार के दिशानिर्देशों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने भुगतान, पीवीसी आदि सहित कॉन्ट्रैक्ट मैनेजमेंट (अनुबंध प्रबंधन) के विभिन्न पहलुओं पर भी प्रकाश डाला। प्रशिक्षण कार्यक्रमों की श्रृंखला के हिस्से के रूप में, वित्तीय बाजारों से संबंधित संगठन और साइबर अपराध की प्रणाली और प्रक्रिया पर एक सत्र की अध्यक्षता 30 सितंबर को आईआईटी (आईएसएम) के रजिस्ट्रार प्रबोध पांडेय ने की, जिसके बाद 1 अक्टूबर को केंद्रीय खनन और ईंधन अनुसंधान संस्थान (सीआईएमएफआर) के सीओए आलोक शर्मा द्वारा संचालन नियमों पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

# बजा विधानसभा चुनाव का बिगुल, धनबाद के सभी 06 सीटें बनी हॉट केक

**चुनाव**

**मोहन उपाध्याय**

**धनबाद :** झारखंड में चुनाव का बिगुल बज चुका है। आयोग ने चुनाव की तारिखों का ऐलान कर दिया। झारखंड में दो चरण में चुनाव होने है। नतीजे 23 नवंबर को आने है। ऐसे में चुनाव की पहले से बिछ चुकी बिसात अब खुलकर मतदाताओं के बीच आ चुकी है। लोग-बाग अपने-अपने समझ से चुनाव के परिदृष्य और परिणाम की चर्चा करना शुरू कर दिया है। धनबाद जिले के छह विधानसभा सीटों में धनबाद, झरिया, सिन्दरी, बाघमारा और निरसा एवं टुंडी में 20 नवबंर को चुनाव होने है। सभी पार्टियां अपनी-




अपनी ताल ठोक रही है। सत्ता पक्ष अपने विकास तो विपक्ष वादाखिलाफी के मंच से अपनी चुनावी वैतरणी पार करने का प्रयास करेगी। वर्तमान में धनबाद जिला के छह विधानसभा में चार भाजपा, एक जेएमएम एवं एक कांग्रेस के पास है। ऐसे में धनबाद में भाजपा मजबूत स्थिति में दिखायी देती है। हालांकि जयराम महतो की पार्टी जेबीकेएसएस को छोड़कर कोई भी राजनैतिक पार्टी ने धनबाद के किसी भी विधानसभा से अपने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं किया है। ऐसे में प्रत्याशीयों का चुनाव और उसके हार-जीत को देखना एक दिलचस्प पहलू होगा। राज्य में भाजपा, आजसू और जदयू के साथ गठबंधन है। धनबाद में निवर्तमान विधायक भाजपा से राज सिन्हा है। जो कि पिछले दो चुनावों में अपनी जीत दर्ज कर पार्टी में अपनी दावेदारी मजबूत बता रहे है। हालांकि पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान राज सिन्हा पर पार्टी विरोधी होने का दाग लगा था। जिससे कार्यकर्ताओं में भारी निराशा देखी गयी थी। और यह अदांजा लगाया गया कि आने वाले विधानसभा में इनके उम्मीदवारी पर ग्रहण लग सकता है। और तो और अभी कुछ दिन पहले भी राज सिन्हा का तथाकथित एक ऑडियो वायरल हुआ जिसमें यह कहते हुए सुना गया कि वे अपने दम पर चुनाव जितते है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि धनबाद विधानसभा से भाजपा किसे अपना उम्मीदवार बनाती है। वैसे यह राजनीति है, इसमें ऊंट किस करवट बैठेगा शायद यह किसी को भी पता नहीं होता। वहीं कांग्रेस में भी कुछ साफ नहीं है। पांच विधानसभा में से एक सीट झरिया जो कांग्रेस के कब्जे में है। राज्य में पार्टी का झामुमो, राजद के साथ गठबंधन है। मुख्यमंत्री की कुर्सी पर जेएमएम काबिज है तो जाहिर है कांग्रेस को सत्ता पक्ष का बूस्टर साथ देगा। लेकिन प्रत्याशी को लेकर सीट कायम है। वैसे भी भाजपा की तरह कांग्रेस में भी गुटबाजी चरम पर है। अलाकमान को गुटबाजी कुंद करने में काफी मेहनत करनी होगी। झरिया, धनबाद लोकसभा में झरिया विधानसभा हॉट सीट मानी जाती है। जिसपर एक ही घराने के सदस्यों चाहे वो किसी भी पार्टी में हो उनका कब्जा रहा है। कोलियरी क्षेत्र होने के कारण यहां मजदूरों की संख्या अधिक है। ऐसे में ट्रेड यूनियनों का राजनीति में हाथ अजमाने का ट्रेंड चलता आ रहा है। यहां चुनाव में हार जीत में इन यूनियनों का अच्छा खासा दबदबा रहता है। वैसे अभी यह सीट कांग्रेस के पास है। निवर्तमान विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह है। जो झरिया विधानसभा क्षेत्र में विकास की गंगा बहाने का दावा कर रही है। वोटर अपनी खुली आंखों से उनके विकास को तौल रही है। वहीं भाजपा इस सीट को कब्जाने के लिए अपना सारा दांव लगा रही है। दो मुख्य समस्या पानी-बिजली को लेकर दोनों पार्टी अपने स्तर से एक दूसरे का काट खोजते दिख रहे है। यहां तो तय माना जा रहा है कि कांग्रेस अपने पुराने उम्मीदावार पे ही दांव लगायेगी तो भाजपा में भी रागिनी सिंह की उम्मीदवारी तय मानी जा रही है। झरिया के कुछ बूथों पर भाजपा तो कुछ बुथों पर कांग्रेस मजबूत स्थिति में दिखायी पड़ती है। इस विधानसभा चुनाव में भाजपा के कार्यकर्ता भी उत्साह के साथ इस पर्व में उतर रही है तो कांग्रेस अपने किये गये कार्य पर चुनाव जितने का प्रयास कर रही है। इस बीच माकपा माले के पूर्व विधायक अरुप चटर्जी ने यह कह कर सभी को चौकाया कि झरिया से वह अपना उम्मीदवार देंगे। माले का मजदूरों के बीच गहरी पैठ है। ऐसे में दो प्रमुख पार्टियां कांग्रेस और भाजपा की धड़कने बढ़ना लाजमी है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि झरिया विधानसभा में त्रिकोणीय लड़ाई का मैदान तैयार होगा या फिर दो पक्षीय।

## सम्पादकीय.....

# भारत-अमेरिकी रक्षा डील


**भारत** की चारों दिशाओं से सीमाओं को सुरक्षित करने की दृष्टि से एक अच्छी खबर आई है। अमेरिका के साथ 31 एमक्यू -9इ ड्रोन (प्रीडेटर ड्रोन) खरीदने की डील साइन कर ली गई है। वस्तुतः एमक्यू-9बी प्रीडेटर ड्रोन को लेकर भारत-अमेरिका का यह अनुबंध इसलिए खास है क्योंकि इसके जरिए टारगेट को दूर से ही खत्म किया जा सकता है । इस ड्रोन को बनाने वाली कंपनी जनरल एटॉमिक्स, इसके मल्टीटैलेंटेड होने का दावा करती है। उसका कहना है कि जासूसी, सर्विलांस, इन्फॉर्मेशन कलेक्शन के अलावा एयर सपोर्ट बंद करने, राहत-बचाव अभियान और हमला करने के लिए इसका इस्तेमाल हो सकता है। ड्रोन 2177 किलोग्राम का पेलोड अपने साथ ले जा सकते हैं। इनमें लेजर गाइडेड मिसाइल, एंटी टैंक मिसाइल और एंटी शिप मिसाइलें लगी हैं। ये मानवरहित ड्रोन रिमोट से संचालित किए जाते हैं। एक साथ जमीन से लेकर आसमान और समंदर से लॉन्च किए जा सकते हैं। यह एक बार उड़ान भरने के बाद 1900 किलोमीटर क्षेत्र की निगरानी कर सकता है। हालांकि भारत के पास पहले से ही चार ताकतवर ड्रोन मौजूद हैं, किंतु इनसे भारतीय बेड़े में शामिल होने से सेना की ताकत हवा में बहुत बढ़ जाएगी । अभी भारत के पास जो ड्रोन हैं, उनमें स्वार्म ड्रोन की यह खासियत है कि वह छोटे-छोटे ड्रोन्स में एक साथ मिलकर हमले को अंजाम देते हैं। इसी तरह से दूसरा हरोप ड्रोन एक इजराइली ड्रोन है। अभी भारतीय सेना के पास यह 150 से ज्यादा हैं। तीसरा, हेरॉन ड्रोन और चौथा सर्चर भी इजराइली ड्रोन हैं, जिसमें कि भारतीय सेना में हेरॉन ड्रोन की तैनाती लद्दाख क्षेत्र की नगरानी करने के लिए की गई है। वहीं, सर्चर ड्रोन को भारतीय सेना लंबी दूरी की सर्विलांस के लिए इस्तेमाल कर रही है। अब इस नए ड्रोन एमक्यू-9बी के सेना में शामिल होने के बाद भारत की सीमाओं की चौकसी करना और अधिक आसान होगा। इसकी सबसे बड़ी खासियतों में बिना आवाज किए काम करने की है। यह जमीन से 250 मीटर की ऊंचाई पर उड़ सकता है। इसके बाद भी टारगेट को इसकी भनक नहीं लगती। यह 442 किलोमीटर की दूरी पर सिर्फ एक घंटे में पहुंच जाता है। पाकिस्तान-चीन या अन्य किसी सीमा पर ड्रोन को बहुत अधिक ऊंचाई पर उड़ाया जाएगा तो वह भारत की सीमा में रहते हुए भी यह जान लेगा कि उनकी सीमाओं के अंदर क्या चल रहा है। साथ ही ये ड्रोन हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस की कैटेगरी में आते हैं यानी कि यह 40 घंटे से अधिक समय तक किसी भी प्रकार के मौसम से प्रभावित हुए बिना उड़ान भर सकते हैं। ड्रोन की रेंज 1850 किलोमीटर तक है । एक तरीके से भारत के हाथ में ये ड्रोन आने के बाद इस्लामाबाद से लेकर पाकिस्तान से ज्यादातर शहर नई दिल्ली की जद में होंगे। यही स्थिति भारत की दूसरी सीमाओं से सटे देशों की है। यह सवाल महत्वपूर्ण है कि आखिर भारत सरकार ने अमेरिका से इसी ड्रोन को खरीदने में अपनी सबसे ज्यादा रुचि क्यों दिखाई? जब इस प्रश्न का जवाब खोजने का प्रयत्न किया गया, तब अमेरिकी स्टेट डिपार्टमेंट की वेबसाइट के अध्ययन से ध्यान में आया कि ये सर्च और रेस्क्यू से लेकर लॉ एनफोर्समेंट, बॉर्डर एनफोर्समेंट, काउंटर अटैक जैसे मिशन के लिए बेहद कारगर साबित होते रहे हैं और हर बार अपने को सिद्ध करते रहे हैं। अमेरिका ने जहां भी इनका प्रयोग किया, इसके जरिए वह जमीन से लेकर हवा तक अपने दुश्मनों को समाप्त करने के बहुत हद तक सफल रहा। साल 2022 में अमेरिका ने अलकायदा के खूंखार आतंकवादी अयमान-अल-जवाहिरी को काबुल में इन्हीं ड्रोन्स के जरिए ही मार गिराया।

## ● किसने क्या कहा



एससीओ सदस्य देश क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को मान्यता दें

**एस जयशंकर**
**विदेश मंत्री**



देशभर में गया है हरियाणा में भाजपा की जीत का संदेश

**अमित शाह**
**गृह मंत्री**

# खेती में महत्वपूर्ण भूमिका निभानेवाली महिला शक्ति की चर्चा कम क्यों

**विशेष** — वात्सल्य राय

अब एक सवाल क्या आपने ए.म पप्पम्मल का नाम सुना है? उन्हें रंगम्मल भी कहा जाता था। अगर आपने ये नाम नहीं सुना तो आपको उनके बारे में जरूर जानना चाहिए। वो देश की सबसे उम्रदराज किसान थीं। सौ साल की उम्र पार करने के बाद भी वो खेत में काम करती थीं। बीते महीने यानी 27 सितंबर को उनका निधन हुआ है। उन्हें अपने योगदान के लिए पद्म श्री से सम्मानित किया गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी और जैविक खेती के क्षेत्र में उनके योगदान को याद किया। आप अपने आसपास देखें, गांवों में जाएं या गांवों में रहते हैं, इर्दगिर्द देखें आपको ऐसी कई महिला किसान मिल जाएंगी, जो प्रेरणा देती हैं। खेती में तो महिलाएं योगदान दे ही रही हैं लेकिन जानवरों को पालने, चारा इकट्ठा करने, दूध निकालने, सामुदायिक प्रबंधन में तो वो एक तरह से सबसे अहम भूमिका निभा रही हैं।

**आज** महिला किसान दिवस था। हर वर्ष 15 अक्टूबर को यह दिवस देश की महिला किसानों की उपलब्धियों को रेखांकित करने के लिए मनाया जाता है। पर आज दिन भर में वैसा कोई उत्साह देखने को नहीं मिला, जैसा होना चाहिए था। वस्तुतः महिला किसान आज की तारीख में देश की खेती किसानी और इससे जुड़े सहायक उद्योगों की रीढ़ हैं। जिस तरह शरीर में रीढ़ की हड्डी दिखाई नहीं देती है लेकिन उसके बिना शरीर का सीधा रह पाना असंभव होता है, उसी तरह महिला किसान और उनके योगदान की चर्चा कम ही होती है लेकिन आज देश, अगर खेती के क्षेत्र में आत्मनिर्भर है तो इसमें सबसे बड़ा योगदान महिला किसानों का ही है। जो गांवों से दूर हैं, उन्हें ये बात भले ही हैरान करे लेकिन जो लोग गांवों में रहते हैं, वो इस सच को बखूबी जानते हैं। ज्यादा समय नहीं बीता है, आर्थिक उदारीकरण से पहले के दौर की बात है, स्कूलों में पढ़ाया जाता था कि हमारा देश भारत कृषि प्रधान देश है। उदारीकरण के पहले देश की कुल जीडीपी यानी सकल घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र का योगदान 29 फीसदी था जो अब घटकर 15 से 17 फीसदी रह गया है। खेती किसानी से जुड़े लोग नौकरी और रोजगार के दूसरे क्षेत्रों की ओर बढ़ गए और बदलते दौर में महिलाओं का खेती के क्षेत्र में योगदान और बढ़ गया। हम आजादी के बाद के दौर की स्थिति देखते हैं तो याद आता है कि तब भारत खाद्यान्न के क्षेत्र में भी दूसरे देशों पर आश्रित था। स्थिति यह थी कि हमें बाहर से खाने का सामान आयात करना पड़ता था। लेकिन किसानों ने अपनी मेहनत और नई तकनीक के इस्तेमाल से हरित क्रांति कर दी। आर्थिक उदारीकरण के बाद शहरीकरण बढ़ा और गांव के लोग भी नौकरी के लिए शहरों का रुख करने लगे। इसके बाद भी खेती का ढांचा जस का तस बना रहा तो इसका श्रेय सिर्फ और सिर्फ महिला किसानों को है। अगर हम आंकड़ों की बात करें तो महिला किसानों के योगदान को सही तरीके से नहीं समझ पाएंगे। आंकड़े आखिर बताते क्या हैं? आंकड़ों के मुताबिक खेती में लगी कुल श्रम शक्ति में महिलाओं का योगदान 33 फीसदी है और स्वरोजगार करने वाले किसानों में महिलाएं 48 फीसदी हैं। लेकिन हकीकत में महिलाओं का योगदान इससे कहीं ज्यादा है। भारत के गांवों में रहने वाली महिलाओं में से करीब 80 फीसदी या उससे ज्यादा खेती या उससे जुड़े कारोबारों में योगदान देती हैं।

जिन घरों के पुरुष नौकरियों के लिए बाहर चले गए हैं, वहां तो खेती का सारा इंतजाम ही महिलाएं देखती हैं। महिलाएं बीज पैदा करने, बुआई और कटाई के अलावा उपज को दूसरे उत्पादों में बदलने और फसल बेचने के काम में भी जुड़ी हैं। डेयरी चलाने, दूध पैदा करने और पशुधन से जुड़े कारोबार में तो भारतीय किसान महिलाओं की कहानी पूरी दुनिया सुना रही है। हो सकता है आपने भी ये कहानी सुनी हो।

उदारीकरण के दौर के बाद छोटे छोटे बच्चे भी जानते हैं कि देश का सबसे अमीर उद्योगपति कौन है। देश का सबसे ज्यादा कमाई करने वाला फिल्म स्टार कौन है। या देश में सबसे ज्यादा कमाई कौन सा क्रिकेटर करता है। लेकिन ऐसी ही सुर्खियों के बीच महिला किसान भी हेडलाइन बना रही हैं। इनमें से एक कर्नाटक की महिला किसान राजेश्वरी हैं। तुमकुर ज़िले की राजेश्वरी ने साल 2019 में पांच गायों के साथ कारोबार शुरू किया था और आज उनके पास 46 गायें हैं और वो सात लाख रुपये महीने कमाती हैं। पशुपालन के साथ वो मक्का और कपास की खेती भी करती हैं। ऐसी ही महिलाओं के दम पर ही भारत में श्वेत क्रांति हुई। देश में एक लाख नब्बे हजार से ज्यादा डेयरी सहकारी समितियां काम कर रही हैं। इनसे 60 लाख से ज्यादा महिलाएं जुड़ी हुई हैं। पिछले सालों में अमूल डेयरी की ओर से जारी ऐसी 10 महिला किसानों की लिस्ट बहुत चर्चा में थी, जो अमूल डेयरी को दूध बेचकर करोड़पति बनीं। ऐसी किसान महिलाएं उदाहरण पेश कर रही हैं और इसके पीछे उनकी बेहतर सोच है। महिलाएं अपनी और पूरे ग्रामीण क्षेत्र की तरक्की के बारे में सोच रही हैं। कारोबार में कामयाबी हासिल करने वाली महिलाएं सिर्फ मेहनत नहीं करती हैं। वो किस तरह से मेहनत की जाए, इसका प्रशिक्षण भी हासिल करती हैं। इंटरनेशनल डेवलपमेंट रिसर्च सेंटर के आंकड़े बताते हैं कि सिर्फ वित्तीय सहायता हासिल करने वाली महिला किसानों की कामयाबी दर 57 फीसदी है। वहीं सहायता के साथ प्रशिक्षण लेने वाली महिलाओं की कामयाबी दर 93 प्रतिशत है। हाल में मुझे जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा से लंबी बात करने का मौका मिला। उन्होंने बताया कि जम्म कश्मीर की महिलाओं में हुनर बहुत है। जम्मू कश्मीर में आठ लाख से ज्यादा महिलाएं सेल्फ हेल्प ग्रुप यानी स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हैं। जम्मू कश्मीर में खेती और उससे जुड़ा कारोबार बड़ा सेक्टर है। जम्मू कश्मीर के 13 लाख परिवार कृषि क्षेत्र से जुड़े हैं। ये कुल आबादी का 70 प्रतिशत हिस्सा है। जाहिर है इसमें महिलाओं की भूमिका अहम है।

# बीएसएनएल : कहीं भीतरघात का शिकार तो नहीं ?

**गौरतलब** — निर्मल रानी

यदि बीएसएनएल ईमानदारी से चाहे तो कम से कम समय में अपने उपभोक्ताओं को हो रही इन परेशानियों से निजात दिला सकता है। और यदि बीएसएनएल की ओर से पूरे देश के हर कोने तक अपना नेटवर्क व पूरा सिग्नल पहुंचा दिया जाये और उसकी गति में सुधार कर दिया जाये तो निश्चित रूप से निजी कम्पनीज की तरफ से अभी और भी करोड़ों उपभोक्ता अपना मुंह फेर लेंगे। परन्तु सत्ता में बैठे उद्योगपतियों के वे शुभचिंतक जो वास्तव में सरकार में उद्योगपतियों व कॉर्पोरेट घरानों के हितों के न केवल पैरोकार हैं बल्कि सच पूछिए तो उन्हीं के सीधे प्रतिनिधि के रूप में सत्ता में अहम पदों पर बैठे हुये हैं। ऐसे लोगों के सत्ता के शीर्ष पदों पर रहते क्या बीएसएनएल, प्रमुख निजी टेलीकॉम कंपनियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा कर सकेगा ? बीएसएनएल मोबाइल के मौजूदा नेटवर्क तथा उसकी मंद गति को देखकर इस बात पर संदेह होना स्वाभाविक है।

**भारत** संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) भारत सरकार के केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (पीएसयू) का एक प्रमुख एवं लोकप्रिय उपक्रम है। बीएसएनएल का स्वामित्व दूरसंचार विभाग के पास है और दूरसंचार विभाग संचार मंत्रालय का एक हिस्सा है। भारत सरकार ही बीएसएनएल की 100% शेयर पूंजी का मालिक भी है। इस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में संचार मंत्रालय का कामकाज अश्विनी वैष्णव देख रहे हैं जोकि भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री हैं। हालाँकि भारतीय संचार क्षेत्र में रिलायंस जियो, भारती एयरटेल तथा वोडाफोन आइडिया जैसे और भी कई छोटी व क्षेत्रीय निजी कम्पनीज सक्रिय हैं परन्तु इन सबसे प्रतिस्पर्धा होने के बावजूद आज भी बीएसएनएल को देश में सबसे अधिक उपभोक्ता रखने का गौरव हासिल है। आंकड़ों के मुताबिक जुलाई 2024 तक बीएसएनएल के पास देश में लगभग 88.512 मिलियन मोबाइल फोन के ग्राहक थे। इसका मुख्य कारण यह भी था कि देश की प्रमुख टेलीकॉम कंपनियों ने जून 24 में ही अपने अपने मोबाइल टैरिफ बढ़ा दिये थे। इनमें रिलायंस जियो ने जहां 27 जून को अपने टैरिफ में 12 से 27 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी वहीं भारती एयरटेल ने 8 जून को अपना टैरिफ 11 से 21 प्रतिशत तक बढ़ा दिया था। इसी तरह वोडाफोन आइडिया ने भी 29 जून,24 को अपना टैरिफ 10 से 24 प्रतिशत तक बढ़ा दिया। इसी बढ़ोतरी के फौरन बाद ही बीएसएनएल में 2.93 मिलियन ग्राहकों की वृद्धि हुई । जबकि निजी दूरसंचार कंपनियों को अपने करोड़ों ग्राहकों से हाथ धोना पड़ा। उस समय बीएसएनएल ने पहली बार ग्राहकों की इतनी वृद्धि दर्ज की थी। जून- जुलाई 24 में बीएसएनएल ने लगभग 2.9 मिलियन उपयोगकर्ता अपने साथ जोड़े। बीएसएनएल को ऐसा ही एक अवसर उस समय भी हाथ लगा था जबकि 2020-2021 में हुये किसान आंदोलन के समय पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश के किसानों द्वारा 2020 में भारतीय संसद द्वारा पारित तीन कृषि अधिनियमों के विरुद्ध आंदोलन चलाया जा रहा था। उस समय किसान, अंबानी - अडानी द्वारा संचालित उद्यमों व उपक्रमों का भी विरोध कर रहे थे। किसानों का कहना था कि मोदी सरकार अंबानी - अडानी जैसे निजी उद्योगपतियों को फायदा पहुँचाने के लिये ही तीन कृषि अधिनियम लाई है। इसलिये किसानों द्वारा पंजाब,हरियाणा में रिलायंस जियो का भी बड़े पैमाने पर विरोध यहां तक कि बहिष्कार किया जा रहा था। रिलायंस जियो के तो कई मोबाईल टावर्स में भी उस समय तोड़ फोड़ की खबरें आई थीं। बहरहाल जिन उपभोक्ताओं को लुभाने के लिए निजी कम्पनीज सैकड़ों हजारों करोड़ रुपए विज्ञापन या प्रलोभन में खर्च करती हैं वही उपभोक्ता बिना किसी प्रयास के बीएसएनएल को स्वयं ही मिल रहे थे इससे बड़ी लोकप्रियता की बात बीएसएनएल के लिये और क्या हो सकती है? परन्तु चिंता का विषय है कि देश का सबसे बड़ा संचार नेटवर्क होने के बावजूद नेटवर्क और स्पीड दोनों ही मामलों में बीएसएनएल अपने में सुधार नहीं कर पा रहा है। उत्तर प्रदेश,उत्तरांचल व हरियाणा यहाँ तक कि चंडीगढ़ में तो इसकी गति नाममात्र है। सवाल यह है कि देश का सबसे बड़ा व सबसे साधन संपन्न नेटवर्क व सबसे अधिक टावर्स रखने के बावजूद आखिर क्या वजह है कि गांव में तो दूर शहरों तक में इसके पूरे मोबाईल सिग्नल नहीं आ पाते ? आज के युग में जबकि 5 -10 रुपये से लेकर लाखों रुपए तक की लेनदेन मोबाईल गूगल या पे फोन जैसे माध्यमों से की जा रही हो,ऐसे में अन्य निजी कम्पनीज की ही तरह बीएसएनएल का भी राष्ट्रव्यापी नेटवर्क तीव्र गति के साथ उपलब्ध होना बेहद जरूरी है। परन्तु एक तरफ तो देशभक्ति का जज्बा रखने वाले ग्राहकों का बीएसएनएल की ओर आकर्षित होना और दूसरी तरफ बीएसएनएल द्वारा अपने ग्राहकों की जरूरतों और नेटवर्क व स्पीड की कमी के चलते उन्हें होने वाली परेशानियों की अनदेखी करना या इसका तत्काल समाधान न करना बीएसएनएल के ग्राहकों के मन में संदेह जरूर पैदा करता है।

दरअसल पिछले एक दशक से ऐसी तमाम खबरें आ रही हैं जिनसे यह पता चलता है कि सरकारें उद्योगपतियों व कॉर्पोरेट घरानों की हितैषी के रूप में काम कर रही हैं। जिसतरह विद्युत, रेल, बंदरगाह, इन्शुरन्स, बैंकिंग, तेल, गैस, कोयला, सैन्य सामग्री, विमानन व संचार जैसे अनेक क्षेत्रों में सरकारों की सरपरस्ती में उद्योगपतियों व कॉर्पोरेट घरानों का दखल बढ़ा है और देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी इन उद्योगपतियों के लिये व्यवसायिक आधार तैयार कर कई देशों में इन्हें माइनिंग,बिजली व निर्माण आदि के ठेके दिलवाये गये हैं उन्हें देखकर यह संदेह होना भी स्वभाविक है कि कहीं बीएसएनएल को बदनाम करने व इसे कमजोर करने के लिये ही तो यह षड्यंत्र किसी बड़ी व सत्ता संरक्षित साजिश के तहत तो नहीं किया जा रहा?

## आज का इतिहास

- ग्रीसवाल्ड विश्वविद्यालय की स्थापना 1456 में हुई। यह उत्री यूरोप का दूसरा सबसे पुराना विश्वविद्यालय है।
- हैती क्रांति के पूर्व नेता और हैती के सम्राट जैक्स प्रथम की उनके दमनकारी शासन के बाद 1806 को हत्या कर दी गयी.
- कलकत्ता बंदरगाह को 1870 में एक संवैधानिक निकाय प्रबंधन के तहत लाया गया।
- जॉन ए मैकडॉनाल्ड पांच वर्ष तक सरकार में विपक्ष की भूमिका निभाने के बाद एक बार फिर कनाडा के प्रधानमंत्री 1878 में चुने गये.
- वैज्ञानिक थामस अल्वा एडिसन ने ऑप्टिकल फोनोग्राफ के पेटेंट के लिए 1888 में आवेदन किया।
- बुल्गारिया, यूनान और सर्बिया ने ओटोमन साम्राज्य के खिलाफ लड़ाई की घोषणा 1912 में की।
- प्रथम विश्व युद्ध में ब्रिटेन ने 1917 को पहली बार जर्मनी पर हवाई हमले किये।
- प्रसिद्ध वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन नाजी 1933 में जर्मनी से अमेरिका चले गये।
- द्वितीय विश्व युद्ध में पहली बार जर्मनी की पनडुब्बी ने एक अमेरिकी पोत पर 1941 में हमला किया।
- मदर टेरेसा को 1979 में शांति के लिये नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया।
- पश्चिम एशिया शांति वार्ता 2000 को सम्पन्न, दोनों पक्ष बिल क्लिंटन के तीन सूत्रों पर सहमत।
- चीन ने अंतरिक्ष में एशिया के पहले और रूस के बाद तीसरे देश के रूप में अंतरिक्ष में मानव भेजने में 2003 को सफलता प्राप्त की।
- ब्रिटिश लेखक डीबीसी पियरे के पहले उपन्यास 'वेरनारन गॉड लिटिल' को प्रतिष्ठित बुकर पुरस्कार देने की घोषणा 2003 को की गई।
- न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री क्लार्क 2004 में भारत पहुंची। गुआंतानामो बे बंदीगृह में अमेरिकी सैनिकों द्वारा बंदियों को अमानवीय यातनाएं दिये जाने का रहस्योद्घाटन।

## सुविचार

साधारण और असाधारण व्यक्ति के बीच का अंतर थोड़ा सा अतिरिक्त है, यही अतिरिक्त उस व्यक्ति को असाधारण बनाता है।

**अज्ञात**

कभी भी आप ऐसा न सोचें कि आप क्या कर सकते हैं, बल्कि आप हमेशा ऐसा सोचें कि आप क्या नहीं कर सकते हैं।

**जान वुडेन**

# मलेरिया से भी गंभीर है डेंगू का दंश

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

**भारत** सहित दुनिया के देशों में डेंगू का प्रकोप तेजी से बढ़ता जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन सहित दुनिया के देश डेंगू को लेकर अब गंभीर हो गए हैं। इसका बड़ा कारण है कि दुनिया के 130 देश डेंगू की जद में आ चुके हैं। ऐसा माना जा रहा है कि इस समय 4 अरब लोग डेंगू से प्रभावित हो रहे हैं और 2050 तक यह आंकड़ा पांच अरब को पार कर जाएगा। भारत की बात की जाए तो देश के लगभग हर प्रदेश में डेंगू के नित नए केस सामने आ रहे हैं। भले यह माना जाता हो कि डेंगू के कारण मौत की दर बहुत कम है और सामान्यतः डेंगू सामान्य पेरासिटामोल व डॉक्टरों की सलाह के अनुसार पेय पदार्थ एलोरा जूस आदि लेने से ठीक हो सकता है। सामान्यतः यह माना जाता है कि डेंगू के कारण तेजी से प्लेटरेट में कमी आती है पर विशेषज्ञों का मानना है कि प्लेटरेट से भी ज्यादा गंभीर होता है ब्लड प्रेशर में कमी आना है। प्लेटरेट के साथ ब्लडप्रेशर को नियंत्रित रखना जरूरी हो जाता है। यह ध्यान रखना अधिक जरूरी हो जाता है कि ब्लड प्रेशर लो नहीं होना चाहिए। डेंगू का असर सीधे लीवर पर पड़ता है और ब्लड के अंतःस्राव की समस्या हो जाती है। जो अपने आप में गंभीर होती है। उल्टी होने से डिहाईड्रेशन की समस्या अधिक गंभीर हो जाती है। समस्या यह है कि डेंगू का तीन-चार दिनों बाद पता चलता है। इसलिए सावधानी सबसे बड़ी जरूरी हो जाती है।

डेंगू के लगातार बढ़ते प्रकोप के बीच दुनिया के विभिन्न देश इससे जूझने की व्यापक तैयारियां कर रहे हैं। इंडोनेशिया में ड्रोन से सर्वे कर मच्छरों के लार्वा की खोज करके नष्ट करने का यह परिणाम रहा है कि डेंगू के मामलों में 70 फीसदी तक कमी आई है। इसी तरह डेंगू से बचाव के लिए डेंगू मच्छर का खात्मा करने वाले एंटीडेंगू मच्छर को दुनिया के करीब 14 देशों में छोड़े जाने का निर्णय किया गया है। वैज्ञानिकों द्वारा प्रयोगशाला में एंटीडेंगू मच्छर का सफल प्रयोग किया जा चुका है और ब्राजील में बड़ा केन्द्र बनाते हुए बोल्वाशिया मच्छर का उत्पादन आरंभ कर दिया गया है। हालांकि किन 14 देशों में एंटी डेंगू मच्छरों को छोड़ा जाएगा यह निर्णय विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अभी किया जाना है। पर एक बात साफ हो चुकी है कि डेंगू पर समय रहते रोक अभियान चलाया जाना आवश्यक है क्योंकि डेंगू अब किसी देश की सीमा में बंधा नहीं रह गया है।

देश-दुनिया की सरकारों और विश्व स्वास्थ्य संगठन के सामने डेंगू बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। डेंगू की गंभीरता को देखते हुए ही गैर सरकारी वर्ल्ड मास्कीटों प्रोग्राम के तहत एंटीडेंगू मच्छर विकसित किया गया है। 2023 में इंडोनेशिया में इनका प्रयोग किया जा चुका है और इनके प्रभाव से 95 प्रतिशत तक सकारात्मक प्रभाव देखा गया है। 2011 में आस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में लगातार चार बरसाती सीजन में एंटीडेंगू मच्छर का प्रयोग किया गया और दावा किया गया कि वहां चार बरसातों में एक भी डेंगू का मामला सामने नहीं आया। इन मंच्छर में एक बैक्टिरिया वोल्वाशिया पापीएंटिस डाला गया है। वैज्ञानिकों का दावा है कि इससे बीमारी वाले मच्छरों को वायरस फैलाने से रोकने में सफल होंगे। अब तक के परीक्षणों में यह खरे भी उतरे हैं। डेंगू एडीज एजिप्टी प्रजाति की मादा मच्छर के कारण बरसात के दिनों में तेजी से फैलता है। जमा पानी और गंदगी आदि में डेंगू मच्छर तेजी से बढ़ते हैं।

# भारत में स्वास्थ्य सेवा में बदलाव : आयुष्मान भारत पीएमजेएवाई का प्रभाव

**गौरतलब** — डॉ. विनोद के पॉल

एक महत्वाकांक्षी व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल मिशन के माध्यम से सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) के इस दूसरे घटक पर समान रूप से गौर किया जा रहा है, जिसके तहत 1,75,000 से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) स्थापित किए गए हैं, जिन्हें पहले स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र कहा जाता था। इनमें परामर्श और कई दवाएं (172 तक) और निदान (63 तक) नि:शुल्क प्रदान किए जा रहे हैं। वर्तमान में सरकारी प्रयासों का केंद्र इन दोनों प्रणालियों में देखभाल का सुदृढ़ दो-तरफा सम्मिलन और निरंतरता है।

**राजू** (बदला हुआ नाम), आयु 18 वर्ष, को सामान्य रूप से चलते हुए भी सांस लेने में तकलीफ होती थी और वह थकान महसूस करता था। साल 2017 में उसे सीने में दर्द के कारण दिल की गंभीर बीमारी से पीड़ित होने के बारे में पता चला। इलाज की अंतहीन जद्दोजहद में उसके पिता ने परिवार के मवेशी और जमीन तक बेच डाली और पांच लाख रुपये से अधिक रकम के कर्ज में डूब गए। साल 2019 में, उन्हें आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएमजेएवाई) की ओर से एक पत्र मिला, लेकिन उन्होंने इसको ज?यादा अहमियत नहीं दी। साल 2022 में राजू की हालत बिगड़ गई, जिसके लिए फौरन सर्जरी करने की आवश्यकता थी। वे हताश और बेबस हो चुके थे। तभी अस्पताल के एक कर्मचारी ने उनके परिवार को पीएमजेएवाई के बारे में पता करने की सलाह दी और उनकी पात्रता की पुष्टि की। इसकी बदौलत राजू की लगभग 1.83 लाख रुपये की लागत वाली जीवन रक्षक सर्जरी संभव हो सकी। आखिरकार, 67 दिन बाद उसे नए सिरे से जिंदगी शुरू करने के लिए अस्पताल से छुट्टी दे मिल गई।

आशा, सेहत और खुशी से भरपूर यह कहानी, उन अनगिनत कहानियों में से एक है, जो एबी पीएमजेएवाई के लाभार्थियों के जीवन के इर्द-गिर्द बुनी गई हैं। बीते छह वर्षों में इस योजना के तहत अस्पतालों में लगभग 7.8 करोड़ दाखिलों के साथ पीएम-जेएवाई ने लाखों लोगों के जीवन को बेहतर बनाया है और उनके प्राणों की रक्षा की है और साथ ही, उन रोगियों के परिवारों को अस्पताल के खर्च के कारण गरीबी और पीड़ा के चंगुल में फंसने से भी बचाया है। यह योजना माननीय प्रधानमंत्री द्वारा परिकल्पित सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) के लिए भारत की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

पीएमजेएवाई ने प्रति लाभार्थी परिवार द्वितीयक और तृतीयक उपचार के लिए 5 लाख रुपये तक की निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा प्रदान करके सरकारी और निजी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी के आधार को छुआ है। निजी स्वास्थ्य बीमा कंपनियों द्वारा प्रचारित भारी-भरकम रकम की तुलना में यह राशि छोटी लग सकती है, लेकिन योजना की रूपरेखा और पैमाने को देखते हुए लाखों परिवारों के लिए इस राशि का प्रभाव जीवन बदलने वाला और जीवन रक्षक है। योजना की रूपरेखा के अनुसार, पीएमजेएवाई का उद्देश्य अस्पताल में भर्ती रोगियों को द्वितीयक और तृतीयक देखभाल उपलब्ध कराना है, तथा बहिरंग रोगी सेवाएं इस योजना के अंतर्गत नहीं आती।

## भक्त के भीतर रहते हैं कृष्ण

**जब** भगवान चैतन्य बनारस में हरे कृष्ण महामंत्र के कीर्तन का प्रवर्तन कर रहे थे, तो हजारों लोग उनका अनुसरण कर रहे थे। तत्कालीन बनारस के अत्यंत प्रभावशाली और विद्वान प्रकाशानंद सरस्वती उनको भावुक कहकर उनका उपहास करते थे। कभी-कभी भक्तों की आलोचना दार्शनिक यह सोचकर करते हैं कि भक्तगण अंधकार में हैं और दार्शनिक दृष्टि से भोले-भाले भावुक हैं, किंतु यह तथ्य नहीं है। ऐसे अनेक बड़े-बड़े विद्वान पुरुष हैं, जिन्होंने भक्ति का दर्शन प्रस्तुत किया है। किंतु यदि कोई भक्त उनके इस साहित्य का या अपने गुरु का लाभ न भी उठाए और यदि वह अपनी भक्ति में एकनिष्ठ रहे, तो उसके अंतर से कृष्ण स्वयं उसकी सहायता करते हैं।अतः कृष्णभावनामृत में रत एकनिष्ठ भक्त ज्ञानरहित नहीं हो सकता। इसके लिए इतनी ही योग्यता चाहिए कि वह पूर्ण कृष्णभावनामृत में रहकर भक्ति संपन्न करता रहे। आधुनिक दार्शनिकों का विचार है कि बिना विवेक के शुद्ध ज्ञान प्राप्त नहीं किया जा सकता। उनके लिए भगवान का उत्तर है- जो लोग शुद्धभक्ति में रत हैं, भले ही वे पर्याप्त शिक्षित न हों तथा वैदिक नियमों से पूर्णतया अवगत न हों, किंतु भगवान उनकी सहायता करते ही हैं। भगवान अजरुन को बताते हैं कि मात्र चिंतन से परम सत्य भगवान को समझ पाना असंभव है, क्योंकि भगवान इतने महान हैं कि कोरे मानसिक प्रयास से उन्हें न तो जाना जा सकता है, न ही प्राप्त किया जा सकता है।

## राशिफल

- **मेष** — कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।
- **तुला** — धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी।
- **वृष** — व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी।
- **वृश्चिक** — घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी।
- **मिथुन** — शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।
- **धनु** — चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शत्रुभय, क्षुब्धता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे।
- **कर्क** — रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।
- **मकर** — थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा।
- **सिंह** — समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें।
- **कुंभ** — कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे।
- **कन्या** — महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।
- **मीन** — प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : **JHAHIN2009/32423**, **प्रबंध सम्पादक**: नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)**: विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### संघर्ष मोर्चा ने मनाया विश्व खाद्य दिवस

**मेदिनीनगर** : विश्व खाद दिवस के अवसर पर बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई कार्यक्रम के अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने किया संचालन संजय कुमार ने किया वर्ष 2024 की थीम है बेहतर जीवन बेहतर भविष्य के लिए भोजन का अधिकार मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि विश्व खाद्य दिवस 16 अक्टूबर को दुनिया भर में हर साल मनाया जाने वाला एक अंतर्राष्ट्रीय दिवस है इस दिवस को मानते हुए इस दिवस को मानते हुए 35 वर्ष हो चुके हैं लेकिन दुनिया भर में भूखे पेट सोने वालों की संख्या में कमी नहीं आई है यह संख्या आज भी तेजी से बढ़ती जा रही है आज विश्व में कई ऐसे लोग हैं जो भुखमरी और भूख से जूझ रहे हैं विश्व के करीब 2 अब 30 करोड़ आबादी को भुखमरी और भूख का सामना करना पड़ रहा है भारत सरकार भी हर व्यक्ति तक भोजन की पहुंच और विशेष रूप से कमजोर वर्ग के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना एवं अंत्योदय अन्न योजना जैसे कार्यक्रम चलाती है इस मामले में विकासशील या विकसित देशों में किसी तरह का कोई फर्क नहीं है विश्व की आबादी वर्ष 2050 तक नौ अरब होने का अनुमान लगाया गया है और इसमें 80%प्रतिशत लोग विकासशील देशों में रहेंगे ऐसे में किस तरह खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित किया जाए या बड़ा प्रश्न है इस अवसर पर संजीत कुमार दीपक कुमार सूरज कुमार जयपाल मोची कृष्णा राम संतोष विश्वकर्मा नानक सिंह मनोज सिंह ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया राम नरेश महतो ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### बनवासी कल्याण केन्द्र ने मनाया वन सब्जी महोत्सव

**मेदिनीनगर** : वनवासी कल्याण केंद्र पलामू यूनिट ने रामगढ़ प्रखंड के सरजा मैदान में वन सब्जी महोत्सव सह प्रदर्शनी का आयोजन किया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि वनवासी कल्याण केंद्र के क्षेत्रीय ग्राम विकास प्रमुख राघो राणा, प्रांत ग्राम विकास प्रमुख प्रदीप महतो, जिला सचिव अश्विनी मिश्रा, नगर समिति अध्यक्ष मदन मोहन पांडेय, रामगढ़ मुखिया उमाशंकर प्रसाद , समाज सेवी बनारसी सिंह आदि ने संयुक्त रूप से किया। अतिथियों ने स्वयं सहायता समूहों के द्वारा लगाये गए वन आधारित सब्जी उत्पादों के स्टॉल का अवलोकन भी किया। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा स्टॉल पर बेंग साग, कंदा, गेठी, पेहटा, मडुआ के आटे से बने लड्डू, सवा घास, हरे, आंवला,समेत अन्य जंगलों में पाये जाने वाले औषधीय और सब्जियों का स्टॉल लगाया गया था। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय ग्राम विकास प्रमुख राघो राणा ने कहा कि स्वस्थ जीवन जीने के लिए वनों से नाता जोड़े रखना जरूरी है। वनवासी समाज वन आधारित उत्पादों का आजीविका बनायें। अगर वन समाप्त होंगे तो वनों में पाये जाने वाले औषधी और वन सब्जियां भी समाप्त हो जाएगी। वनवासी समाज वनों में रहता है। इस कारण वनों की रक्षा करने का - संकल्प लेने की जरूरत है। मदन मोहन पांडेय ने लोकल पर वोकल की बात करते हुए कहा कि स्थानीय उत्पादों को ठीक तरह से उपयोग कर उसे बाजार में लाया जाए तो वनवासी समाज आर्थिक रूप से स्वावलंबी हो सकता है।

# आपराधिक संगठन बना कर दहशत फैला रहे 06 गिरफ्तार




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिला पुलिस ने अपराधियों के एक गैंग का पदार्फाश किया है। पुलिस ने 6 अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। अपराधियों के पास से पांच हथियार और अन्य सामान भी बरामद किये गये हैं। गिरफ्तार अपराधियों में मनिका के जूंगुर निवासी अनिल यादव, जावेद अंसारी, सदर थाना के मानिकपुर निवासी सागर यादव, शिवनंदन यादव, लातेहार स्टेशन निवासी अखिलेश यादव और बालूमाथ रजवार निवासी मिथिलेश यादव शामिल है। ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि मनिका थाना क्षेत्र के जूंगुर गांव निवासी अनिल यादव एक अलग प्रतिबंधित क्रियावादी उग्रवादी संगठन बनाकर क्षेत्र में दहशत फैला रहा है। संगठन के अपराधियों के द्वारा लोगों को डरा धमकाकर रंगदारी और लेवी की मांग की जा रही है। इस सूचना के बाद एसपी के निर्देश पर बरवाडीह डीएसपी भरत राम के नेतृत्व में पुलिस ने एक टीम बनाकर अपराधियों के खिलाफ छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने जूंगुर गांव के पास से अनिल यादव को गिरफ्तार किया। फिर अनिल यादव की निशानदेही पर सदर थाना क्षेत्र के मानिकपुरा गांव में छापेमारी की, वहां छिपे हुए दो अपराधियों को भी गिरफ्तार कर लिया ।वहीं अपराधियों की निशानदेही पर पुलिस ने 4 4 रायफल, एक देसी रिवाल्वर, चार गोली, वर्दी समेत कई अन्य समान भी बरामद किया हैं। इसकी जानकारी बुधवार को प्रेस वार्ता करते हुए डीएसपी भरत राम ने दी उन्होंने बताया कि सभी अपराधी प्रतिबंधिच क्रियवादी संगठन बनाकर क्षेत्र में दहशत फैला रहे थे। इनका मुख्य कार्य लोगों से रंगदारी वसूलना था। डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार सभी अपराधियों का आपराधिक इतिहास भी रहा है। जिसकी छानबीन पुलिस के द्वारा की जा रही है। अनिल यादव गैंग का मुख्य सरगना था। रंगदारी वसूलने की योजना इसके द्वारा ही बनाई जाती थी और फिर सभी अपराधी मिलकर संवेदक को डराने धमकाने का काम करते थे। छापेमारी दल में डीएसपी भरत राम के अलावे मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार, सत्येंद्र कुमार रंजन पासवान समेत अन्य पुलिस अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

## पलामू में उपवास पर रहे स्टेशन मास्टर डिमांड बैज लगा कर किया कार्य



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पलामू** : विभिन्न मांगों के समर्थन में ह्यऑल इंडिया स्टेशन मास्टर्स एसोसिएशनह्ण के केंद्रीय पदाधिकारियों के आह्वान पर बरवाडीह से गढ़वा रोड स्टेशन के सभी स्टेशन मास्टरों ने बुधवार को सुबह 10 बजे से उपवास में रहकर ड्युटी को अंजाम दिया। डालटनगंज स्टेशन पर स्टेशन मैनेजर ने डिमांड बैज लगा कर काम किया। इसके साथ मांगों से संबंधित ज्ञापन पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम के नाम सौंपा और उनसे मांगों को पूरा कराने की दिशा में पहल करने का आग्रह किया है। उपवास पर रहकर कार्य करने वालों में स्टेशन अधीक्षक अनिल कुमार द्विवेदी, लक्ष्मण ऊरांव, श्रवण सिंह, अमृतेश कुमार, भीम कुमार, मनीष केरकेट्टा, अजय कुमार एक्का, उमेश कुमार, शशांक शेखर, सुधीर कुमार, जयंत कुमार, बेंजामिन लकड़ा, नमंती सोसन कुजुर, संजीव कुमार सिंह, सबीर, इंद्रजीत राम, संजय कुमार, आशीष रंजन, बिनोद कुमार, मिथुन कुमार पासवान, सतीश कुमार, सुमन बैठा, उदय प्रसाद गुप्ता, उमा शंकर सिंह आदि स्टेशन मास्टर शामिल हैं।

### उपायुक्त ने स्वीप कोषांग के साथ की समीक्षात्मक बैठक, दिये आवश्यक निर्देश

## मतदान केन्द्रों के सौंदर्यीकरण पर ध्यान देने के निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने स्वीप कोषांग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ बैठक किया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने चुनाव के मद्देनजर शहरी क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा जागरूकता कार्यक्रम चलाने के संदर्भ में कोषांग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया। इस क्रम में चुनावी प्रक्रिया में लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देश के अनुसार कई तरह के जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने की दिशा में व्यापक स्तर पर कार्य करने का निर्देश दिया। ताकि आगामी विद्यानसभा चुनाव में वोट प्रतिशत को बढ़ाया जा सकें। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि स्वीप कैलेंडर के अनुसार विधानसभा चुनाव 2024 में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम चलाए जाएं। जिसमें लोगों को वोट के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न स्टेक होल्डरर्स के साथ समन्वय व भागीदारी बढ़ाये जाए। उन्होंने कहा कि कार्य योजना बनाकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को आयोजित किया जाए। ताकि आमजनों को मताधिकार के महत्व को बताया जाए। उपायुक्त ने स्कूल, कॉलेज में स्वीप के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने को कहा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान केंद्रों के सौंदरीकरण पर भी विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। इस दौरान स्वीप कोषांग के जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

## डीडीसी ने एमसीएमसी कोषांग के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : विधान सभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर उप विकास आयुक्त सह वरीय पदाधिकारी, एमसीएमसी कोषांग सुरजीत कुमार सिंह के द्वारा बुधवार को जिला जनसंपर्क कार्यालय में एमसीएमसी कोषांग के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उन्होंने एमसीएमसी कोषांग की गतिविधियों की जानकारी लेते हुए मीडिया प्रमाणन तथा मीडिया प्रबंधन से संबंधित तथ्यों पर चर्चा की गई। पेड न्यूज , फेक न्यूज की जानकारी देते हुए बताया गया कि इस पर विशेष निगाह रखने के लिए गठित मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनीटरिंग कमिटी को जिम्मेवारी दी गई है। जिसके लिए एमसीएमसी कोषांग का भी गठन किया गया है। इस कोषांग को सुचारू रूप से संचालन कर जिले में संचालित न्यूज चैनलों, अखबार में छपी खबरों और अन्य विज्ञापनों पर विशेष नजर रखने का कार्य करने का निर्देश दिया गया। बैठक में निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी चंदन, समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## पड़वा-हरिहरगंज में पकड़ी गयी छह लाख से अधिक की अवैध शराब



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पलामू** : विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही पलामू पुलिस के द्वारा अवैध शराब को लेकर कार्रवाई तेज कर दी गई है। जिले के पड़वा और हरिहरगंज थाना क्षेत्र में पिछले 24 घंटे के दौरान की गयी कार्रवाई में छह लाख से अधिक की शराब जब्त की गयी है। पड़वा इलाके से पांच लाख 82 हजार 93 रूपए की शराब पकड़ी गयी है। इसके अलावा एक बोलेरो मैक्सी ट्रक (बीआर01जीके3228) को भी जप्त किया गया है। वाहन से 750 एमएल की 358 बोतल और 180 एमएल की 3264 बोतल विदेशी शराब जप्त की गयी है। उधर हरिहरगंज इलाके में 650 एलएल की 216 बोतल एवं 500 एमएल की 48 केन बीयर बरामद की गयी है। इसका बाजार मूल्य 44 हजार रूपए है। जिले की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने बुधवार शाम बताया कि अवैध शराब तस्करी को लेकर छापामारी अभियान चलाया गया। इस क्रम में बोलेरो वाहन (बीआर 26ए 7477) से अवैध बीयर बरामद किया गया। इस संबंध में मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। कार्रवाई टीम में पुलिस अवर निरीक्षण सतीश कुमार गुप्ता, धनंजय कुमार गोप, म.पु.अ.नि हेमंती बास्की, राकेश कुमार सिंह और जवान शामिल थे। पड़वा इलाके में मंगलवार रात्रि गश्ती के दौरान छापामारी की जा रही थी। पुलिस टीम को देखकर एक बोलेरो मैक्सी ट्रक वाहन को चालक मध्य विद्यालय पड़वा के पास रोककर भाग गया। तलाशी लेने पर रॉयल स्टेग व्हीस्कि विदेशी शराब 29 कार्टून में 12-12 बोतल एवं एक कार्टून में 10 बोतल बरामद हुई। प्रत्येक बोतल पर फोर सेल इन उतरप्रदेश ओनली अंकित पाया गया। इसी तरह ऑफिसर्स च्वाइस ओरिजल व्हीस्कि विदेशी शराब 68 कार्टून में 3264 पीस शराब बरामद हुई। इस पर भी फोर सेल इन उतरप्रदेश ओनली अंकित पाया गया। इस मामले में भी किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## विधानसभा चुनाव को लेकर उपायुक्त ने की विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ बैठक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में अग्रणी बैंक प्रबंधक, लातेहार एवं जिला अंत्तर्गत संचालित सभी बैंको के शाखा प्रबंधकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों को उपायुक्त ने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू हो जाने के उपरांत संदेहास्पद राशि के निकासी एवं एक खाता से अन्य खाता में हस्तांतरण के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। यदि ऐसा कोई मामला संज्ञान में आता है तो शाखा प्रबंधक अविलंब निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषाग को इसकी सूचना उपलब्ध करायेंगे। बैठक में बैंकों के शाखा प्रबंधकों को बताया गया चुनाय व्यय के लिए प्रत्येक उम्मीदवार द्वारा अलग बैंक खाता चेकबुक सहित खोला जाना है जिसके लिए सभी शाखा प्रबंधकों को एतद क्रम में सभी उम्मीदवारों को आवश्यक सहयोग उपलब्ध करायेगें। संदेहास्पद लेन-देन की सूचना इंफोर्समेंट एजेंसी को भी बैंक के द्वारा अविलंब उपलब्ध कराया जाय। 10 लाख से उपर के निकासी की भी सूचना तुरंत व्यय कोषांग को उपलब्ध करायेगें। वहीं अग्रणी बैंक प्रबंधक, को जिलान्तर्गत सभी बैंकों से एक नोडल पदाधिकारी नामित करते हुए ईएसएमएस का भी प्रशिक्षण देने की बात कही। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जिला कोषागार पदाधिकारी निहारिका वर्मा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, बैंको के शाखा प्रबंधक उपस्थित थे।

## भयंकर एक्सीडेंट में ड्राइवर की मौत ब्रह्मदेव प्रसाद गम्भीर रूप से घायल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष और बिश्रामपुर विधानसभा प्रत्याशी ब्रह्मदेव प्रसाद उर्फ बी.डी. प्रसाद की इनोवा गाड़ी का एक भीषण हादसा हो गया। यह दुर्घटना तब घटी जब ब्रह्मदेव प्रसाद, मंतोष ठाकुर और विजय शर्मा रांची से गया जा रहे थे। रात लगभग 01:00 बजे, बाराचट्टी थाना गया के पास उनकी गाड़ी को एक ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में गाड़ी के ड्राइवर विजय शर्मा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। ब्रह्मदेव प्रसाद और मंतोष ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गए। इन्हें तुरंत गया के रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें पटना रेफर कर दिया गया है। उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है, और उनके समर्थक व परिवारजन उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं।ब्रह्मदेव प्रसाद, जो ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष होने के साथ-साथ बिश्रामपुर विधानसभा के विधायक प्रत्याशी भी हैं, का इस क्षेत्र में बड़ा जनाधार है। उनकी लोकप्रियता को देखते हुए इस हादसे ने पूरे क्षेत्र को गहरे शोक में डाल दिया है।

## छठ पूजा समिति के अध्यक्ष बने पंकज गुप्ता



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरवाडीह/लातेहार** : आस्था के महापर्व छठ पूजा के सफल आयोजन को लेकर बुधवार को आदर्श नगर मुख्य छठ घाट पर पूजा समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में सर्वसम्मति से नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें पूर्व अध्यक्ष पंकज गुप्ता को सर्वसम्मति से छठ पूजा समिति का अध्यक्ष बनाया गया। वहीं उपाध्यक्ष विवेक कुमार (शिक्षक), कृष्णा कसेरा, रवि भीम, चंदन पासवान और हेमंत कश्यप को बनाया गया। सचिव मयंक विश्वकर्मा, प्रमोद ठाकुर, राहुल गुप्ता, मुन्ना खान व अशोक कुमार तथा महासचिव दीपक राज और अजीत गुप्ता को बनाया गया। वहीं कोषाध्यक्ष शिवम नाथ, संजीव श्रीवास्तव, उत्तम कुमार और पवन जयसवाल के साथ- साथ चंदा प्रभारी, मुख्य सलाहकार, मुख्य संरक्षक, मीडिया प्रभारी और सक्रिय सदस्य की जिम्मेदारी अन्य कई गणमान्य लोगों को दी गई। अध्यक्ष पंकज गुप्ता ने बताया कि वह समाज के सभी लोगों के सहयोग से विगत कई वर्षों से छठ पूजा का सफल आयोजन करते आ रहें है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी छठ पूजा का भव्य आयोजन कराया जाएगा। उन्होंने श्रद्धालुओं और छठ व्रतियों की सुविधाओं का विशेष ख्याल रखने की प्रतिबद्धता को दोहराया। पंकज गुप्ता ने यह भी कहा कि छठ पूजा के उपरांत आदर्श नगर छठ घाट पर सूर्य मंदिर के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी जाएगी। बैठक में समाजसेवी दीपू तिवारी, अनिल सिंह, महेंद्र सिंह, शिवानन्द तिवारी, अजीत गुप्ता, दीपक सिंह आदि मौजूद रहे।

## उप विकास आयुक्त ने ईएलसी मास्टर ट्रेनर के साथ की बैठक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में इएलसी मास्टर ट्रेनर के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त के द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी ईएलसी मास्टर ट्रेनर अपने अधीन सभी बीएलओ सुपरवाइजर्स तथा बीएलओ के साथ संपर्क कर मतदाता सूची में पंजीकरण हेतु फॉर्म 6 प्राप्त करेंगे तथा प्रत्येक दिन प्राप्त फॉर्म 6 की संख्या की सूचना बीएलओ सुपरवाइजर के साथ अपने संयुक्त हस्ताक्षर से स्वीप कोषांग को देंगे। लो वोटर टर्न आउट बूथ में प्रखंड विकास पदाधिकारी के सहयोग से पिछले बार के चुनाव में कम मतदान प्रतिशत के कारणों की जानकारी प्राप्त करेंगे तथा उसी के अनुरूप स्वीप गतिविधियों का आयोजन कर फोटो वीडियो स्वीप कोषांग को उपलब्ध कराएंगे। आगे उन्होने कहा कि चुनाव आयोग से प्राप्त पोस्टर्स निर्वाचन कोषांग से प्राप्त कर अपने क्षेत्र में प्रचार प्रसार हेतु लगाएंगे। इएलसी के अंतर्गत किये जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के फोटो/वीडियो प्रतिदिन बूथ नंबर एवं विवरण के व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर करेंगे तथा प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार को साप्ताहिक रिपोर्ट स्वीप कोषांग को उपलब्ध कराएंगे।

# सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र में जारी की निषेधाज्ञा



विधानसभा चुनाव 2024

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी। इसी क्रम में सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीना ने भी संपूर्ण अनुमंडल क्षेत्र में दिनांक 15 अक्टूबर 2024 से मतगणना समाप्ति तक निषेधाज्ञा लागू कर दिया है जिसके तहत पूरे सदर अनुमण्डल क्षेत्र में किसी प्रकार के घातक हथियार, आग्नेयास्त्र या विस्फोटक पदार्थ लाने एवं ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह निषेधाज्ञा सरकारी पदाधिकारी/ कर्मचारी/पुलिस कृपाल धारण करने पर लागू नहीं होगा। सरकारी अर्द्धसरकारी एवं स्थानीय संस्थाओं जैसे महाविद्यालय उच्च विद्यालय, प्राथमिक,मध्य एवं बुनियादी विद्यालयों एवं किसी भी आम भूमि पर किसी प्रकार का आम सभा का आयोजन करने तथा पूरे अनुमण्डल क्षेत्र में जुलूस निकालने पर मनाही होगी। इसके उपयोग के लिए सदर अनुमंडल कार्यालय की अनुमति आवश्यक होगी। यह निषेधाज्ञा शव यात्रा, शादी विवाह/ मांगलिक कार्य पर लागू नहीं होगा। कोई भी दल अभ्यर्थी या उनके सहयोगी द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्र का इस्तेमाल प्रातः 06 बजे से रात्रि 10 बजे तक समय सीमा के अन्दर अनुमंडल कार्यलय की पूवार्नुमति प्राप्त कर ही किया जा सकेगा। उक्त समय सीमा के बाहर ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उपर्युक्त शर्त्त मंदिर,मस्जिद, गुरुद्वारा या धार्मिक स्थलों पर लागू नहीं होगी। मंदिर मस्जिद गिरजाघर, गुरुद्वारा या अन्य पूजा स्थल पर से निर्वाचन के प्रचार को प्रतिबंधित रखा गया है। किसी सार्वजनिक / सरकारी सम्पति या किसी व्यक्तिगत सम्पति पर नारा लिखना,पोस्टर पम्पलेट साटना,झंडा टांगना, सार्वजनिक सड़कों पर बैनर लगाना, होर्डिंग लगाना,तोरण द्वार लगाने पर प्रतिबंध रहेगा। किसी भी उम्मीदवार को ऐसा कोई कार्य नहीं करना है जिससे किसी धर्म, सम्प्रदाय या जाति के लोगों की भावना को ठेस पहुंचे या उनमें विद्वेष या तनाव पैदा हो। मत प्राप्त करने के लिए धार्मिक, साम्प्रदायिक या जातीय भावनाओं का सहारा लेने पर भी मनाही होगी। पूजा के किसी स्थान जैसे कि मंदिर, मस्जिद,गिरजाघर, गुरुद्वारा आदि का उपयोग निर्वाचन प्रचार के लिए नहीं किया जा सकेगा। किसी उम्मीदवार के व्यक्तिगत जीवन के ऐसे पहलुओं की आलोचना नहीं किया जाना है जिनका संबंध उसके सार्वजनिक जीवन या क्रियाकलापों पर और न ही ऐसे आरोप लगाये जाना है जिसकी सत्यता स्थापित न हुई हो। किसी अभ्यर्थी की आलोचना उसके पूर्व कार्य तक ही सीमित रहनी है तथा असत्यापित आरोंपों पर आधारित नहीं हुई हो।प्रत्येक व्यक्ति के शान्तिपूर्ण घरेलु जीवन के अधिकार का सम्मान किया जाना है,चाहे उसके विचार कैसे भी क्यों न हो। किसी व्यक्ति के कार्यों या विचारों का विरोध करने के लिए किसी उम्मीदवार द्वारा ऐसे व्यक्ति के घर के सामने धरना देगें,नारेबाजी करने या प्रदर्शन करने की कार्रवाई का कतई समर्थन नहीं किया जाएगाउम्मीदवार को ऐसे सभी कार्यों से परहेज करना है जो चुनाव कानून के अन्तर्गत अपराध हो। ऐसा कोई पोस्टर, इश्तेहार,पम्पलेट पर परिपत्र निकालना जिसमें मुद्रक और प्रकाशक का नाम और पता न हो, धारा 127अ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम का उल्लघंन माना जाएगा। किसी उम्मीदवार के निर्वाचन की संभावना पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के उद्देश्य से उसके व्यक्तिगत आचरण और चरित्र या उम्मीदवार के संबंध में ऐसे कथन या समाचार का प्रकाशन कराना जो मिथ्या हो या जिसके सत्य होने का विश्वास न हो,की मनाही रहेगी। किसी चुनाव सभा में गड़बड़ी करना या विघ्न डालना आदर्श आचार संहिता का उल्लघंन माना जाएगा। मतदान के दिन तथा मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व सार्वजनिक सभा करना वर्जित किया जाता है। मतदाताओं को रिश्वत या किसी प्रकार का पारितोषिक देना आदर्श आचार संहिता का उल्लघंन की श्रेणी में आएगा। मतदान केन्द्र के 100 मीटर के अन्दर किसी प्रकार का चुनाव प्रचार करना या मत संयाचना करना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक लाने तथा ले जाने के लिए वाहनों का उपयोग करना वर्जित किया जाता है।मतदान केन्द्र में या उसके आसपास विश्रृंखलर आचरण करना या मतदान केन्द्र के अधिकारियों के कार्य बाधा डालना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा।मतदान का प्रतिरूपेण करना अर्थात गलत नाम से मतदान का प्रयास करना दण्डनीय है।मतदान के दो दिन पूर्व से लेकर मतदान के दिन तक किसी उम्मीदवार द्वारा न तो शराब एवं अन्य नशीली पेय पदार्थ खरीदी जाए और न ही उसे किसी को पेश या वितरित किया जाएगा। प्रत्येक उम्मीदवार द्वारा अपने कार्यकताओं को ऐसे करने से रोकना होगा।किसी भी उम्मीदवार द्वारा किसी भी व्यक्ति की भूमि,भवन अहाते एवं दिवार का उपयोग झण्डा टांगने,पोस्टर चिपकाने, नारे लिखने आदि प्रचार कार्यों के लिए उसकी लिखित अनुमति के बगैर नहीं किया जाएगा और अपने समर्थकों एवं कार्यकताओं को भी ऐसा करने से रोकना होगा।

### आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक सम्पन्न, दिये जरूरी दिशा-निर्देश

# आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः अनुपालन करें : मेघा भारद्वाज

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा झारखंड विधानसभा आम चुनाव-2024 की घोषणा के पश्चात 19 कोडरमा विधानसभा क्षेत्र में लागू आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करने को लेकर समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक संपन्न हुआ। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा उपस्थित कमेटी सदस्य एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरांत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता का अनुपालन हेतु राजनीतिक दलों के लिए जारी मार्गदर्शन अंतर्गत क्या करें और क्या ना करें को विस्तार पूर्वक साझा किया गया। इस दौरान राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को किसी भी आयोजन हेतु ऑनलाइन अनुमति प्राप्त करने के लिए निर्मित सुविधा पोर्टल/एप के बारे में भी बिंदुवार कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। बैठक में बताया गया कि जिले में आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरांत 72 घंटे के अंदर निजी संपत्ति पर राजनीतिक दलों द्वारा लगाए गए पार्टी झंडा, फ्लैक्स, बैनर, होडिंग, दीवार लेखन आदि को अपने स्तर से हटाने की नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित किया जाना है। बैठक में बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट नियम के आलोक में गृह स्वामी द्वारा अनुमति प्राप्त स्थान पर ही पार्टी या व्यक्ति के द्वारा पार्टी झंडा, बैनर आदि रखा जा सकता है. उम्मीदवार की नाम वापसी की तिथि के बाद पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक के आवास पर झंडा विहित रीति का अनुशरण करते हुए लगाया जा सकता है तथा झंडा लगाने में होने वाले व्यय को उम्मीदवार के चुनाव व्यय खाते में शामिल किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि निर्वाचन आयोग के प्रावधान अनुसार पार्टी कार्यकर्ता/समर्थक के आवास पर किसी पार्टी



या उम्मीदवार के केवल तीन झंडे ही इस्तेमाल किए जाने चाहिए, बिना अनुमति के कोई भी वाहन पर झंडा नहीं लगाएंगे. झंडा लगाने के लिए सक्षम प्राधिकार से अनुमति लेना आवश्यक है। इसके साथ ही बैठक में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को झारखंड विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 के निमित्त लागू आदर्श आचार संहिता की जानकारी दी गयी और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन संबंधी निर्देश दिए गए। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन किये जाने व इसके अंतर्गत की जाने कार्रवाई के बारे बताया गया। जिला में प्रत्याशियों के नामांकन, नामांकन की स्क्रूटनी, नाम वापसी, मतदान की तिथि व मतगणना की तिथि से अवगत कराया गया।

**राजनीतिक दलों को प्रचार सामग्री का एमसीएमसी कमेटी से प्रमाणन लेना अनिवार्य**

**मौके** पर निर्देशित किया गया है कि किसी भी राजनीतिक दल या प्रत्याशी की ओर से भड़काऊ, गुमराह करने वाला अथवा नफरत फैलाने वाले विज्ञापनों को कतई जारी नहीं किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रिंट/इलेकट्रॉनिक मीडिया, पम्पलेट, बैनर, पोस्टर, लिफलेट व अन्य प्रकाशित कराए जाने वाले सामग्री/विज्ञापन को मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मानीटरिग कमेटी (एमसीएमसी) से प्रमाणित कराकर अनुमति प्राप्त करनी होगी। विज्ञापन पब्लिकेशन के 48 घंटे पहले संबंधित प्रत्याशी या दल को एमसीएमसी कमेटी के समक्ष प्रकाशित कराए जाने वाले विज्ञापन की सामग्री के साथ आवेदन प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने मीडिया से अपील की है कि किसी भी राजनीतिक दल या प्रत्याशी के पक्ष या विपक्ष में पेड न्यूज प्रकाशित न करें अन्यथा संबंधित न्यूज को पेड मानते हुए संबंधित समाचार पत्र की डीएवीपी दर के अनुसार उसे उम्मीदवार के खाते में जोड़ा जाएगा तथा आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन में कार्यवाही भी की जा सकती है। उन्होंने सभी से सहयोग की अपील की है।

## एक झलक

### ट्रक ने बाइक सवारों को रौंदा, दो की मौत, एक रेफर

**गुमला :** बिशुनपुर थाना क्षेत्र के चिंगरी एवं चिपरी गांव के बीच मुड़टंगवा मोड़ के समीप बॉक्साइट से लदा ट्रक ने बाइक सवार युवकों को रौंद डाला, जिससे दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि 22 वर्षीय गुदेश्वर साहू गंभीर रूप से घायल हो गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर में प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल गुमला भेजा दिया गया है। जानकारी के अनुसार भरनो थाना क्षेत्र के परवल निवासी गुदेश्वर साहू एवं उसके दो अन्य दोस्त बाइक में सवार होकर नेतरहाट जा रहे थे। मूड़टंगवा मोड़ के समीप विपरीत दिशा से बॉक्साइट लेकर आ रहे एक ट्रक ने बाइक सवार युवकों को रौंद डाला, जिससे दो युवकों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई जबकि बुद्धेश्वर साहू गंभीर रूप से घायल हो गया। खबर लिखे जाने तक मृतक युवकों की पहचान नहीं हो पाई है। घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया है। पुलिस शवों को अपने कब्जे में लेकर मामले की छानबीन में जुट गयी है।

### दुमका में महिला से चेन स्नैचिंग

**दुमका :** दिनदहाड़े अपराधियों ने शहर के बीचों-बीच एक बुजुर्ग महिला से चेन छीन ली। नगर थाना क्षेत्र के रसिकपुर चौक में बाइक सवार दो युवकों ने वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित महिला रसिकपुर, योगमाया मंदिर निवासी महिला स्वास्तिका देवी है। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंच इलाके में लगे सीसीटीवी की मदद से छानबीन शुरू कर दी है।

### गिरिडीह में किसान की मौत मामले में तीन गिरफ्तार

**गिरिडीह :** आलू रोपने को लेकर दो पक्षों में हुई हिंसक झड़प और पथराव में एक किसान मनु भोक्ता की मौत के मामले में धनवार थाना पुलिस ने बुधवार को सारण गांव के विश्वकर्मा परिवार के तीन सदस्यों को हिरासत में लिया है। पुलिस तीनों से गहन पूछताछ में जुटी हुई है। विश्वकर्मा परिवार की ओर से पुलिस अब आवेदन मिलने का इंतजार कर रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस मृतक पक्ष के फर्द बयान लेकर दूसरे पक्ष के खिलाफ केस दर्ज की कार्रवाई करेगी। दोनों पक्षों के घायलों का इलाज सदर अस्पताल में जारी है। घटना के बाद से हो गांव में धनवार पुलिस अब भी कैंप किए हुए हैं।

## एनसीसी कैडेट्स के लिए राष्ट्रीय एकता व सामाजिक जिम्मेदारी का प्लेटफॉर्म, एक भारत श्रेष्ठ भारत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** नेशनल लेवल कैंप एक भारत श्रेष्ठ भारत -1 में ऑफशियाटिंग कैंप कमांडेंट कर्नल मोहित थापा के द्वारा ओपनिंग एड्रेस दिया गया. बिहार एंड झारखंड निदेशालय के तत्वाधान में ग्रुप हेड क्वार्टर हजारीबाग के कमांडर राजेश करेल के नेतृत्व में 45 झारखंड बटालियन एनसीसी कोडरमा के कमांडिंग ऑफिसर विजय कुमार सेना मेडल के मार्गदर्शन में चल रहे 12 दिवसीय शिविर एक भारत श्रेष्ठ भारत आयोजित कैंप के दूसरे दिन भारत के विभिन्न राज्यों के विभिन्न निदेशालयों से आई 650 एनसीसी छात्रों ने पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ योग के साथ शुरूआत किया योगाचार्य प्रदीप सुमन योगाचार्य सुषमा सुमन ने भारत के विभिन्न राज्यों से आए सीसी छात्रों को विभिन्न योगासन कपालभाति अनुलोम विलोम वृक्षासन कराया योगाचार्य सुषमा सुमन ने योग से संबंधित विस्तृत जानकारी दी उन्होंने कहा जीवन में नियमित रूप से योगासन अत्यंत आवश्यक है , इसके पश्चात ओपनिंग एड्रेस का कार्यक्रम किया गया ओपनिंग एड्रेस के माध्यम से एक भारत श्रेष्ठ भारत कैंप के ऑफशियाटिंग कैंप कमांडेंट कर्नल मोहित थापा ने एनसीसी छात्रों से कहा कि व्यक्तिगत जीवन और हमारे समाज और देश की प्रगति में अपने को ज्यादा बड़ा ना समझे और एक दूसरे का सम्मान करें हर इंसान का जीवन उसकी सफलता और उसकी असफलता उसकी सोच और व्यवहार से जुड़ी होती है। सैनिक स्कूल तिलैया के एनसीसी ऑफिसर सिके दुबे ने कल्चर हेरिटेज वर्ग कार्य चलाया वही गर्ल्स कैडेट इंस्ट्रक्टर रिचा राज के द्वारा नेशनल इंटीग्रेशन के ऊपर वर्क कार्य चलाया गया।

### 28 वर्षीय युवक ने की आत्महत्या, परिवार में मातम

**सतगावां :** सतगावां थाना क्षेत्र के शिवपुर ग्राम निवासी सुमंत कुमार सिंह उम्र 28 वर्ष पिता अजय सिंह का शरीर बंद कमरे में पंखे से दुपट्टा में लटका पाया गया। बताया जाता है की युवक रात को साढ़े नौ बजे के करीब घर पर आया जिसके बाद अपने कमरे में गया और जब उसकी मां के द्वारा खाना खाने के बुलाया गया तो नही आया। वहीं कुछ समय उपरांत जब परिवार के लोग बुलाने गए तो दरवाजा अंदर से बंद मिला जिसके बाद दरवाजे को धक्का भी दिया गया बावजूद दरवाजा नही खुला जिसके बाद परिवार वाले दरवाजा खोलने के बहुत प्रयास किया लेकिन नही खुला तो वही आसपास के लोग को बुलाया गया तो दरवाजा तोड़ा गया जिसके बाद देखा गया की युवक पंखे से लटका मिला। आनन फानन में परिवार और आसपास के लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां ले गया जहां से तुरंत एंबुलेंस से सदर अस्पताल कोडरमा भेज दी गयी।

## एमजीएम स्कूल के खिलाड़ियों को सरकार ने दी 3.60 लाख रुपये की छात्रवृत्ति

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** एम जी एम स्कूल बोकारो के खिलाड़ियों ने पिछले साल छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में में हुए एसजीएफ आई नेशनल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर एक सिल्वर पदक के साथ 6 ब्रोंज पदक अपने नाम किया, जिसमें झारखंड की नई खेल नीति 2022 के तहत खिलाड़ियों को झारखंड सरकार के द्वारा स्कॉलरशिप प्रदान की गई। स्कॉलरशिप प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों के नाम है - साक्षी श्रीवास्तव कक्षा 12वीं छात्रवृत्ति की राशि 60,000, जेबा नाज कक्षा 12वीं छात्रवृत्ति की राशि 50,000, प्रियांशु राज सिंह कक्षा 11वीं छात्रवृत्ति की राशि 50,000, हर्षित कुमार कक्षा 12वीं छात्रवृत्ति की राशि 50,000, वेदांत भरद्वाज कक्षा



दसवीं छात्रवृत्ति की राशि 50,000, तृप्ति झा कक्षा दसवीं छात्रवृत्ति की राशि 50,000 एवं एंजेल रानी कक्षा दसवीं छात्रवृत्ति की राशि 50,000 स्कॉलरशिप के रूप में दी गई। स्कॉलरशिप मिलने पर खिलाड़ियों ने झारखंड सरकार के प्रति प्रसन्नता जाहिर करते हुए इसे एक सराहनीय कदम एवं खिलाड़ियों के मनोबल को बढ़ाने के लिए सही बताया। एमजीएम स्कूल के खेल शिक्षक राजीव सिंह ने बताया कि इस बार भी एमजीएम स्कूल से जुडो एवं गतका खेल में 21 खिलाड़ियों का चयन एस जी एफ आई नेशनल चैंपियनशिप के लिए हुआ है और प्रशिक्षक ने उम्मीद जताई कि खिलाड़ी पिछले बार से भी ज्यादा बेहतर करेंगे।

## आचार संहिता लागू होने के बाद हुआ ठेका आवंटन सईद नसीम ने की ठोस कार्रवाई की मांग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** कांग्रेस नेता सईद नसीम ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त को उपायुक्त कोडरमा के माध्यम पत्र लिख झुमरीतिलैया नगरपरिषद में आचार आदर्श संहिता लागू होने के बाद हुआ ठेका आवंटन को गलत व लाभ पंहुचने के उद्देश्य से किये जाने पर उचित करवाई की मांग करते हुवे पत्र में कहा है कि नगर परिषद झुमरीतिलैया में गड़बड़ी की नित्य मामले सामने आ रहें है। अभियंताओं के करतुतों के कारण नगर परिषद इन दिनों लगातार चर्चा में है। समाचार पत्रों के माध्यम से पता चला है शहर में व्याप्त गंदगी के कारण डेंगू का प्रकोप बढ़ने तथा अन्य शिकायतों के कारण आपके द्वारा स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। इधर, मंगलवार को समय 3.30 में आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरांत 5 .23 मिनट में नगरपरिषद झुमरीतिलैया द्वारा ठेका आवंटन किया जाना आदर्श आचार संहिता का उलंघन है। पूर्व से ही मनचाही कमीशन नही मिलने के कारण नगर परिषद द्वारा वार्ड संख्या एक में एक ठेका का आवंटन महिनों तक लटकाये रखा गया और इधर मंगलवार को आदर्श आचार संहिता की घोषणा की संभावना बनी तो टेंडर दिन में खोला गया। नियम के तहत डबल बीड के टेंडर में टेक्नीकल एवं फायनेंसियल एक ही दिन नहीं खोला जाना है। लेकिन नगर परिषद के अभियंताओं ने चुनाव की घोषणा के बाद करीब 5 से साढ़े पांच बजे के बीच टेंडर खोल कर फाइनल किया है। इसके अभियंता दीपक साव 5 वर्षों से नगरपरिषद में जमे है।



## तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार 03 को रौंदा, मौत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** जिला मुख्यालय से 7 किलोमीटर दूर टैंसेरा स्कूल के समीप एक तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार तीन लोगों को रौंद दिया, जिसमें बाइक सवार मुरकुंडा ढिढौली टोली निवासी सालो देवी, पोढ़ा टोली निवासी शनिचर चिक बड़ाइक और उसकी पत्नी रोहिता देवी की मौत हो गई। सालो और शनिचर भाई-बहन थे। घटना की सूचना पर पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और शवों को अपने कब्जे में लिया। बताया जा रहा है कि सालो देवी अपने भाई शनिचर चिक बड़ाइक के घर पोढाटोली मेहमानी गयी थी। लौटने के दौरान टैंसेरा मोड़ के पास एक स्कूटी से बाइक की हल्की टक्कर हुई, जिससे अनियंत्रित होकर बाइक सवार तीनों रोड पर जा गिरे। इसी दौरान पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार हाइवा तीनों को रौंदते हुए निकल गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने करीब ेद घंटे तक गुमला राउरकेला मार्ग को जाम कर दिया। प्रशासन द्वारा आश्वासन के बाद शाम करीब 6:30 बजे जाम खुला। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

## बोकारो थर्मल पावर प्लांट के एचटी पैनल में लगी आग, उत्पादन ठप

**बोकारो :** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी के 500 मेगावाट वाले पावर प्लांट के टरबाइन फ्लोर से नीचे एचटी पैनल में शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने के बाद एक यूनिट को बंद किया गया। पैनल पूरी तरह से जलकर राख हो गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि पावर प्लांट के टरबाइन फ्लोर के नीचे साढ़े तीन मीटर हाईट पर स्थित एचटी पैनल के इलेक्ट्रिकल ब्रेकर के वन बीबी बोर्ड में शार्ट सर्किट से आग लग गयी। आग लगने की सूचना पावर प्लांट स्थित सीआईएसएफ फायर विंग को दी गई। फायर विंग के जवानों एवं अधिकारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाने में सफलता हासिल की। जब तक आग को बुझाया गया तब तक पैनल और बोर्ड पूरी तरह से जलकर राख हो गया था।

**कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, खूँटी**
**(जिला निर्वाचन शाखा)**

**अति अल्पकालीन निविदा रद्द की सूचना**

**DEO/DY DEO/ELE/KHUNTI/2024/0008**

पूर्व में प्रकाशित अति अल्पकालीन निविदा विडियोग्राफी/फोटोग्राफी/CCTV PR 338715 Election (24-25)_D को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

ह०/-
उप निर्वाचन पदाधिकारी
खूँटी

PR 339135 Election (24-25)_D

## ग्रिजली विद्यालय में कला एकीकरण पर इन हाउस सीबीएसई कार्यशाला

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय में आर्ट इंटीग्रेशन पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे गैलेक्सी पब्लिक स्कूल हजारीबाग की प्राचार्या ऐन्ना कुट्टी एवं चंदन कुमार दूबे इंगलिश एच ओ डी सैनिक स्कूल तिलैया डैम ने बतौर सी० बी० एस० ई० रिसोर्स पर्सन व मुख्य वक्ता के तौर पर भाग लिया और उपस्थित शिक्षकों को शिक्षण पद्धति ० आर्ट इंटीग्रेशन की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ताओं को विद्यालय की प्राचार्या अंजना कुमारी पौधे दे कर स्वागत किया। कार्यशाला में झारखंड बिहार से



दस अलग-अलग विद्यालयों नें हिस्सा लिया जिसमे डी० ए० भी० गिरीडीह के 17 शिक्षक, एच० हॉली ट्रिनिटी स्कूल गिरीडीह से 03 शिक्षक, डी० एम० पब्लिक स्कूल धनबाद से 06 शिक्षक, आर० पी० एस० इंटरनेशनल गया से 02 शिक्षक, एस० जी० एन० सीनियर सेकेंडरी स्कूल रामगढ़ से 18 शिक्षक, मेरीडियन अकैडमी कोडरमा से 01 शिक्षक, बहेरा पब्लिक स्कूल दरभंगा से 01 शिक्षक, एडूजेन वर्ल्ड स्कूल नालंदा से 01 शिक्षक और ग्रिजली विद्यालय से 08 शिक्षकों नें भाग लिया। विद्यालय की प्राचार्या अंजना कुमारी ने अपने स्वागत सम्बोधन में शिक्षण विधियों में कला एकीकरण की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया और शिक्षकों को अपनी पाठ योजनायों में रचनात्मक तत्वों को शामिल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला काफी इंटरैक्टिव होने के साथ- साथ एक्टिविटी पर आधारित रहा। जहां शिक्षकों को तरह- तरह के ऑडियो, वीडियो के माध्यम से जोड़ कर, एक्टिविटी करवाया गया। रिसोर्स पर्सन ऐन्ना कुट्टी नें लेसन प्लान पर विशेष चर्चा करते हुए, उसे और सुगम ० प्रायोगिक बनाने की विधि बताया। उन्होंने बताया कि कक्षा कार्य और विद्यार्थियों की सीखने की प्रेरणा, शिक्षकों के लेसन प्लान से जुड़ी होती हैं।

**उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग।**
**(शस्त्र शाखा)**

**-: आदेश :-**

आगामी विधान सभा चुनाव-2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से सम्पन्न कराने हेतु जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को आदेश दिया जाता है कि अपने शस्त्र अनुज्ञप्ति एवं शस्त्रों का भौतिक सत्यापन अपने-अपने थाना क्षेत्र में एक सप्ताह के अंदर कराना सुनिश्चित करेंगे।

शस्त्र अनुज्ञप्ति एवं शस्त्रों का भौतिक सत्यापन नहीं कराने वाले शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों का अनुज्ञप्ति रद्द करने की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

ह0/-
उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी,
हजारीबाग।

PR 339178 (Election) 24-25 (D)

### सेविका सहायिकाओं की हड़ताल स्थगित, आंगनबाड़ी केन्द्र खुला

# नयी सरकार गठन के बाद फिर से आन्दोलन होगा शुरू : संजय पासवान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा होने और आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद आठ सूत्री मांगों को लेकर सेविका सहायिकाओं का 05 अक्टूबर से जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल को स्थगित कर दिया गया है। बुधवार से आंगनबाड़ी केन्द्रों में रौनक लौटी और सेविका सहायिकाओं ने केंद्र में अपना योगदान दिया। आंदोलन की समीक्षा के लिए झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन (सीटू) की बैठक कविता यादव की अध्यक्षता में



बुधवार को चिल्ड्रेन पार्क में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि हर आंदोलन से कुछ न कुछ हासिल होता है। इस हड़ताल से हर साल सेविका सहायिका का मानदेय बढ़ने की प्रक्रिया में देरी होने से जो नुकसान हो रहा था, उसमें संशोधन कर संकल्प जारी हो गया है और अब सेविका को 1000 की बढ़ोतरी के साथ 10500 रुपए और सहायिका को 500 की बढ़ोतरी के साथ 5250 रुपए मिलेंगे। साथ ही अनुकंपा का अब बिना ग्रामसभा के परिवार के सदस्य सीधी नियुक्ति का प्रावधान किया गया है। हमारी प्रमुख मांगों सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार ग्रेच्युटी देने, रिटायर्मेंट के बाद सेविका को 10 लाख एवं सहायिका को 05 लाख एकमुश्त राशि देने, वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन देने और मार्केट रेट पर पोषाहार राशि देने आदि पर कोई विचार नहीं किया गया यह दुर्भाग्यपूर्ण है। विधानसभा चुनाव संपन्न होने और नई सरकार के गठन के बाद पूरे झारखंड में इन मांगों को लेकर आंदोलन फिर से जोरदार तरीके से शुरू किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी ने कहा कि अभी हमारा हड़ताल समाप्त हुआ है, लेकिन सेविका सहायिका का हौसला बुलंद है। बैठक में जिला सचिव वर्षा रानी, संतोषी कुमारी, उर्मिला देवी, सुनीता सिहं, उषा, संजू, मीना एक्का, संध्या वर्णवाल, कांति, पुनम, रानी, संध्या कुमारी, गायत्री, रामदुलारी, शीला, सरवरी खातुन, सकीना, मीना सहित दर्जनों सेविका सहायिका मौजूद थी।

**उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग।**
**(शस्त्र शाखा)**

**-: आदेश :-**

आगामी विधानसभा चुनाव-2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से सम्पन्न कराने हेतु शस्त्र नियमावली-1962 के नियम-63 एवं शस्त्र अनुज्ञप्ति के शर्त 9 के तहत् जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को निदेश दिया जाता है कि अपने अनुज्ञप्ति पर धारित शस्त्र को अपने स्थानीय थाना/ओ0पी0/शस्त्र एवं कारतुस विक्रेता दुकान में दिनांक 24.10.2024 तक निश्चित रूप से जमा कराना सुनिश्चित करेंगे।

अनुज्ञप्तिधारी द्वारा शस्त्र एवं कारतुस विक्रेता दुकान में अपना शस्त्र जमा करने की स्थिति में पावती रशीद की छायाप्रति निश्चित रूप से स्थानीय थाना/ओ0पी0 को उपलब्ध करायेंगे।

उक्त निर्धारित तिथि तक शस्त्र नहीं जमा करने वाले अनुज्ञप्तिधारियों के विरूद्ध शस्त्र अधिनियम/नियमावली के तहत शस्त्र अनुज्ञप्ति को निलंबित/रद्द करने की कारवाई की जायेगी।

ह0/-
उपायुक्त-सह-
जिला निर्वाचन पदाधिकारी, हजारीबाग।

PR 339167 Election (24-25)D

## एक झलक

### टाइगर रिजर्व के टी-3 वन क्षेत्र में नेपाली हाथियों के समूह की चहलकदमी तेज

**पश्चिम चंपारण (बगहा) :** वाल्मीकि व्याघ्र परियोजना वन प्रमंडल-2 के वाल्मीकि नगर वन क्षेत्र में नेपाल के चितवन नेशनल पार्क से भटककर आए जंगली हाथियों का समूह का चहलकदमी वन क्षेत्र के टी 3 के वन क्षेत्र में हो रहा है। पिछले दिनों नेपाली हाथियों का झुंड वन क्षेत्र से निकल कर ग्रामीण क्षेत्र में पहुंच कर उत्पात मचाते हुए धान,केले के फसल को नुकसान पहुंचाया था। जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल व्याप्त था। परन्तु वन क्षेत्र की ओर हाथियों के चले जाने से ग्रामीणों एवं वनकर्मियों ने राहत की सांस ली। आज नेपाली हाथियों का समूह वन क्षेत्र के भालू थापा एंव आसपास के वन क्षेत्रों में चहलकदमी करते देखा गया है.। इस सन्दर्भ में पूछे जाने पर वाल्मीकि नगर वन क्षेत्र रेंजर राजकुमार पासवान ने बताया कि वाल्मीकि व्याघ्र परियोजना में पहुंचे जंगली नेपाली हाथियों का लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। मौंजूदा समय में हाथियों का समूह वन क्षेत्र के टी 3 में चहलकदमी कर रहा है।वन कमीर्यों की टीम कड़ी नजर बनाए रखे हुए हैं।

### बिहार, उत्तर-प्रदेश सीमा पर नेपाली गैंडा का चहलकदमी तेज

**पश्चिम चंपारण :** वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में नेपाल से पहुंचे मेहमान गैंडा का चहलकदमी बिहार, उत्तर-प्रदेश सीमा पर वाल्मीकि व्याघ्र परियोजना के जंगल में बनी हुई है। प्राप्त खबर के अनुसार गैंडा उत्तर-प्रदेश के सोहगी बरवा के निकट वीटीआर के वन क्षेत्र में चहलकदमी कर रहा है। जानकारी हो कि चले,की टाइगर रिजर्व में गैंडा नहीं पाया जाता है, किंतु टाइगर रिजर्व से सटे पड़ोसी देश नेपाल के चितवन राष्ट्रीय निकुंज से भटककर आने के उपरांत रविवार को टाइगर रिजर्व में उसकी उपस्थिति दर्ज की गई थी। उसके बाद वन कर्मियों की टीम भेड़िहारी के वनपाल नवीन कुमार के नेतृत्व में लगातार गैंडे की चहलकदमी पर नजर रखे हुए हैं। इस सन्दर्भ में पूछे जाने पर वाल्मीकि नगर वन क्षेत्र पदाधिकारी राजकुमार पासवान ने बताया कि बिहार यूपी सीमा के वन क्षेत्र में नेपाली गैंडा के चहलकदमी के संकेत मिल रहें हैं। गैंडे के पग मार्ग भी मिला है।वनकर्मी की टीम रात दिन नेपाली गैंडे का मॉनिटरिंग कर रही है।

### प्रेम प्रसंग में शादी से इनकार करने पर प्रेमी हुआ गिरफ्तार

**अररिया :** जिले के बौसी थाना क्षेत्र के पहुंसरा पंचायत में प्रेम प्रसंग में शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण के बाद शादी से मुकरने पर युवती ने थानाध्यक्ष को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई,जिस पर बुधवार को बौसी थाना पुलिस ने आरोपी प्रेमी विवेक कुमार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार विवेक को पुलिस ने न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। पीड़िता ने पुलिस को दिए गए आवेदन में कहा कि बसैटी वार्ड संख्या नौ निवासी विवेक कुमार तीन वर्षों से उससे प्याार करता है।दोनों एक दूसरे से प्यार करते थे और दोनों रिलेशनशीप में भी थे।मंदिर में विवाह करने का भी युवती ने दावा किया।अपने आवेदन में युवती ने अपने प्रेमी पर आरोप लगाया कि प्यार और शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा।इतना ही नहीं तीन माह की गर्भवती होने पर युवक ने जोर जबरदस्ती से दवा खिलाकर गर्भपात करा देने का भी आरोप लगाया गया। गर्भपात कराने में उसकी मां की भी संलिप्ता का आरोप लगाया गया। विवेक और उसके परिवार के लोगों पर शादी नहीं करने और साथ में रखने से इंकार करने की बात करते हुए युवती ने न्याय की गुहार लगाई।थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि पीड़िता के आवेदन पर केस दर्ज कर लिया गया है और आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरास में भेज दिया गया।

# 107.87 करोड़ की परियोजना का उद्घाटन

■ नीतीश ने 405.52 करोड़ की योजना का किया शिलान्यास



एजेंसी

**कटिहार :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुधवार को कटिहार जिले के बरारी प्रखंड अंतर्गत लक्ष्मीपुर पंचायत से एक साथ कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। जिसमें 107.87करोड़ की लागत से बना 52 परियोजना का उद्घाटन, 405.52 करोड़ की लागत से बनने वाली 182 योजना का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने सभी योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास कार्यक्रम स्थल बरारी के लक्ष्मीपुर से ही रिमोट कंट्रोल के माध्यम से किया। मुख्यमंत्री ने गंगा एवं कटाव से विस्थापित 5100 सौ परिवारों के बीच बासगीत पर्चा वितरण समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रदेश के जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री नीरज सिंह बबलू, लेसी सिंह, पूर्व उपमुख्यमंत्री सह कटिहार सदर विधायक तारकिशोर प्रसाद, बरार विधायक विजय सिंह निषाद, कोढ़ा विधायक कविता पासवान, प्राणपुर विधायक निशा सिंह, एमएलसी अशोक अग्रवाल उपस्थित तब। मुख्यमंत्री ने जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया उनमें ग्रामीण कार्य विभाग के द्वारा 14 ग्रामीण क्षेत्रों में 47.62 करोड़ की लागत से बना सड़कों का निर्माण, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 5.23 करोड़ की लागत से बना एक जिला अतिथिगृह का अतिरिक्त भवन, नियोजन एवं प्रशिक्षण निदेशालय (श्रम संसाधन विभाग) द्वारा 5.93 करोड़ की लागत से महिला आईटीआई में टैक लैब एवं वर्कशॉप (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस), योजना एवं विकास विभाग द्वारा 0.997 करोड़ की लागत से संयुक्त योजना भवन, पंचायती राज विभाग द्वारा 38.56 करोड़ की लागत से 11 पंचायत सरकार भवन एवं अन्य, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम द्वारा 9.53 करोड़ की लागत से तीन मॉडल थाना शामिल है। मुख्यमंत्री ने जिन योजनाओं का शिलान्यास किया उनमें ग्रामीण कार्य विभाग के द्वारा 47 ग्रामीण क्षेत्रों में 53.23 करोड़ की लागत से सड़कों का निर्माण, पंचायती राज विभाग द्वारा 213.50 करोड़ की लागत से 70 पंचायत सरकार भवन एवं अन्य, पशु एवं मतस्य संसाधन विभाग द्वारा 11.13 करोड़ की लागत से जिला पशुपालन कैम्पस में जिला स्तरीय संसाधन एवं प्रशिक्षण केंद्र का भवन एवं बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम द्वारा 19.80 करोड़ की लागत से 13 मॉडल थाना एवं अन्य का शिलान्यास शामिल है।

## राज्य के हर जिले में प्रत्येक दिन लूट और हत्या सहित अन्य तरह की अपराधी घटनाएं हो रहीं : तेजस्वी यादव



एजेंसी

**पटना :** बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने आज अपनी जनसुनवाई यात्रा के दूसरे चरण की शुरूआत बांका से की। बांका में यात्रा के दौरान उन्होंने कहा कि शायद ही कोई ऐसा दिन होगा, जिसमे राज्य के हर जिले में लूट और हत्या सहित अन्य तरह की अपराधी घटनाएं ना होती हो। इन घटनाओं में दोषियों को सजा तक नहीं मिल पा रही है। तेजस्वी ने कहा कि नीतीश कुमार से अब बिहार संभल नहीं रहा है। 17 महीने में महागठबंधन की सरकार में जितना काम हुआ है वह काम एनडीए की सरकार में अब तक नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि की भी सुनवाई नहीं हो पा रही है। इसलिए हम लोगों को नया बिहार बनाना है।

## बहुआयामी प्रतिभा की धनी है युवा कवयित्री बेलापट्टी की दीपिका चन्द्रा






एजेंसी

**सहरसा :** खेल का मैदान हो या फिर सामाजिक दायित्व, हर मोर्चे पर सक्रियता के साथ उपस्थिति दर्ज करानेवाली युवा कवयित्री दीपिका चन्द्रा लिखित मैथिली कविता संग्रह चौकठिसँ चान दिस का लोकार्पण विगत मंगलवार को सुपौल स्थित रेडक्रॉस सोसाइटी सभागार में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर काफी संख्या में साहित्यकार , बुद्धिजीवी उपस्थित रहे । सबों ने दीपिका के प्रयासों की सराहना की ।सुपौल जिला के त्रिवेणीगंज प्रखण्डन्तर्गत बेलापट्टी गाँव की रहनेवाली दीपिका अपनी प्रतिभा और मेहनत से नित्य नया अध्याय जोड़ती रही है। जूड़ो करार्टे में ब्लैकबेल्ट प्राप्त करने के साथ ही कबड्डी , बैडमिन्टन आदि में राष्ट्रीय फलक तक अपनी उपस्थिति दर्ज करवा चुकी हैं । समाज के दबे कुचले वर्ग के प्रति सतत संवेदनशील रहते हुए सुपौल में रोटी बैंक का संचालन करनेवाली दीपिका पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण में उल्लेखनीय योगदान देती आ रही हैं। इसके साथ ही गायन और साहित्य में इनकी सकारात्मक उपस्थिति महसूस की जा रही है ।

## नरगाकोठी में क्षेत्रीय एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता प्रारम्भ



एजेंसी

**भागलपुर :** भारती शिक्षा समिति एवं शिशु शिक्षा प्रबंध समिति के आयोजकत्व में पूरनमल बाजोरिया शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रांगण में क्षेत्रीय एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता बुधवार से प्रारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन वरीय आरक्षी अधीक्षक भागलपुर आनंद कुमार, क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्यालीराम, क्षेत्रीय सचिव नकुल शर्मा, प्रदेश सचिव प्रदीप कुमार कुशवाहा, क्षेत्रीय खेलकूद प्रमुख फणीश्वर नाथ, खेलकूद मार्गदर्शक एवं गया के विभाग प्रमुख ब्रह्मदेव प्रसाद, पूर्व परीक्षा नियंत्रक डॉ मधुसूदन झा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर एसएसपी आनंद कुमार ने कहा कि खेलकूद की उपयोगिता खेल के मैदान के साथ-साथ जीवन के मैदान में है। वैश्विक स्तर पर खेल का बड़ा महत्व है। खेल में हम जीतते हैं किंतु हारने के बाद हमें कमियों का विश्लेषण करने का मौका मिलता है। जीवन को जीने की कला उसमें सहूलियत प्रदान करने वाला यह खेल के मैदान का अनुभव होगा। हमें अपने ईश्वर जिनकी पूजा करते हैं उनके गुणों को आत्मसात करना है। ख्यालीराम ने कहा कि खेल के माध्यम से एकत्रित हुए हैं। खेलकूद के माध्यम से निर्माण शारीरिक, मानसिक दृष्टि से करना है बौद्धिक अपने आप आ जाएगा। खेल की दृष्टि से कैरियर बनाया जा सकता है। खेल खेल के माध्यम से सीख कर समाज जीवन के अन्य क्षेत्र में जाकर कार्य कर सकते हैं। नकुल कुमार शर्मा द्वारा खेल की प्रस्तावना प्रस्तुत की गई। प्रदीप कुमार कुशवाहा द्वारा दक्षिण बिहार भारती शिक्षा समिति एवं शिशु शिक्षा प्रबंध समिति के अंतर्गत निकलने वाले वार्षिक पत्रिका अर्चना के विमोचन पश्चात पत्रिका के बारे में बताया गया कि दक्षिण बिहार के 200 विद्यालय के अंतर्गत चलने वाले शिशु/विद्या मंदिर के भैया बहनों की गतिविधि आधारित पत्रिका है। नंदकुमार इंदु द्वारा आगंतुक अतिथि एवं भैया बहन और आचार्य का आभार ज्ञापन किया गया।

## राज्य स्तरीय हैंडबॉल खेल प्रतियोगिता में भाग लेगी जिला की टीम

एजेंसी

**सहरसा :** खेल विभाग बिहार सरकार एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना के संयुक्त तत्वाधान में बेगूसराय में आयोजित राज्य स्तरीय हैंडबॉल अंदर 14 प्रतियोगिता 17 से 21 तक आयोजित है।इस प्रतियोगिता में जिला की टीम ने अबू अमर मो इंतेकाम मो अख्तर अली आसिफ नूर मो कुनैन मो सदीक तनवीर जो सभी उर्दू मध्य विद्यालय मझौल से चयनित हुए हैं, जबकि अमित कुमार मिश्रा,पंकज कुमार, राजू राज, शिवम कुमार, अभिमन्यु राज,आनंद कुमार, कृष्ण कुमार यह सभी मध्य विद्यालय जेल कॉलोनी से चयनित होकर राज्य स्तर पर प्रदर्शन करेगे। जिला खेल पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार चौधरी एवं विमल कुमार यादव प्रधानाध्यापक मध्य विद्यालय जेल कॉलोनी के द्वारा सभी खिलाड़ियों को पोशाक वितरण कर एवं हरि झंडी दिखाकर बेगूसराय के लिए रवाना किया गया एवं सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी गई।उक्त मौके पर दीपक कुमार झा, शिक्षक मध्य विद्यालय जेल कॉलोनी संयोजक नीतीश मिश्रा एवं दल प्रभारी सैयद समी अहमद, प्रशिक्षक अरविंद कुमार, हेंब्रम एकलव्य सेंटर के प्रशिक्षक रोहित राज,प्रमोद कुमार झा, शशि भूषण कुमार, अमित कुमार अमर, गोपाल मिश्रा शिक्षक मध्य विद्यालय जेल कॉलोनी एवं कार्यालय लिपि शीलू कुमारी उपस्थित रही।

## मवेशी कारोबारी बाबू अख्तर हत्याकांड में एक गिरफ्तार



एजेंसी

**अररिया :** अररिया रानीगंज मार्ग में रामपुर नहर के निकट कजरा पुल के समीप 7 अगस्त की सुबह मवेशी व्यापारी मो.बाबू अख्तर की लूटपाट के दौरान हुई हत्या के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसपी अमित रंजन ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी। बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने गोली मार दी थी और उनसे डेढ़ लाख रुपये लूट लिए थे।मवेशी व्यापारी 40 वर्षीय बाबू अख्तर पिता मो.सुलेमान पलासी थाना क्षेत्र के बरबन्ना गांव के रहने वाले थे और पिता और चचेरे भाईयों के साथ मवेशी की खरीददारी के लिए मैजिक गाड़ी से मधेपुरा का सिंहेश्वर जा रहा था।इसी दौरान कजरा पुल के पास बाइक पर सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने लूटपाट करते हुए उनके सर में गोली मार दिया था,जिनसे इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई थी।मामले को लेकर रानीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। मामले में एक महीना सात दिनों के बाद गठित विशेष टीम ने वैज्ञानिक और तकनीकी अनुसंधान का सहारा लेते हुए रानीगंज थाना क्षेत्र के भोड़हर वार्ड संख्या 12 के रहने वाले आरोपित सौरभ यादव पिता दिनेश यादव को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने घटना कारित करने में प्रयुक्त मोबाइल बरामद किया है।

## हिन्दू स्वाभिमान यात्रा के निमित्त धर्मावलंबियों की प्रेस वार्ता

एजेंसी

**भागलपुर :** आगामी 18 अक्टूबर को हिंदू स्वाभिमान यात्रा के निमित्त बुधवार को भागलपुर के एक होटल में धर्मावलंबियों के द्वारा कार्यक्रम के सफलता के लिए सभी संतो ने मिलकर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। इस दौरान सभी सनातनियों से यात्रा में शामिल होने के लिए अपील भी किया। उल्लेखनीय हो कि 18 अक्टूबर को बाबा बुढ़ानाथ मंदिर से कलश शोभा यात्रा निकलकर जिला स्कूल मैदान सभा स्थल पहुंचेगी। फिर सभा स्थल से नगर भ्रमण करते हुए इस यात्रा का समापन तिलकामांझी सरकारी बस डिपो में किया जाएगा। आज के इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में महंत शिवानंद गिरि, बूढ़ानाथ के प्रतिनिधि के रूप में लक्ष्मणआनंद शास्त्री, अखिल भारतीय संतमत की ओर से दिव्य प्रकाश, गायत्री परिवार से आचार्य विकास भारती, गुरुद्वारा कमेटी भागलपुर की ओर से जसपाल सिंह शामिल रहे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में यात्रा की सारी जानकारियां भाजपा के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने दिया। सभी रूट की जानकारी जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के संगठन मंत्री मनीष दास ने दी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में विश्व हिंदू परिषद से राजकमल, भाजपा अनुसूचित मोर्चा से नंदकिशोर हरि एवं यात्रा समिति के कई सदस्य के शामिल रहे।

## पूर्व की सरकारों के संरक्षण में यहां जंगलराज फैला हुआ था : मनीष वर्मा



एजेंसी

**बगहा/बेतिया :** बिहार में पश्चिम चंपारण जिले के बगहा में बुधवार को जदयू के तत्वावधान में कार्यकर्ता समागम का आयोजन किया गया। मौके पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जदयू के राष्ट्रीय महासचिव मनीष वर्मा ने कहा कि बगहा महर्षि वाल्मीकि की पवित्र धरती है लेकिन बीच के कालखंड में हमारी पूर्व की सरकारों के संरक्षण में यहां जंगलराज फैला हुआ था। बगहा को डकैतों के आतंक, जंगल राज और गुंडाराज के नाम से जाना जाता था। कब किसकी जान चली जाए, किसकी किडनैपिंग हो जाए, यह पता तक नहीं चलता था, इस प्रकार भय का माहौल हुआ करता था। मनीष वर्मा ने कहा कि 2005 के पहले के बिहार को याद करिए बिहार में बाहुबलियों का शासन था, हर जगह गुंडाराज फैला हुआ था, लोग मारने-काटने को तैयार रहते थे, जाति-जाति की लड़ाई में संलिप्त थे। बच्चों और महिलाओं की हत्यायें सामान्य बात थी। कब किसकी जान चली जाए, यह कल्पना नहीं की जा सकती थी। जदयू के राष्ट्रीय महासचिव ने लोकसभा चुनाव के समय के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि उस समय राजद के विपक्षी उम्मीदवार पैसे के दम पर वोट खरीदना चाहते थे लेकिन यहां के लोगों ने जदयू के प्रत्याशी को जिताकर, उनके अरमानों पर पानी फेर दिया। बगहा के लोग अत्यंत स्वाभिमानी हैं, इन्हें पैसे के दम पर नहीं खरीदा जा सकता। जब समता पार्टी का गठन हुआ, उस विषम परिस्थिति में कार्यकताओं ने संघर्ष करके समता पार्टी को स्थापित किया। उस कठिन परिस्थिति से बिहार को निकाल कर विकासशील बिहार बनाने का काम जदयू के कार्यकताओं के दम पर नीतीश कुमार ने किया है। मनीष वर्मा ने कहा कि निरंतर 19 सालों से नीतीश कुमार हमारा नेतृत्व कर रहे हैं और सरकार में रहकर बिहार के लिए निरंतर विकास का काम कर रहे हैं।

## माले राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर ने नवादा से निकाली बिहार बदलो न्याय यात्रा




एजेंसी

**नवादा :** नवादा से बुधवार को बाबा साहब संविधान निमार्ता भीमराव अंबेडकर, लोकनायक जयप्रकाश नारायण और आईपीएफ के नेता सुरेंद्र सिंह को श्रद्धांजलि के साथ माले की बदलो बिहार न्याय यात्रा की शुरू हुई। मौके पर माले महासचिव का. दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि आज से बदलो बिहार न्याय यात्रा शुरू की हैं। 26 अक्टूबर को पटना पहुंचेंगे। 27 को मिलर हाई स्कूल में न्याय सम्मेलन होगा। नए बिहार के निर्माण की चल रही लड़ाई को मजबूत बनाने के लिए न्याय सम्मेलन में शामिल होने की अपील करने आए हैं। माले महासचिव ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार को बदलना है। हमें नया बिहार चाहिए। बाबा साहब ने जो संविधान दिया था उस संविधान में हिंदुस्तान के सभी नागरिकों से यह वादा किया गया था इसमें कोई धार्मिक भेदभाव नहीं होगा, जाति के नाम पर भेदभाव नहीं होगा। आपकी भाषा कुछ भी हो, आपकी बोली कुछ भी हो,आपका धर्म कुछ भी हो, आप कुछ भी खाते हो, कोई फर्क नहीं पड़ता है. हिंदुस्तान का संविधान गारंटी करेगा कि भारत के तमाम नागरिकों को बराबरी का हक मिले, सबके लिए बराबरी, सबके लिए सामाजिक न्याय, आर्थिक न्याय का लक्ष्य संविधान के पहले पन्ने पर है। गरीबों पर बुलडोजर चल रहा है। दलितों पर हमले हो रहे हैं। महिलाओं पर अत्याचार हो रहा है और ऐसे बिहार में अगर हमें विकास चाहिए, हमें न्याय चाहिए, हमें रोजगार चाहिए तो हमें इस बात की गारंटी करनी होगी कि गरीबों को बांटने की किसी भी साजिश को चकनाचूर कर देना है। उन्होंने कहा कि नवादा के कृष्णानगर में 1966 से बसे हुए 80 घरों को बेदखल करने की कोशिश बहुत पुरानी है। 2023 में भी एकबार हमला हुआ था, और इस साल 18 सितंबर को हुए भयानक आगजनी और हमले में कृष्णानगर से लोगों को किसी तरह जान बचाकर भागना पड़ा। कथित भूमि विवाद का हवाला दे कर कृष्णानगर के लोगों को अन्य बुनियादी सुविधा और अधिकारों से भी वंचित रखा गया है। सुरक्षा और सम्मान के लिए यहाँ के दलितों को सबसे पहले भूमि अधिकार चाहिए. इस मामले में सरकार आज भी दलित-गरीबों के खिलाफ खड़ी है।

## डीएम ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय के साथ अनुमंडलीय अस्पताल का किया निरीक्षण




एजेंसी

**अररिया :** डीएम अनिल कुमार बुधवार को फारबिसगंज प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचकर विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण किया। फारबिसगंज एसडीएम शैलजा पांडे सहित अन्य अधिकारियों के साथ डीएम ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय में काम कर रहे कर्मचारियों और अधिकारियों से विभाग और सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं को लेकर जानकारी प्राप्त की।लोक सेवा अधिकार के तहत जाति,आय,निवास सहित अन्य प्रमाण पत्र के लिए बने आरटीपीएस काउंटर का जायजा लेने के साथ मौजूद लोगों से भी काम को लेकर फीडबैक लिया गया। राजस्व अंचल कार्यालय में काम की गति को तेजी में लाने के साथ काम में व्यापक सुधार लाने का कड़ा निर्देश डीएम ने अधिकारी और कर्मचारियों को दिया। ऑनलाइन आवेदन के निबटारे को लेकर भी डीएम सख्त दिखे।प्रखंड सह अंचल कार्यालय के निरीक्षण के बाद डीएम एसडीएम के साथ फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे। जहां ओपीडी से लेकर वार्ड और अन्य चिकित्सीय सुविधाओं को लेकर जानकारी प्राप्त की। डीएम ने अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ.के. एन.सिंह और अस्पताल प्रबंधक नाजिश नियाज सहित मौजूद चिकित्सकों से बातचीत कर चिकित्सीय सुविधा को और अधिक बेहतर बनाने पर जोर दिया।अस्पताल में मरीजों और उसके परिजनों से भी डीएम ने चिकित्सीय सुविधा और होने वाली परेशानी को लेकर जानकारी प्राप्त की। प्रखंड सह अंचल कार्यालय में डीएम अनिल कुमार ने बताया कि यह उनका निरीक्षण का कार्यक्रम था,जिसमें उन्होंने विभिन्न विभागों के साथ सरकार की ओर से चलाई जा रही लोक कल्याणकारी योजनाओं को लेकर जानकारी प्राप्त की।बातचीत के क्रम में डीएम ने बताया कि सभी विभागीय अधिकारी और कर्मचारियों को काम के निबटारे में तेजी लाने को निर्देशित किया गया है। उल्लेखनीय हो कि बिहार सरकार के भूमि सुधार एवं राजस्व विभाग की ओर से काम और उसके निबटारे को लेकर बिहार के सभी जिलों के बीच रैंकिंग की गई थी, जिसमें अररिया जिला सबसे निचले पायदान अर्थात 38वें स्थान पर आया है।

## छात्रों और शिक्षकों को ढूंढ रहा शिक्षा के लिए बना भवन

एजेंसी

**पूर्णिया :** रुपौली प्रखंड के लालगंज गांव के मध्यविद्यालय के प्रांगण में बना प्लस टू भवन पिछले चार माह से बच्चों एवं शिक्षकों को ढूंढ रहा है यानी कहिए तो मुंह चिढ़ा रहा है। चमकती दमकती यह बिल्डिंग तो बन गई है परंतु शिक्षक और छात्र इसमें पठन कार्य नहीं कर पा रहे हैं। भवन बनकर तैयार है परंतु अभी तक इस नए भवन को विद्यालय प्रधान को सुपुर्द ही नहीं किया गया है। विजय लालगंज पंचायत में प्लस टू तक की पढ़ाई होती है जो अभी तक मध्यविद्यालय के भवन में काफी कठिनाइयों के बीच चल रही है। यहां इसी प्रांगण में प्लस टू भवन भी बना हुआ है परंतु अभी तक इसे हैंडओवर नहीं किया गया है। इससे ग्यारहवीं एवं बारहवीं कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों सहित नौवीं एवं दसवीं में पढ़ने वाले बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जबकि इसमें लगभग चार सौ बच्चे नामांकित हैं। इस संबंध में विद्यालय प्रधान संतोष कुमार ने बताया कि भवन पिछले कई माह से बनकर तैयार है, परंतु पता नहीं किस कारण से अभी तक उन्हें सुपुर्द नहीं किया गया है। पूर्व जिप सदस्य मस्तराज जायसवाल ने चिंता प्रकट करते हुए कहा कि अधिकारियों को बस भवन बनवाने तक मतलब रहता है, उसके बाद उस भवन से किसी को लाभ मिलता है या नहीं, उन्हें कोई मतलब नहीं रह जाता है। प्लस टू का यह भवन इसी का उदाहरण प्रस्तुत करता नजर आ रहा है। बच्चों की कक्षा के अभाव में पढ़ाई बाधित हो रही है, इसकी चिंता किसी को नहीं है। उन्होंने जिलाधिकारी कुंदन कुमार से मांग की कि वे इसकी जांच कर इस भवन को जल्द प्रधानाध्यापक को सुपुर्द करवाएं, ताकि बच्चों को इसका लाभ मिल सके।

## एक झलक

### एनसीएल विजेता शिकागो को ट्रॉफी देकर उत्साहित हुए सचिन

**डलास :** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने अमेरिका में हुई राष्ट्रीय क्रिकेट चैम्पियनशिप (एनसीएल) की विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। सचिन से ट्रॉफी प्राप्त करना शिकागो क्रिकेट क्लब के लिए एक यादगार पल बना है। शिकागो ने डलास यूनिवर्सिटी में खेले गये इस मैच के फाइनल में अटलांटा क्रिकेट क्लब को हराकर खिताब अपने नाम किया। तेंदुलकर ने शिकागो टीम के मुख्य कोच रॉबिन उथप्पा को ट्रॉफी सौंपी। उन्होंने दर्शकों से मुलाकात कर उनसे हाथ मिलाया और तस्वीरें भी खिंचवाई। इस अवसर पर इस महान बल्लेबाज ने कहा, ह्यक्रिकेट ने मुझे इतना कुछ दिया है और आज मैं यहां क्रिकेट के कारण ही हूं। डलास में फाइनल और विजेता को ट्रॉफी देकर बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। लोगों के उत्साह को देखकर लगता है कि अमेरिका में क्रिकेट का भविष्य आने वाले समय में और भी बेहतर होगा।

### डेब्यू टेस्ट में शतक लगानेवाले गुलाम को बाबर आजम ने दी बधाई

**मुल्तान :** पाकिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज और पूर्व कप्तान बाबर आजम ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन शानदार शतक लगाने वाले बल्लेबाज कामरान गुलाम की जमकर प्रशंसा की है। गुलाम को बाबर आजम की जगह इस मेच में शामिल किया गया था। गुलाम ने इंग्लैंड के गेंदबाजों के सामने अच्छा खेल दिखाते हुए 224 गेंदों पर 11 चौकों और 1 छक्के की मदद से 118 रन बनाए। बाबर ने सोशल मीडिया पर गुलाम को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी औरलिखा-अच्छा खेला कामरान। कामरान ने अपने डेब्यू पर शानदार शतक लगाकर पाक टीम को पांच विकेट पर 259 के स्कोर तक पहुंचाया। इस नये बल्लेबाज ने खराब फॉर्म में चल रहे बाबर की जगह चौथे नंबर पर बल्लेबाजी की और इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमकण का अच्छे से सामना किया। वहीं दिन के अंत में मोहम्मद रिजवान और सलमान आगा क्रमशः 37 और पांच रन बनाकर नाबाद थे। जब मेजबान टीम टॉस जीतकर 19 पर दो विकेट खोकर दबाव में थी तब कामरान ने सैम अयूब के साथ तीसरे विकेट के लिए 149 रन जोड़े जिन्होंने करियर की सर्वश्रेष्ठ 77 रन की पारी खेली और रिजवान के साथ पांचवें विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी की। उन्होंने स्पिनर जो रूट की गेंद पर चौका लगा कर शतक तक पहुंचने में 280 मिनट का समय लिया और अपने डेब्यू टेस्ट में शतक बनाने वाले पाकिस्तान के 12वें बल्लेबाज बन गये।

### चिन्नास्वामी स्टेडियम में पहुंच कर पुरानी यादों में खोये राहुल

**बेंगलुरु :** न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए यहां एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आये भारतीय टीम के बल्लेबाज केएल राहुल पुरानी यादों में खो गये। ये राहुल का घरेलू मैदान रहा है। राहुल ने इस मैदान पर पहली बार 11 साल की उम्र में खेला था। वहीं अब वह भारतीय टीम के प्रमुख बल्लेबाजों में शामिल हैं। राहुल ने बीसीसीआई के सोशल मीडिया में आये एक वीडियो में कहा कि आपके घरेलू मैदान पर जहां आप बड़े हुए और आपने बहुत सारा क्रिकेट खेला हो वहां वापस आना एक विशेष अनुभव होता है।

# पाकिस्तान पहली पारी में 366 पर ऑलआउट

## डेब्यू कर रहे कामरान का शतक; इंग्लैंड के लिए लीच ने 04 विकेट लिये



एजेंसी

**मुल्तान :** पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट मुल्तान में खेला जा रहा है। बुधवार को मुकाबले के दूसरे दिन पाकिस्तान 366 रन पर ऑलआउट हो गया। पाकिस्तान ने दिन की शुरूआत 259/5 के स्कोर से की थी। टीम ने मंगलवार को टॉस जीतकर बैटिंग चुनी थी। पाकिस्तान के लिए अपना डेब्यू टेस्ट खेल रहे कामरान गुलाम ने शतक लगाया। उन्होंने 224 बॉल पर 118 रन की पारी खेली। उनके अलावा सईम अयूब ने 77 रन बनाए। मोहम्मद रिजवान ने 41, आमिल जमाल ने 37 नोमान अली ने 32 और आगा सलमान ने 31 रन का योगदान दिया। इंग्लैंड से जैक लीच ने 4 विकेट झटके। ब्रायडन कार्स ने 3 विकेट लिए। मैथ्यू पॉट्स को 2 और शोएब बशीर को 1 विकेट मिला। पहले दिन पाकिस्तान की खराब शुरूआत पाकिस्तान की शुरूआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 15 रन के स्कोर पर पहला विकेट गंवा दिया। अब्दुल्ला शफीक 7 रन बनाकर आउट हुए। दूसरा झटका 19 रन पर लगा। कप्तान शान मसूद 3 रन बनाकर आउट हुए। दोनों विकेट जैक लीच ने लिए। यहां से कामरान गुलाम और सईम अयूब ने पाक की पारी को संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 149 रन की साझेदारी हुई। यह साझेदारी सईम के विकेट के साथ टूटी। सईम ने 77 रन बनाए। पाकिस्तान पहला मैच पारी और 47 रन से हारा टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पहली बार कोई टीम 500 से ज्यादा रन बनाने के बाद भी मैच हार गई। यह रिकॉर्ड बना पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच मुल्तान में खेले गए टेस्ट मैच में। इस टेस्ट में पाकिस्तान ने पहली पारी में 556 रन बनाए। इसके बाद इंग्लैंड की पारी शुरू हुई। हैरी ब्रूक के तिहरे और जो रूट के दोहरे शतक की बदौलत इंग्लैंड ने 823 रन बनाए। पाकिस्तान पर इंग्लैंड ने 267 रन की बढ़त ले ली।




**दोनों टीमों की प्लेइंग-11**

**पाकिस्तान :** शान मसूद (कप्तान), सईम अयूब, अब्दुल्ला शफीक, कामरान गुलाम, सऊद शकील, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), आगा सलमान, आमेर जमाल, नोमान अली, साजिद खान और जाहिद महमूद।

**इंग्लैंड :** बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पॉप, जो रूट, हैरी ब्रूक, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), मैथ्यू पॉट्स, ब्रायडन कार्स, जैक लीच और शोएब बशीर।

## द हंड्रेड : मैनचेस्टर ओरिजिनल्स पुरुष टीम के प्रभारी बने रहेंगे साइमन कैटिच



एजेंसी

**मैनचेस्टर :** मैनचेस्टर ओरिजिनल्स ने साइमन कैटिच को एक साल का अनुबंध विस्तार दिया है, जबकि इस सत्र में उनकी पुरुष टीम ने केवल एक जीत हासिल की थी, हालांकि क्लब ने स्टीफन पैरी को महिला टीम के कोच पद से हटा दिया है। पैरी ने दो साल तक महिला टीम की कमान संभाली थी। दोनों कोचों के भविष्य पर निर्णय ओरिजिनल्स बोर्ड द्वारा लिए गए, जिसे 2025 से लंकाशायर के साथ उनके घनिष्ठ संबंधों को दशार्ने के लिए पुनर्गठित किया गया है। काउंटी अगले सत्र में ओरिजिनल्स में बहुसंख्यक शेयरधारक बन जाएगी, जब उन्हें ईसीबी द्वारा 51% हिस्सेदारी सौंपी जायेगी, जबकि शेष 49% एक निजी निवेशक को बेची जायेगी। लंकाशायर के क्रिकेट निदेशक मार्क चिल्टन को पैरी के उत्तराधिकारी के रूप में महिला टीम के मुख्य कोच की नियुक्ति प्रक्रिया का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी दी गई है। लंकाशायर बोर्ड में शामिल जेम्स शेरिडन ने ब्रॉडकास्टर मार्क चैपमैन से ओरिजिनल्स के अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला है, हालांकि चैपमैन बोर्ड में बने रहेंगे।



ब्यूनस आयर्स में अर्जेंटीना और बोलीविया के बीच फुटबॉल विश्व कप क्वालीफायर मैच में खेलते हुए खिलाड़ी।

## लौरा डेलानी की जगह गैबी लुईस बनीं आयरलैंड महिला क्रिकेट टीम की कप्तान



एजेंसी

**डबलिन :** गैबी लुईस को आयरलैंड महिला क्रिकेट टीम का नया कप्तान नियुक्त किया गया है, जो अब तक की सबसे अनुभवी खिलाड़ी लॉरा डेलानी की जगह लेंगी। डेलानी ने सभी प्रारूपों में आयरलैंड का 207 बार प्रतिनिधित्व किया है, और पिछले आठ वर्षों से वह उनकी कप्तानी भी कर रही हैं। वे महिला टी20 विश्व कप में जगह बनाने में असमर्थ रहीं, लेकिन हाल ही में उन्हें सफलता मिली है, अगस्त में श्रीलंका के साथ द्विपक्षीय मुकाबले में 1-1 से बराबरी की, जब लुईस ने शतक बनाया और उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गईं। इसके बाद उनकी टीम ने वनडे में श्रीलंका को 2-1 से हराया। लुईस, जो वर्तमान में मेलबर्न में क्लब क्रिकेट खेल रही हैं, ने कहा, मुझे पता है कि जब मैं पहली बार सीनियर टीम में आई थी, तो डेल्स उन टीम-साथियों में से एक थीं जिनसे आप प्रेरणा लेते थे। शौकिया से पेशेवर युग में जाने के बाद, उन्होंने लगातार अपने खेल को विकसित करने और सुधारने की कोशिश की है, और मैं डेल्स के साथ कई और मौकों पर खेलने के लिए उत्सुक हूं क्योंकि हम अपनी टीम के विकास के अगले चरण में आगे बढ़ रहे हैं। लुईस ने आयरलैंड के लिए अपना डेब्यू तब किया था जब वह सिर्फ 13 साल की थीं। वह 28.95 की औसत से 3,742 रन बनाकर उनकी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं, जिसमें दो शतक और 21 अर्धशतक शामिल हैं।

## युगांडा ने दक्षिण सूडान को हरा कर अफ्रीकी कप ऑफ नेशंस 2025 के लिए किया क्वालीफाई

एजेंसी

**जुबा :** युगांडा ने मंगलवार को एक रोमांचक मुकाबले में दक्षिण सूडान को 2-1 से हराकर मोरक्को में होने वाले 2025 अफ्रीकी कप ऑफ नेशंस (एएफसीओएन) के लिए क्वालीफाई कर लिया है। युगांडा ने 11 अक्टूबर को कंपाला में हुए उलट मुकाबले में दक्षिण सूडान को 1-0 से हराया था। दक्षिण सूडान के मुख्य कोच निकोलस डुपुइस ने कहा कि युगांडा व्यक्तिगत मुकाबलों में बेहतर टीम थी, उन्होंने कहा कि मैच का फैसला करने में यह महत्वपूर्ण था। दक्षिण सूडान की राजधानी जुबा में एक ब्रीफिंग में डुपुइस ने कहा, हमारे लिए यह बहुत मुश्किल था क्योंकि युगांडा हमसे बेहतर था, इसलिए मुझे लगता है कि परिणाम सामान्य है। व्यक्तिगत रूप से वे बेहतर थे, लेकिन हमने कड़ी मेहनत की। यह पर्याप्त नहीं है लेकिन हमने एक अच्छी टीम के खिलाफ खेला। डुपुइस ने कहा कि उनकी टीम का ध्यान अब 25 अक्टूबर को टोटल एनर्जीज अफ्रीकन नेशंस चैंपियनशिप में केन्या के खिलाफ होने वाले आगामी मुकाबले पर केंद्रित है। युगांडा के मुख्य कोच पॉल जोसेफ पुट ने कहा कि उन्हें इस बात पर गर्व है कि उनकी टीम ने मैच की शुरूआत से लेकर अंत तक दबदबा बनाए रखा। पुट ने कहा, ररमुझे लगता है कि हमने हर अच्छी टीम को देखा है, उन्होंने पहले पल से लेकर अंत तक पहल की, मुझे लगता है कि दक्षिण सूडान अपने खिलाड़ियों की लंबाई के कारण कॉर्नर किक्स में थोड़ा खतरनाक था, लेकिन हमने खेल पर अपना दबदबा बनाए रखा।



## सेमीफाइनल में आज ऑस्ट्रेलिया-दक्षिण अफ्रीका के बीच होगा मुकाबला

**महिला टी-20 विश्व कप**

एजेंसी

**दुबई :** आईसीसी महिला टी20 विश्वकप क्रिकेट सेमीफाइनल के लिए चार टीमें तय हो गयी हैं। इसमें सेमीफाइनल मुकाबलों की शुरूआत गुरुवार 17 अक्टूबर से होगी। इसमें पहला सेमीफाइनल ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच होगा। इसमें ऑस्ट्रेलिया की टीम ग्रुप ए में थी जबकि दक्षिण अफ्रीका ने ग्रुप बी से सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबला 17 अक्टूबर को खेला जाएगा। दोनों टीमें इस मैच के लिए दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में मैदान पर उतरेगी। ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया की टीम लीग स्टेज में अपने चारों मैच जीतकर अंक तालिका में पहले स्थान पर रही थी। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने चार में से अपने तीन मुकाबलों को जीता था और वह अंक तालिका में दूसरे स्थान पर रही थी। वहीं दूसरा सेमीफाइनल न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच खेला जाएगा। ये मैच 18 अक्टूबर को शारजाह क्रिकेट मैदान पर खेला जाएगा। इसमें न्यूजीलैंड की टीम ने ग्रुप ए में चार में से अपने तीन मैच जीते थे। वह 6 अंक लेकर ऑस्ट्रेलिया के बाद वह अंक तालिका में दूसरे स्थान पर रही थी। वहीं वेस्टइंडीज की टीम ग्रुप बी की टॉप टीम है। वेस्टइंडीज ने भी अपने चार में से तीन मैच जीते थे, लेकिन बेहतर रन रेट के कारण अंक तालिका में वह दक्षिया अफ्रीका के बराबर अंक होते हुए वह पहले स्थान पर रही।




## बेंगलुरु टेस्ट : बारिश की भेंट चढ़ा पहले सत्र का खेल



एजेंसी

**बेंगलुरु :** बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जा रहे भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला के पहले मैच का पहला सत्र बारिश से धूल गया और अब दूसरे सत्र पर भी संदेह है। बारिश के कारण अभी तक टॉस भी नहीं हो सका है। अंपायर लगातार मैदान का निरीक्षण कर रहे हैं, पिच के चारों ओर पैच और नमी दिख रही है, फिलहाल बारिश रुक गई है, कवर भी हटा दिया गया है। हालांकि खेल शुरू होने में अभी भी समय है। भारतीय टीम इस महीने की शुरूआत में बांग्लादेश को हराने के बाद आत्मविश्वास से भरी हुई है। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज भारतीय दल के लिए अपनी कमियों को दूर करने और नवंबर में ऑस्ट्रेलिया की यात्रा से पहले अपनी ताकत को परखने के लिए महत्वपूर्ण होगी। सभी की निगाहें अनुभवी रोहित शर्मा और विराट कोहली पर होंगी, जो बांग्लादेश सीरीज में कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए थे और 4 पारियों में अर्धशतक बनाने में विफल रहे थे।

## एडी टी-10 लीग में पदार्पण के लिए तैयार यूपी नवाब




एजेंसी

**नयी दिल्ली :** एडी टी10 लीग में नई फ्रेंचाइजी यूपी नवाब अपना पदार्पण करने के लिए तैयार है। टीम के मालिक वेंचर कैपिटलिस्ट लविश चौधरी हैं। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले चौधरी की गाजियाबाद और मुजफ्फरनगर से यात्रा उनकी जड़ों से उनके गहरे जुड़ाव और क्रिकेट के प्रति आजीवन जुनून को दशार्ती है। यह नया उद्यम उन्हें खेल के प्रति अपने प्यार को अपने रणनीतिक निवेश दृष्टिकोण के साथ जोड़कर एक ऐसी टीम बनाने का मौका देता है जो उत्तर प्रदेश की भावना और लचीलेपन का प्रतिनिधित्व करती है। लविश चौधरी ने टीम के लिए अपनी आकांक्षाओं को साझा करते हुए एक बयान में कहा, क्रिकेट मेरे जीवन का एक मूलभूत हिस्सा रहा है, और एडी टी10 लीग में एक फ्रैंचाइजी का मालिक होना एक सपने के सच होने जैसा है। यूपी नवाबों के साथ, मेरा लक्ष्य उत्तर प्रदेश के गौरव को वैश्विक मंच पर लाना और लीग में एक मजबूत दावेदार के रूप में अपनी उपस्थिति स्थापित करना है। यूपी नवाब एडी टी10 लीग के आगामी 8वें सीजन में दमदार शुरूआत करने के लिए तैयार है। टीम में विस्फोटक विकेटकीपर-बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज, गतिशील तेज गेंदबाज टाइमल मिल्स, पावर-हिटिंग बल्लेबाज आंद्रे फ्लेचर, कुशल लेग स्पिनर आदिल राशिद और शीर्ष क्रम के कुशल बल्लेबाज डेविड मालन सहित कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल हैं। एडी टी10 लीग का 8वां सीजन अबू धाबी के जायद क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा, जो टी10 क्रिकेट का नया घर बन गया है। 2017 में अपनी शुरूआत के बाद से इस प्रारूप की अपार लोकप्रियता ने इसे एक तेज-तर्रार मनोरंजक खेल के रूप में स्थापित किया है, इस सीजन में 100,000 से अधिक प्रशंसकों को आकर्षित करने की उम्मीद है।

## अंतरराष्ट्रीय ब्रेक से फुटबॉल मैदान पर लौटा आईएसएल चेन्नइयन एफसी का सामना नॉर्थईस्ट यूनाइटेड से



एजेंसी

**गुवाहाटी :** नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी और चेन्नइयन एफसी के मुकाबले के साथ ही इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 फिर से फुटबॉल मैदान पर आ जाएगी। अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के बाद यह आईएसएल का पहला मुकाबला होगा, जो गुरुवार, 17 अक्टूबर को शाम गुवाहाटी के इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में खेला जाएगा। गेमवीक पांच का यह मुकाबला काफी रोमांचक होने की उम्मीद है, क्योंकि दोनों टीमों ने अंतरराष्ट्रीय ब्रेक से पहले अपने पिछले मुकाबलों में ड्रा खेला था। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी अपने घरेलू मैदान पर अंतिम क्षणों में गोल खाकर एफसी गोवा के साथ 3-3 का ड्रा खेलने के लिए मजबूर हुई थी। वहीं, चेन्नइयन एफसी को 10 खिलाड़ियों वाली हैदराबाद एफसी ने गोलरहित बराबरी करने पर मजबूर किया था। हाईलैंडर्स चेन्नइयन एफसी के खिलाफ अपने पिछले 10 मुकाबलों में केवल एक जीत (3 ड्रा, 6 हार) दर्ज कर पाए हैं और अपने रिकॉर्ड को बेहतर करना चाहेंगे।

# हरमनप्रीत सिंह और उदिता हॉकी इंडिया लीग की शुरुआत से उत्साहित

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** तीन दिनों तक चली बोली-प्रक्रिया के बाद, आठ पुरुष और चार महिला टीमें दिसंबर में होने वाली हॉकी इंडिया लीग 2024-25 में एक-दूसरे से भिड़ने के लिए तैयार हैं। हॉकी इंडिया लीग की बहुप्रतीक्षित वापसी की नीलामी में भारतीय हॉकी टीम के डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह और उदिता सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। उदिता को श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने 32 लाख में खरीदा, जबकि सूरमा हॉकी क्लब ने हरमनप्रीत सिंह को 78 लाख में खरीदा। हैदराबाद तूफान, सूरमा हॉकी क्लब, श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स, दिल्ली एसजी पाइपर्स, तमिलनाडु ड्रैगन्स, यूपी रुद्रास, कलिंगा लांसर्स और टीम गोनासिका पुरुष फ्रेंचाइजी थीं, जिन्होंने 13 और 14 अक्टूबर को पुरुषों की नीलामी में एक-दूसरे से आगे निकलने की कोशिश की। 15 अक्टूबर को महिलाओं की नीलामी में, सूरमा हॉकी क्लब, श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स, दिल्ली एसजी पाइपर्स और ओडिशा वॉरियर्स के बीच लीग में 24 खिलाड़ियों की सबसे मजबूत टीम बनाने के लिए मुकाबला हुआ। हॉकी इंडिया लीग सात साल के अंतराल के बाद फिर से शुरू हो रही है, लेकिन लीग की वापसी के साथ ही महिला हॉकी इंडिया लीग की शुरूआत भी हो रही है, जो भारत में अपनी तरह की पहली लीग होगी। महिला हॉकी इंडिया लीग पुरुषों की लीग के साथ-साथ चलेगी और इसका फाइनल 26 जनवरी को रांची में होगा। भारतीय महिला हॉकी टीम की डिफेंडर उदिता कई मशहूर अंतरराष्ट्रीय हॉकी सितारों को पछाड़कर 32 लाख रुपये में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स की नीलामी में सबसे ज्यादा कीमत पर बिकीं। नीलामी के अंत में, उनकी कुछ उल्लेखनीय साथी नीदरलैंड की ट्रिपल ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता ईवा रोमा मारिया ड्रमंड और भारतीय महिला हॉकी के इतिहास में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली खिलाड़ी वंदना कटारिया थीं। उदिता ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, ह्यहॉकी इंडिया पुरुष हॉकी इंडिया लीग के साथ-साथ महिला हॉकी इंडिया लीग आयोजित करके बाधाओं को तोड़ रहा है और नए मानक स्थापित कर रहा है। यह पहली बार था जब हममें से अधिकांश ने नीलामी के लिए पंजीकरण कराया और पूरी टीम इसका हिस्सा बनने के लिए उत्साहित थी। यह हमारे कौशल को दिखाने और विभिन्न राष्ट्रीयताओं के खिलाड़ियों के साथ खेलकर एथलीट के रूप में विकसित होने का एक अच्छा अवसर होगा। हम सभी लीग को अपना 100 प्रतिशत देने के लिए उत्सुक हैं। मैं हॉकी इंडिया लीग की सबसे बड़ी खरीद बनकर खुश हूं और मैं श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स को मुझ पर अपना विश्वास दिखाने के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं। उन्होंने एक प्रभावशाली टीम बनाई है और मैं मैदान पर उतरने और लीग जीतने का लक्ष्य रखने के लिए और इंतजार नहीं कर सकती। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान और दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता हरमनप्रीत सिंह के लिए सभी आठ पुरुष टीमों ने कड़ी बोली लगाई। सूरमा हॉकी क्लब ने आखिरकार बाजी मार ली और नीलामी में कुल 4 करोड़ की राशि में से 78 लाख की बड़ी राशि खर्च की। हरियाणा-पंजाब स्थित इस टीम ने ओलंपिक कांस्य पदक विजेता विवेक सागर प्रसाद और गुरजंत सिंह तथा अन्य बड़े नामों को अपने साथ जोड़कर एक मजबूत टीम बनाई है। हरमनप्रीत सिंह ने कहा, मैं बहुत खुश हूं कि हॉकी इंडिया लीग वापस आ गई है और वह भी शानदार अंदाज में। जब नीलामी के दौरान मेरा नाम आया तो मैं अपनी सीट के किनारे पर बैठा हुआ था और मन ही मन सरदार सिंह से उम्मीद कर रहा था कि वे मेरे लिए बोली लगाएं और मैं हरियाणा-पंजाब क्षेत्र के लिए खेलूं। जब सूरमा हॉकी क्लब ने आखिरकार मुझे नीलामी में शामिल किया तो मुझे बहुत राहत मिली और मैं इससे ज्यादा खुश नहीं हो सकता था।



हरमनप्रीत-उदिता नीलामी में बने सबसे महंगे खिलाड़ी

### एशेज 2024-25 के पहले टेस्ट की मेजबानी करेगा पर्थ

**मेलबर्न :** पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया का पर्थ स्टेडियम एशेज 2025-26 के पहले टेस्ट की मेजबानी करेगा। चार दशक से भी अधिक समय में यह पहली बार है जब ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी में खेले जाने वाले एशेज की शुरूआत गाबा के अलावा किसी अन्य मैदान पर होगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। पर्थ स्टेडियम ऑस्ट्रेलिया में एशेज मैच की मेजबानी करने वाला आठवां स्थल बन जाएगा। पहला टेस्ट 21 नवंबर से शुरू होने वाला है। पर्थ में होने वाले इस मैच के बाद, ब्रिस्बेन के गाबा में 4 दिसंबर से दिन-रात्रि टेस्ट खेला जाएगा होगा। गाबा में दूसरा टेस्ट ब्रिस्बेन का तीसरा दिन-रात्रि पुरुष टेस्ट होगा, इससे पहले पाकिस्तान (2016) और श्रीलंका (2019) की मेजबानी की जा चुकी है।

## एक झलक

### राष्ट्रपति मुर्मू मॉरिटानिया की यात्रा पर

**अल्जीयर्स** : भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का 13 से 19 अक्टूबर तक तीन अफ्रीकी देशों अल्जीरिया, मॉरिटानिया और मलावी की राजकीय यात्रा का पहला चरण मंगलवार को पूरा हो गया। वह तीन तक अल्जीरिया में रुकीं। उनकी यात्रा का दूसरा चरण आज मॉरिटानिया से शुरू होगा। यह यात्रा ऐसे महत्वपूर्ण समय पर हो रही है जब मॉरिटानिया अफ्रीकी संघ की अध्यक्षता संभाल रहा है। यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मुर्मु मॉरिटानिया के राष्ट्रपति मोहम्मद औलद शेख अल गजौनी से बातचीत करेंगी। मॉरिटानिया के प्रधानमंत्री और विदेशमंत्री के भी राष्ट्रपति मुर्मु से मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा राष्ट्रपति मुर्मु भारतीय समुदाय के सदस्यों से भी बातचीत करेंगी। यह यात्रा भारत-मॉरिटानिया द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ावा देगी।

### ईंधन से भरे टैंकर में विस्फोट, 90 की मौत

**अबुजा** : नाइजीरिया में ईंधन टैंकर में विस्फोट होने से कम से कम 90 लोगों की जान चली गई। यह वाकया मंगलवार रात उत्तर-पश्चिम नाइजीरिया के जिगावा राज्य में हुआ। जिगावा पुलिस के प्रवक्ता शिइसू एडम ने बुधवार को कहा कि यह दुर्घटना जिगावा राज्य के तौरा स्थानीय सरकारी क्षेत्र के माजिया टाउन में हुई। अधिकांश पीड़ित दुर्घटनास्थल को घेरने के बाद हुए विस्फोट में मारे गए। एडम ने कहा कि विस्फोट में 50 अन्य लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि रात करीब 11:30 बजे माजिया टाउन में खदीजा विश्वविद्यालय के पास टैंकर चालक ने नियंत्रण खो दिया और उसमें विस्फोट हो गया।

### अमेरिका ने गाजा पर इजराइल को चेताया

**वाशिंगटन** : अमेरिका ने इजराइल को पत्र भेजकर गाजा पर सैन्य सहायता में कटौती की चेतावनी दी है। पत्र में चेताया गया है कि अगर उसने आगामी 30 दिन के भीतर गाजा में मानवीय आपूर्ति का प्रवाह नहीं बढ़ाया तो वह सैन्य सहायता खो सकता है। इस बीच इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने मंगलवार को बयान जारी किया है। इसमें कहा गया है कि इजराइल संयुक्त राज्य अमेरिका की राय की अनदेखी नहीं करता पर अंतिम निर्णय अपने राष्ट्रीय हितों के आधार पर लेता है। यह पत्र रविवार को इजराइल के रक्षामंत्री योव गैलेंट और रणनीतिक मामलों के मंत्री रॉन डर्मर को भेजा गया है।

### भूकंप के भयानक झटकों से दहला तुर्की

**अंकारा** : भूकंप के भयानक झटकों से तुर्की बुधवार को हिल गया है। बताया जा रहा है कि बुधवार को पूर्वी तुर्किये में भूकंप का तेज झटका महसूस किया गया। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 5.9 आंकी गई है। भूकंप के झटके लगने से लोगों में दहशत फैल गई। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप से किसी तरह के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं है। सरकारी आपदा एवं आपातकालीन प्रबंधन प्रेसीडेंसी के अनुसार, 5.9 तीव्रता का भूकंप मालाट्या प्रांत के काले शहर में आया।

### पाकिस्तान में छात्रा से दुष्कर्म, पूरे पंजाब में आक्रोश

**लाहौर** : एक तरफ जहां पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में एससीओ समिट के लिए तमाम देशों के नेता मौजूद हैं तो वहीं दूसरी तरफ लाहौर में छात्र सड़कों पर उतर आए हैं। छात्र लाहौर के एक कॉलेज में छात्रा से कथित दुष्कर्म की घटना का विरोध कर रहे हैं। छात्रों ने पंजाब प्रांत की नेशनल असेंबली के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया। हाल ही में छात्राओं के खिलाफ हुई हिंसा की जांच के लिए समिति के गठन की मांग की है। छात्रों का कहना है कि समिति में स्वतंत्र मानवाधिकार निकायों के सदस्य, छात्र प्रतिनिधि और न्यायाधीश शामिल हों।

# उमर ने ली जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ

एजेंसी


**श्रीनगर** : नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के पहले मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एसकेआईसीसी) में उन्हें और उनके चुने हुए सदस्यों को पद की शपथ दिलाई। वरिष्ठ एनसी नेता सुरिंदर चौधरी ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है।गठबंधन करके चुनाव में उतरी कांग्रेस ने सरकार में न शामिल होने का फैसला लिया है, इसलिए कांग्रेस के किसी भी विधायक को शपथ नहीं दिलाई गई है।

केंद्र सरकार की ओर से 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद उमर अब्दुल्ला का मुख्यमंत्री के रूप में पहला कार्यकाल होगा। मुख्यमंत्री के तौर पर उमर अब्दुल्ला के अलावा नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता सकीना इट्टू, जावेद राणा, जावेद अहमद डार और सतीश शर्मा ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। सुरिंदर चौधरी ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

इस अवसर पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा, जेकेएनसी प्रमुख फारूक अब्दुल्ला, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती, राज्यसभा सदस्य संजय सिंह, सीपीआई नेता डी राजा सहित इंडिया गठबंधन के अन्य नेता भी मौजूद रहे।

जम्मू-कश्मीर के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सुरिंदर कुमार चौधरी ने कहा कि इतना बड़ा पद देने के लिए फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला को धन्यवाद देने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। मुझे उपमुख्यमंत्री बनाने के अपने फैसले से उमर अब्दुल्ला ने साबित कर दिया है कि जम्मू भी कश्मीर जितना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि संसद में गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा। आज जब हमें यहां की जनता ने चुना है, तो हमें उम्मीद है कि जल्द ही राज्य का दर्जा बहाल किया जायेगा। प्राथमिकता के तौर पर पिछले 10 वर्षों में आई बेरोजगारी, बिजली, पानी, अस्पताल, स्कूल और पर्यटन के मुद्दों को हल करना होगा। हम दरबार मूव को फिर से शुरू करने के लिए भी काम करेंगे।

जम्मू-कश्मीर के पूर्व उपमुख्यमंत्री कविंदर गुप्ता ने जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश की पहली सरकार को बधाई देते हुए कहा कि मुझे उम्मीद है कि वे जम्मू-कश्मीर की बेहतरी के लिए काम करेंगे।




### लंबे समय के बाद स्थापित हुआ लोकतंत्र : खरगे

**उमर** अब्दुल्ला के जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हमें खुशी है कि हमारा गठबंधन सहयोगी सीएम बना और लंबे समय के बाद यहां लोकतंत्र स्थापित हुआ है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि यहां राज्य का दर्जा बहाल हो। जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख तारिक हमीद कर्रा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी फिलहाल जम्मू-कश्मीर सरकार में मंत्रालय में शामिल नहीं हो रही है। कांग्रेस ने केंद्र से जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने की जोरदार मांग की है। प्रधानमंत्री ने भी कई बार सार्वजनिक बैठकों में इसका वादा किया है लेकिन जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल नहीं किया गया है। हम नाखुश हैं, इसलिए फिलहाल हम मंत्रालय में शामिल नहीं हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए लड़ाई जारी रखेगी।

# कर्नाटक के एसटी फंड घोटाले पर भाजपा हमलावर, सिद्धारमैया से मांगा इस्तीफा

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भारतीय जनता पार्टी ने कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड फंड घोटाला सामने आने पर राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस पर हमला बोला है। भाजपा ने आरोप लगाया कि अनुसूचित जाति और जनजाति के कल्याण के लिए उनपर खर्च किया जाने वाला फंड राजनीतिक लाभ लने के लिए खर्च किया गया। इसलिए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को इस्तीफा देना चाहिए।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोप लगाया कि कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम के फंड को बेल्लारी लोकसभा चुनाव में खर्च किया गया। इस फंड से लगभग 60 लाख से अधिक लोगों को वोट देने के लिए 200-200 रुपये बांटे गए।



महर्षी वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम के खाते से 187 करोड़ रुपये के फंड को राजनीतिक लाभ लेने के लिए खर्च किया गया। उन्होंने कहा कि इस फंड से गाड़ी खरीदी गई, हवाई टिकट बुक किए गए, निजी कर्मचारियों को सैलरी दी गई, घूमने पर खर्च किया गया।। इस प्रकार मुख्यमंत्री को बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। सिद्धारमैया का विधानसभा सदन के पटल पर खड़े हो कर यह स्वीकारना कि घोटाला हुआ है, यह शमर्नाक है। उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए।

भाजपा प्रवक्ता पात्रा ने कहा कि कर्नाटक में पहले मूडा घोटाला हुआ और अब 88.62 करोड़ रुपये कथित तौर पर ह्यमशहूरह्ण आईटी कंपनियों और हैदराबाद के एक सहकारी बैंक समेत कई खातों में अवैध तरीके से ट्रांसफर किए गए। इस घोटाले में आरोप लगने के बाद अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री बी. नागेंद्र ने 6 जून को इस्तीफा दे दिया था। वो फिलहाल प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में हैं। उनके घर से 16 किलो सोना और ढाई करोड़ रुपये बरामद हो चुके हैं। कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड का संचालन कर्नाटक सरकार करती है। यहां के चंद्रशेखरन पी नाम के एक अधिकारी ने 26 मई को आत्महत्या कर ली थी और सुसाइड नोट में गलत ढंग से मनी ट्रांसफर का जिक्र किया था, जिसके बाद इस घोटाले का जिक्र हुआ।

### छत्तीसगढ़ के ग्राउंड वॉटर में मिला यूरेनियम

**रायपुर** : एक रिसर्च में छत्तीसगढ़ के कई जिलों में ग्राउंड वाटर में जहरीले यूरेनियम की खतरनाक मात्रा का खुलासा हुआ है। दुर्ग, राजनांदगांव, कांकेर, बेमेतरा, बालोद और कवर्धा के कई गांवों के पानी में यूरेनियम की मात्रा तय मानक से तीन गुना ज्यादा पाई गई है। भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) के रसायनशास्त्र विभाग की इस रिसर्च में पाया कि पानी में यूरेनियम की मात्रा 30 पीपीबी से ज्यादा नहीं होनी चाहिए, लेकिन इन इलाकों के पानी में यह मात्रा 86 से 105 पीपीबी पाई है। इससे अगले कुछ सालों में कैंसर, किड़नी और त्वचा संबंधी गंभीर बीमारियों का खतरा पैदा हो सकता है।

### काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान बना देश का दूसरा तितली विविधता केन्द्र

■ 446 प्रजातियां मौजूद

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : असम में स्थित काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान भारत का दूसरा तितली विविधता केंद्र बन गया है। इसमें 446 किस्म की तितलियां पाई गई हैं। अरुणाचल प्रदेश के नामदाफा राष्ट्रीय उद्यान देश का पहला तितली विविधता केंद्र है। वर्ष 2007 से इस क्षेत्र में तितलियों का अध्ययन कर रहे डॉ. मानसून ज्योति गोगोई के मुताबिक काजीरंगा अब नामदाफा राष्ट्रीय उद्यान के बाद भारत के संरक्षित क्षेत्रों में तितली प्रजातियों की विविधता में दूसरे स्थान पर है। हिमालय और पटकाई पर्वत श्रृंखलाओं के बाहर काजीरंगा के स्थान को देखते हुए यह रिकॉर्ड



विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि 27 से 29 सितंबर तक आयोजित पहली 'तितली संरक्षण मीट-2024' ने पूरे भारत से लगभग 40 तितलियों के प्रति उत्साही लोगों को आकर्षित किया।

## नायब सैनी ने हरियाणा में सरकार बनाने का दावा किया पेश



■ आज लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ
■ अमित शाह के साथ नायब सैनी ने राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से की मुलाकात

एजेंसी

**चंडीगढ़** : हरियाणा भाजपा विधायक दल के नेता नायब सैनी ने बुधवार की दोपहर राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से मुलाकात करके सरकार बनाने का दावा पेश किया। राज्यपाल ने नायब सैनी को हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण का निमंत्रण दे दिया है। गृहमंत्री अमित शाह तथा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की मौजूदगी में आज ही नायब सैनी को विधायक दल का नेता चुना गया। गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में नायब सैनी ने राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से मुलाकात करके हरियाणा में सरकार बनाने का दावा पेश किया।

सैनी ने भाजपा के 48 विधायकों तथा तीन निर्दलीय विधायकों के हस्ताक्षरों वाला समर्थन पत्र राज्यपाल को सौंपा। इसके बाद राज्यपाल ने नायब सैनी के दावे को स्वीकार करते हुए गुरुवार को उन्हें शपथ ग्रहण करने का निमंत्रण दिया। अब राज्यपाल को उन विधायकों के नाम की सूची भेजी जाएगी, जिन्हें कैबिनेट तथा राज्य मंत्री बनाया जाना है।

### राम मंदिर का दर्शन करने पहुंचे इजराइली राजदूत

**अयोध्या** : भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार बुधवार सुबह अपनी पत्नी के साथ अयोध्या में राम मंदिर पहुंचे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अजार मंगलवार देर शाम ही अयोध्या पहुंच गए थे और बुधवार सुबह राम मंदिर का दौरा करने के बाद पड़ोसी जिले बस्ती में एक कार्यक्रम के लिए रवाना हो गए। मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अजार के साथ मुलाकात की थी जिसमें उत्तर प्रदेश और इजराइल के बीच 'गहरे संबंधों' पर चर्चा की गई। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर मुख्यमंत्री ने कहा, 'भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार के साथ एक अत्यंत उपयोगी और सार्थक चर्चा हुई।

## रकुल प्रीत को वर्कआउट करते समय लगी गंभीर चोट



**मुम्बई** : जिम में वर्कआउट करते वक्त एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह को पीठ में गंभीर चोट लगी है। वर्कआउट सेशन में रकुल 80 किलो डेडलिफ्ट करने की कोशिश कर रही थीं। रकुल प्रीत एक फिटनेस फ्रीक हैं और हमेशा सोशल मीडिया पर अपने प्रशंसकों के साथ अपनी जिम और योग की तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं।गंभीर रूप से घायल रकुल प्रीत की हेल्थ अपडेट सामने आई है। एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह साउथ सिनेमा के साथ-साथ बॉलीवुड इंडस्ट्री में भी अपनी पहचान बना चुकी हैं। रकुल प्रीत अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी हमेशा सुर्खियों में रहती हैं।

हालांकि, खबर है कि वर्कआउट के दौरान रकुल प्रीत घायल हो गईं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'रकुल पिछले कुछ दिनों से बेड रेस्ट पर हैं और हालत बेहद खराब हो गई है। घटना 5 अक्टूबर की सुबह की है, जब रकुल अपना वर्कआउट कर रही थीं। उन्होंने बिना बेल्ट पहने 80 किलो वजन उठाया। उनकी पीठ में तेज दर्द होने लगा।' अभिनेत्री ने ऐसा करना जारी रखा, जिससे चोट और बढ़ गई। डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है।

रकुल प्रीत अजय देवगन के साथ 'दे दे प्यार दे 2' में नजर आएंगी। इस फिल्म की शूटिंग फिलहाल चल रही है। वो पेन किलर लेकर अपनी अपकमिंग फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' की शूटिंग कर रही हैं। उन्हें हर तीन से चार घंटे में दर्द होता था, तीन दिन के दर्द के बाद वह फिजियोथेरेपिस्ट के पास गईं। चोट की वजह से रकुल की L4, L5 और S1 नसें ब्लॉक हो गई हैं।

### बहराइच हिंसा में क्षेत्राधिकारी रुपेंद्र गौड़ हटाये गये, रवी खोखर को मिला चार्ज

■ चार दिन से इंटरनेट सेवा निलंबित, करोड़ों का व्यापार प्रभावित
■ आज आधी रात से बहाल होगी इंटरनेट सेवा

एजेंसी

**बहराइच** : उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में हालात अब धीरे-धीरे सामान्य होने लगे हैं। शासन ने इस मामले में अपने स्तर से कार्रवाई तेज कर दी है। इसी कड़ी में महसी पुलिस क्षेत्राधिकारी रूपेंद्र गौड़ को हटा दिया गया है। उनकी जगह पर रामपुर के सीओ रवी खोखर को चार्ज सौंपा गया है। इससे पहले चौकी इंचार्ज महसी और एसओ हरदी को निलंबित किया गया था। पता चला है कि सीओ महसी रूपेंद्र गौड़ के भी निलंबन की तैयारी चल रही है।

महाराजगंज में रविवार को देवी प्रतिमा विसर्जन के दौरान भड़की संप्रदायिक हिंसा के मामले में पुलिस अब उपद्रवियों को चिह्नित करने में जुटी हुई है। इस हिंसा से जुड़े अब तक 52 उपद्रवियों को जेल भेजा गया है। प्रभावित क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से वरिष्ठ अधिकारी दो शिफ्टों में चौबीस घंटे पल-पल की निगरानी कर रहे हैं।

### न्यू ड्रग्स एंड क्लिनिकल ट्रायल नियम ने वैज्ञानिक और नैतिक अनुसंधान को दिया बढ़ावा : अनुप्रिया




एजेंसी

**नयी दिल्ली** : केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने बुधवार को कहा कि भारत ने एक उचित नियामक प्रक्रिया के माध्यम से महामारी के दौरान उपयोग के लिए 8 टीकों को लाइसेंस दिया। यह सभी टीके दुनिया में उपलब्ध अन्य टीकों की तुलना में बहुत कम कीमत पर उपलब्ध थे। नई दिल्ली में आयोजित औषधि नियामक प्राधिकरण के 19वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए अनुप्रिया पटेल ने कहा कि न्यू ड्रग्स एंड क्लिनिकल ट्रायल नियम 2019 और मेडिकल डिवाइस नियम 2017 के रूप में क्लिनिकल परीक्षण के क्षेत्रों में प्रकाशित नए नियमों ने वैश्विक अपेक्षा और अंतरराष्ट्रीय प्रथाओं के अनुरूप वैज्ञानिक एवं नैतिक अनुसंधान को बढ़ावा दिया है।

केंद्रीय राज्यमंत्री पटेल ने कहा कि चिकित्सा उपकरण नियमों में जोखिम आधारित वर्गीकरण, पंजीकरण के माध्यम से सभी उपकरणों को विनियमन के तहत लाना और नियामक मार्ग तैयार करना शामिल है। हम चिकित्सा उपकरणों और निदान के क्षेत्र में नियामक आवश्यकताओं को सुसंगत बनाने के लिए आईएमडीआरएफ, आईएसओ, डब्ल्यूएचओ और एसईएआरएन जैसे क्षेत्रीय नेटवर्क जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ विश्व स्तर पर सहयोग कर रहे हैं।

### तमिलनाडु के कई हिस्सों में भारी बारिश से प्रभावित जनजीवन और यातायात

एजेंसी

**चेन्नई** : तमिलनाडु के कई हिस्सों में अत्यधिक भारी बारिश होने से सड़कों और आवासीय कॉलोनियों में पानी भर गया । चेन्नई और उसके आस-पास के इलाकों को बुधवार को खराब मौसम का सामना करना पड़ा । चेन्नई के कई इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया है जिसके चलते यातायात काफी प्रभावित हो रहा है । चार उत्तरी जिलों, जिनमें तिरुवल्लूर, चेन्नई, कांचीपुरम और चेंगलपेट में स्कूलों और कॉलेजों के लिए छुट्टी की घोषणा की है । राज्य में भारी बारिश होने के कारण यह निर्णय लिया गया है । मौसम विभाग ने राज्य में अगले दो दिनों में और बारिश होने के आसार जताए हैं। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने एक्स पर जानकारी देते हुए कहा कि ३यह पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और 17 अक्टूबर की सुबह चेन्नई के पास पुडुचेरी और नेल्लोर के बीच उत्तर तमिलनाडु-दक्षिण आंध्र प्रदेश के तटों को एक दबाव क्षेत्र के रूप में पार करने की संभावना है।' उन्होंने आगे कहा , बुधवार को राज्य के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है, साथ ही कुछ अलग-अलग स्थानों पर अत्यधिक वर्षा होने की संभावना है।

# देश की समुद्री विरासत को ऊंचाई देगा लोथल में निर्माणाधीन मैरीटाइम हेरिटेज कॉम्प्लेक्स

एजेंसी

**अहमदाबाद** : गुजरात की प्राचीन विरासत का एक महत्वपूर्ण स्थल लोथल एक बड़े परिवर्तन का साक्षी बनने जा रहा है। केंद्र सरकार ने हाल में गुजरात के लोथल में नेशनल मैरीटाइम हेरिटेज कॉम्प्लेक्स (एनएमएचसी) के विकास को स्वीकृति दी थी। बंदरगाह, जहाजरानी तथा जल मार्ग मंत्रालय द्वारा संचालित इस पहल का उद्देश्य भारत की 4,500 वर्ष पुरानी समुद्री विरासत को सहेजना और लोगों को इस पुरानी सभ्यता से परिचित कराना है। एनएमएचसी का चरण 1ए के तहत अभी काम प्रगति पर है। इसका करीब 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण हुआ है।

नेशनल मैरीटाइम हेरिटेज कॉम्प्लेक्स यानी राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर का शिलान्यास मार्च-2019 में किया गया था, जो विश्व का सबसे बड़ा मैरीटाइम कॉम्प्लेक्स बनने जा रहा है। यह समग्र परियोजना दो चरणों में पूर्ण की जाएगी। प्रत्येक चरण को आगंतुकों के अनुभव एवं शैक्षणिक प्रभाव को बढ़ाने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। लोथल में नेशनल मैरीटाइम हेरिटेज कॉम्प्लेक्स भारत की समुद्री विरासत को सम्मानित एवं संरक्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। एनएमएचसी का चरण 1ए के तहत अभी काम प्रगति पर है। इसका करीब 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण हुआ है।

प्रोजेक्ट से जुड़े आधिकारिक सूत्र के अनुसार इस चरण के अंतर्गत एनएमएचसी म्यूजियम का निर्माण किया जाएगा, जिसमें 6 दीघाएं शामिल की जाएंगी। यह संग्रहालय भारतीय नौसेना (नेवी) तथा तट रक्षकों (कोस्ट गार्ड्स) को समर्पित किया जाएगा। यह देश में सबसे बड़ा म्यूजियम होगा। इन दीघाओं में नौसेना के आईएनएस निशांक, सी हेरियर एयरक्राफ्ट तथा यूएच3 हेलीकॉप्टर जैसे युद्धपोत प्रदर्शित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त; चरण 1ए में प्राचीन लोथल टाउनशिप का मॉडल, एक ओपन एक्वेटिक (जलचर) गैलरी तथा जेटी वॉकवे का समावेश किया जाएगा। 1,238 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत के साथ इस चरण के तहत आने वाले कार्य वर्ष 2025 में पूर्ण करने की अवधि



निर्धारित की गयी है। इसके लिए मुख्य बंदरगाहों, रक्षा मंत्रालय तथा संस्कृति मंत्रालय के योगदान से फंड प्रदान किया गया है। चरण 1बी में एनएमएचसी म्यूजियम में और 8 दीघाएं तथा एक प्रकाशस्तंभ संग्रहालय भी बनाया जाएगा। लाइटहाउस म्यूजियम को विश्व का सबसे ऊँचा म्यूजियम बनाने की योजना है। इसमें एक उद्यान परिसर शामिल होगा, जिसमें लगभग 1,500 वाहनों के लिए पार्किंग, एक फूड हॉल तथा मेडिकल सेंटर होंगे। इस लाइटहाउस म्यूजियम का अनुमानित खर्च 266.11 करोड़ रुपये है, जिसके लिए प्रकाशस्तंभ एवं प्रकाशपोत महानिदेशालय द्वारा कोष प्रदान किया जाएगा। एनएमएचसी के द्वितीय चरण में तटवर्ती राज्यों तथा केन्द्रशासित प्रदेशों द्वारा विशेष पैवेलियन बनाया जाएगा। इनमें समुद्री थीम पर बनाए गए इको-फ्रेंड्ली रिजोर्ट तथा ह्यम्यूज्योटेलह्ण बनाए जाएंगे, जो म्यूजियम एवं होटल को जोड़ेंगे। आगंतुक-पर्यटक लोथल के प्राचीन शहर की झलक प्राप्त कर सकेंगे। चार थीम पार्क के साथ मैरीटाइम इंस्टीट्यूट तथा हॉस्टल बनाया जाएगा। चार थीम पार्क में मैरीटाइम एण्ड नेवल, क्लाइमेट चेंज, मॉन्यूमेंट्स तथा एडवेंचर एंड अम्यूजमेंट पार्क शामिल हैं। ये सभी थीम पार्क लोगों को समुद्री विरासत के विषय में विस्तार से अवगत कराएंगे। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने एक रणनीतिक योजना बना कर एनएमएचसी प्रोजेक्ट के आगामी चरणों के कार्यों को स्वीकृति दी है। इन चरणों को स्वैच्छिक दान द्वारा कोष प्रदान किया जाएगा तथा उनकी प्रगति पर्याप्त धन एकत्र करने पर निर्भर रहेगी।